नई दिल्ली
गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 189
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 31
न्यून. 22

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com









inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बीसीसीआई नकवी की शिकायत करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ मोहसिन नकवी के हाथों



ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी ट्रॉफी लेकर चले गए थे। बीसीसीआई ने नकवी की शिकायत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से करने का फैसला किया है। बोर्ड मीटिंग 4 से 7 नवंबर तक दुबई में होने वाली है, जहां बीसीसीआई मामले को उठाएगा।

### इसरो वैज्ञानिक डॉ. चिटनिस का निधन

**पुणे।** भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एकनाथ वसंत चिटनिस का बुधवार को



उनके आवास पर निधन हो गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। सुबह ही उन्हें हृदयाघात हुआ। डॉ. चिटनिस ने मंगलवार को ही अपना 100वां जन्मदिन मनाया था।

### ट्रंप की दीवाली शुभकामनाओं के लिए पीएम मोदी ने दिया धन्यवाद, जताई उम्मीद

# प्रकाश पर्व पर भारत और यूएस आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ से उत्पन्न चुनौती और दुनिया में कई जगहों पर जारी संघर्षों के बीच एक बार फिर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन कॉल पर बातचीत हुई है। मौका भारत के सबसे बड़े त्योहार दीवाली का था और उसे लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति ने मंगलवार को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जिसके जवाब में पीएम मोदी ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद कहा। बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप आपके फोन कॉल और दीवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रकाश के इस ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सूत्रों ने बताया दोनों नेताओं की बातचीत में पाकिस्तान का कोई उल्लेख नहीं किया गया, ट्रंप ने इसे लेकर किया था दावा**



### रूसी तेल खरीद-संघर्षविराम पर ट्रंप का जोर

*बीते 21 अक्टूबर की रात में व्हाइट हाउस में आयोजित किए गए दीवाली के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति ने सबसे पहले भारत की आम-जनता और भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों को बधाई दी और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महान नेता और अपना अच्छा दोस्त बताते हुए अपने दो पुराने दावों को दोहराया। जिसमें एक में उन्होंने कहा कि भारत, रूस से कच्चे तेल की खरीद नहीं करेगा। जबकि दूसरे में अपनी व्यापार केंद्रित कूटनीति को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को खत्म करने का बड़ा कारण (संघर्षविराम) बताया। ट्रंप के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और ये भारत के नेता हैं जो चाहते हैं कि रूस* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विश्व व्यापार के मुद्दे पर केंद्रित रही वार्ता

*अमेरिका के राष्ट्रपति ने कार्यक्रम में भारतीयों से कहा कि अभी-अभी मैंने आपके प्रधानमंत्री से बात की है। हमारे बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई है। जिसमें व्यापार के मसले के अलावा कई अन्य चीजों पर भी चर्चा की गई है। लेकिन इसमें से भी ज्यादातर वैश्विक व्यापार पर केंद्रित थी। वो (मोदी) भी इसमें गहरी रुचि रख रहे थे। पीएम मोदी को एक अच्छा इंसान बताते हुए ट्रंप ने ये भी कहा कि बीते कुछ सालों से वह मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं। भारत-पाकिस्तान संबंध भी हमारी बातचीत का हिस्सा बनें। जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि पाकिस्तान के साथ अब कोई युद्ध नहीं होगा। सच्चाई ये थी कि व्यापार हमारी बातचीत में शामिल था और मैं उस पर संवाद करने में सक्षम था। मैंने कहा, अब पाकिस्तान और भारत के बीच कोई युद्ध नहीं होगा। यही सबसे अच्छी बात है।*

### दोनों मुद्दों पर साफ है भारत का रुख

*बताते चलें कि अमेरिका के राष्ट्रपति दर्जनों बार ये दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान समेत दुनियाभर में जारी करीब आठ सैन्य संघर्षों को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। बीते कुछ वक्त से इसमें एक नया वाक्य भारत रूस से भारी मात्रा में जारी अपनी तेल खरीद को जल्द रोक देगा शामिल हो गया है। दोनों मामलों को लेकर भारत बहुत पहले ही अमेरिका के साथ ही पूरी दुनिया को अपना पक्ष साफ* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मथुरा रेल हादसे के कारण दिल्ली तक का सफर हुआ मुश्किल, हजारों यात्री परेशान

# ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतरे, वंदे भारत शताब्दी सहित कई ट्रेनें निरस्त...रूट बदले

एजेंसी ▶▶ आगरा
हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मथुरा जिले में एक मालगाड़ी के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा वृंदावन रोड और अजहई स्टेशन के बीच हुआ। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि मालगाड़ी के 10 से 12 वैगन पटरी से उतर गए हैं। यह ट्रेन राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट (खेड़ा, हिसार/बरवाला, हरियाणा) की थी और इसमें कोयला लदा हुआ था। हादसे के बाद रेल ट्रैफिक पर गंभीर असर पड़ा है। चार में से तीन ट्रैक पूरी तरह से ब्लॉक हो गए हैं। दिल्ली से झांसी और मुंबई की दिशा में जाने वाली सभी ट्रेनों की आवाजाही रोक (दिल्ली-आगरा-झांसी रूट ठप) दी गई है। सिर्फ चौथा ट्रैक खुला है, लेकिन उसे अभी निरीक्षण के बाद ही चालू किया ▶▶ शेष पेज 5 पर



### एक साल पहले भी हुआ था हादसा, पलटे थे 25 डिब्बे

*मथुरा के जैत और वृंदावन रोड स्टेशन पर साल 2024 में भी ऐसी ही एक घटना हुई थी। कोयले से लदी हुई एक मालगाड़ी के 25 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस वजह से आगरा-दिल्ली मार्ग पूरी तरह से ठप हो गया था। मार्ग को सुचारु करने में काफी समय लगा था। कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया था। 19 सितंबर 2024 को कोयले से नदी एक मालगाड़ी के करीब 25 डिब्बे जैत-वृंदावन रोड स्टेशन के बीच पलट गए थे। हादसा इतना भीषण था कि डिब्बे एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए। डिब्बे पलटने की वजह से डाउन और अप लाइनों पर कोयले का ढेर लग गया था। हादसे के* ▶▶ शेष पेज 5 पर



## गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

चारधाम में प्रमुख गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार को अन्नकूट पर्व पर विधिवत पूजा अर्चना के साथ अभिजीत मुहूर्त में बंद कर दिए गए। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवासस्थल मुखवा (मुखीमठ) के लिए रवाना हो गई। डोली गुरुवार को मुखवा पहुंचेगी, जहां पर श्रद्धालु आगामी छह माह तक मां गंगा के दर्शन व पूजन कर सकेंगे। बुधवार को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तैयारी सुबह 8:30 पर शुरू हुई। सर्व प्रथम उदय बेला पर मां गंगा के मुकुट को उतारा गया। इस बीच श्रद्धालुओं ने मां गंगा की भोग मूर्ति के दर्शन किए। इसके बाद अमृत बेला, स्वाति नक्षत्र प्रीतियोग शुभ लग्न पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए गए। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने विशेष पूजा व गंगा लहरी का पाठ किया। डोली ▶▶ शेष पेज 5 पर

**राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में दिखेगी स्वदेशी के-9 की शक्ति**

## पीएम मोदी की प्रेरणा से बदली बीएसएफ डॉग-स्क्वाड की संरचना, रिया मुधोल हाउंड बनी देश की 'डॉग ऑफ द मीट'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी नहीं अब देसी ब्रीड के जबांज कुत्तों ने खुद को उम्दा साबित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। "इंडियन डॉग्स" को बेहतर प्रशिक्षण से कैसे विदेशी ब्रीड के डॉग स्क्वाड के समक्ष खड़ा लिया जा सकता है उसकी बानगी राष्ट्रीय एकता



दिवस परेड में दिखेगी। जहाँ स्वदेशी नस्ल के प्रशिक्षित डॉग स्क्वाड के-9 अपना जैहर दिखाने को तैयार हैं। भारतीय नस्ल के डॉग स्क्वाड बीएसएफ में शामिल हो कर राष्ट्र सेवा की अग्रिम पंक्ति में तैनात किए गए हैं। गृह मंत्रालय के आला अधिकारी ने बताया, इस पहल की शुरुआत जनवरी 2018 में हुई, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेकनपुर स्थित राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और भारतीय नस्लों के श्वानों को सुरक्षा बलों में शामिल करने का आह्वान किया। बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर






## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन का जायजा लिया, यात्रियों से की सीधी बात



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छठ महापर्व के अवसर पर बिहार जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के बीच रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव जब ख़ुद घुस कर मौके का मुआयना करने लगे तो अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। रेलमंत्री अचानक नई दिल्ली स्टेशन पहुँच गए। बिहार की तरफ़ जाने वाले यात्रियों का हुजूम था। किसी को कोई परेशानी हुई क्या? ऐसे सहज ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 12 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे


*छठ पूजा के चलते इन दिनों ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। साल भर के इस त्योहार के चलते अपने घर से दूर रहने वाले लोग देश के कोने-कोने से अपने घर आते हैं, जिसके चलते रेलवे स्टेशनों पर भारी संख्या में भीड़ भी देखने को मिलती है। ऐसे में अब रेलवे बोर्ड ने छठ पूजा और त्योहारों के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बड़ी तैयारी की है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने बताया कि रेल मंत्री के निर्देश पर देशभर में 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसमें ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से 367 स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं, जिनमें से अब* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एसआईआर देश भर में कैसे ..शुरू हुई माथापच्ची, चुनाव आयोग का दिवसीय मंथन आज भी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) का सम्मेलन बुधवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल मैनेजमेंट में आरंभ हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने की। उनके साथ निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। आयोग ने इस अवसर पर देशभर में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण अभ्यास की तैयारियों की समीक्षा की। यह सम्मेलन गत 10 सितंबर को आयोजित एसआईआर की तैयारी सम्मेलन की अगली कड़ी है, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, अंतिम एसआईआर की पात्रता तिथि और उस समय की मतदाता सूची का विवरण प्रस्तुत किया था। आयोग ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप



### फरार अपराधी को महिला पुलिसकर्मी ने मिलने के बहाने बुलाकर पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में गोलीबारी के एक मामले में फरार व्यक्ति को पकड़ने के लिए एक महिला पुलिस अधिकारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से उससे दोस्ती की और फिर मिलने का बहाना बनाकर उसे दबोच लिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। दो अप्रैल को प्रदीप नाम के शख्स पर गोली चलाई गईं और उनकी भतीजी पर बंदूक की बट से वार किया गया। राहुल मातड हिंसा में शामिल समूह का हिस्सा था। घटना के बाद वह फरार हो गया और उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, जब राहुल छिपा हुआ था, एक महिला पुलिस अधिकारी ने उसे सोशल मीडिया के जरिये एक अनुरोध भेजा और उसके साथ बातचीत शुरू की। एक महीने से अधिक समय तक संपर्क में रहने के बाद, महिला पुलिसकर्मी ने उससे मिलने के लिए कहा। जब राहुल मिलने के लिये पहुंचा तो उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र का निवासी राहुल एक कुख्यात अपराधी है। उस पर पहले 2019 में हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

### दोस्त के दादा पर गोली चलाने के आरोप में नाबालिग पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के चांदनी महल इलाके में लंबे समय से चल रहे संपत्ति विवाद में 16 साल के एक लड़ने को अपने एक मित्र दादा पर गोली चलाने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार को हुई जब आरोपी नाबालिग और उसके दोस्त समीर मलिक ने मलिक के दादा शाहबुद्दीन (75) पर कथित तौर पर गोली चला दी। एक अधिकारी ने बताया कि ओल्ड जनकपुरी निवासी 16 वर्षीय लड़के को कमला मार्केट में प्रेस क्लब रोड के पास से पकड़ा गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया, ''उसके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए।'' उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह और उसका दोस्त शाहबुद्दीन पर गोली चलाने के बाद भाग गए थे। अधिकारी ने बताया कि सातवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने के बाद आरोपी किशोर बुरी संगत में पड़ गया और उसे शराब तथा धूम्रपान की लत लग गई। उसकी मां चाय का ठेला लगाती है और पिता मजदूर हैं। गोलीबारी के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग आरोपी डाबड़ी में हत्या के प्रयास और अलीपुर में गोलीबारी व वसूली के मामले में भी शामिल रहा है।

### दुर्घटना के समय किसी ने भी नहीं पहना था हेलमेट

# मोटरसाइकिल सड़क पर बने डिवाइडर से टकरायी, तीन युवकों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में मंगलवार देर रात लिबासपुर फ्लाईओवर के समीप जीटी रोड पर एक मोटरसाइकिल के सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा जाने के कारण उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। दुर्घटना की सूचना रात एक बजकर 33 मिनट पर मिली। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और एक क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के पास तीन लोगों को बेहोश पड़ा पाया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) हरेश्वर स्वामी ने बताया कि तीनों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मोटरसाइकिल पर सवार लोग मुरथल से खाना खाकर लौट रहे थे, तभी उनकी तेज रफ़्तार मोटरसाइकिल फ्लाईओवर पर एक डिवाइडर से टकरा गई। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के समय उनमें से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना हुआ था। तीनों को बुराड़ी में एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान सुमित (27), मोहित (26) और अनुराग (23) के रूप में की गयी है। तीनों नांगलोई के रहने वाले थे। उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखा गया है।

पुलिस ने बताया कि तथ्यों और चिकित्सकीय राय के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (तेज़ गति से गाड़ी चलाना) और धारा 106(1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### मर्सिडीज ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर , दो लोग घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में बुधवार को एक मर्सिडीज कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रात करीब 12:34 बजे मेहता चौक ट्रैफिक सिग्नल के पास हुई। मोहम्मद सूफियान (21) और मोहम्मद आजम (22) मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी उनको मर्सिडीज ने टक्कर मार दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया है और उनका इलाज चल रहा है। अधिकारी ने कहा, ‘कार का विवरण प्राप्त कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने तथा जिम्मेदारी तय करने के लिए आगे की जांच जारी है।’ पुलिस ने बताया कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (तेज गति से गाड़ी चलाना) और 125(ए) (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल क्राइम टीम ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

## हत्या के मामले का वांछित आरोपी मुठभेड़ के बाद अरेस्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने द्वारका में बुधवार को मुठभेड़ के बाद एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी ऋतिक उर्फ ‘डांसर', चाकू से हमला कर कुलदीप की हत्या के मामले में वांछित था। अधिकारी ने कहा कि कुलदीप पर 17 अगस्त को उत्तम नगर स्थित उसके घर के पास चाकू से कई वार किए गए और बाद में उसकी मौत हो गई। दो आरोपियों पवन उर्फ ‘पंजाबी' और उसके एक साथी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि ऋतिक फरार था।'' उन्होंने बताया कि हत्या के बाद ऋतिक ने स्थानीय अपराधियों से संपर्क किया और वह मामले के गवाहों को निशाना बनाने की साजिश रच रहा था। अधिकारी ने बताया कि आज एक टीम को सूचना मिली कि ऋतिक द्वारका सेक्टर-तीन में पहुंचेगा। टीम ने जाल बिछाया और जब उसे पकड़ने की कोशिश की गई तो उसने गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया।'' उन्होंने बताया कि उसका उपचार किया जा रहा है।

अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान इंस्पेक्टर सुभाष चंद के बाएं हाथ में भी गोली लगी है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्तौल, दो कारतूस और दो खोल बरामद किए गए हैं।

# राजधानी में ई रिक्शा चालक नियमों की उड़ाते हैं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में सड़कों पर दौड़ते ई रिक्शा किसी यमराज से कम नजर नहीं आते। इनमें बैठी सवारी चाहे लाख कोशिश कर ले लेकिन ई रिक्शा चालक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चलने में ही अपनी शान समझते है। हालात यह है कि दिल्ली की 236 सड़कों पर ई-रिक्शा के पूर्ण रूप से चलने व पार्क करने पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके इन प्रतिबंधित सड़कों पर शासन प्रशासन की मिली भगत से ई रिक्शा दौड़ रहे है। भलस्वा, बुराड़ी-मुकुंदपुर बाहरी रिंग रोड, अंदरूनी रिंग रोड, शांतिवन चौक से हनुमान सेतु तक का हिस्सा, पंखा रोड और नजफगढ़ रोड, कालकाजी मार्ग आनंद पर्वत फ्लाईओवर से चौकी नंबर 2 तक, विकास मार्ग, मदर डेयरी मार्ग, कड़कड़ी मोड़, टोडापुर रोड, पायल सिनेमा सहित अन्य रोड़ शामिल है। इस बारे में दिल्ली परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने पर बताया कि यह सही है कि प्रतिबंधित सड़कों व रोड पर वैध ही नहीं हजारों अवैध ई रिक्शा दिन रात चल रहे है। अधिकारी की माने तो इनको स्थानीय पुलिस व स्थानीय नेताओं का पूरा आर्शीवाद प्राप्त होता है। अगर परिवहन विभाग कार्रवाई भी करता है तो कई बार एक फोन काल पर ई रिक्शा को छोड़ना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि हम खुद इन ई रिक्शा से परेशान है। परिवहन विभाग की शह पर ही प्रतिबंधित रोड पर ई रिक्शा फर्राटे भरते है। सुनीता शर्मा नामक महिला का कहना है कि कई बार तो ई रिक्शा चालक नशे की हालत में होते है जिनसे डर भी लगता है। बदतमीजी करना, अश्लील भाषा का इस्तेमाल करना आम बात हो चुकी है। सुनीता का कहना है कि हालांकि सभी ई रिक्शा चालक ऐसे नहीं होते लेकिन डर तो लगता ही है। आजादपुर चौक से मुकुंदपुर व बुराड़ी चौक तक चलने वाले ई रिक्शा में अधिकांश नशे की हालत में होते है। लेकिन अन्य साधन न होने के चलते मजबूरी में इनमें ही बैठना पड़ता है। बता दें कि वर्ष 2014 में जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में 236 सड़कों पर ई-रिक्शा के चलने और खड़ा करने पर प्रतिबंध है।

## निगम ने विभिन्न हिस्सों से लगभग तीन मीट्रिक टन दीये किए एकत्र :

### पूजा में प्रयोग दीये व पूजन सामग्री संग्रहण के लिए निगम का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने महापौर राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में त्योहारी सीजन के बाद उपयोग किए गए दीये और मूर्तियों/पूजन सामग्री के संग्रहण के लिए एक पर्यावरण अनुकूल पहल शुरू की है। यह पहल व्हाय वेस्ट वेडनेसडे फाउंडेशन के सहयोग से स्वच्छ वाहनिनी जो टीडब्ल्यूईपीएल का एक सीएसआर प्रोजेक्ट है, के माध्यम से चलाई जा रही है। यह पहल विभिन्न आरडब्ल्यूए के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर को एमसीडी ने इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों से लगभग तीन मीट्रिक टन दीपक एकत्र किए हैं। एकत्र किए गए दीपक और मूर्तियों को कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों में वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जा रहा है, ताकि त्योहारी अपशिष्ट का पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल राष्ट्रीय राजधानी में जिम्मेदार और सतत कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने त्योहारी अपशिष्ट को अलग करें और स्वच्छ वाहनिनी की संग्रहण टीमों को सौंपकर इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें।

#### दीये-मूर्तियों के संग्रहण के लिए व्हाट्सएप पर करें अनुरोध

महापौर सिंह ने बताया कि नागरिक अपने दीये और मूर्तियों के संग्रहण के लिए 8002044982 पर व्हाट्सएप संदेश भेजकर पिकअप अनुरोध कर सकते हैं। एमसीडी स्वच्छ और हरित दिल्ली के लिए जनभागीदारी और सामुदायिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**एलएचबी कोचों की मिनी पेंट्री और पेंट्री उपकरणों का नवीनीकरण**

ई-निविदा सूचना सं. EL/1/DB/W/1/Pantry/2025-26/86 (RT); दिनांक:17-10-2025। निम्नलिखित कार्यो के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं. EL/1/DB/W/1/Pantry/2025-26/86; कार्य का नाम: डीबीडब्ल्यूएस में - एक वर्ष की अवधि के लिए एलएचबी कोचों की मिनी पेंट्री और पेंट्री उपकरणों का नवीनीकरण। विज्ञापित निविदा मूल्य: ₹5,09,02,556.80 जीएसटी सहित; बिड सिक्यूरिटी: ₹4,04,500.00। ई-निविदाएं 11-11-2025 को 15:00 बजे बंद होंगी और 11-11-2025 को 15:30 बजे खुलेंगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 11-11-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/ मेकेनिकल वर्कशॉप/ डिब्रुगढ़

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### डीडीए ने लंबित पड़े हाउंसिग कन्वर्जन मामलों को निपटाने के लिए शुरू किया साप्ताहिक कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) फ्लैटों के सालों से लंबित पड़े है हाउंसिग कन्वर्जन मामलों को हल करने के लिए नई पहल की है। डीडीए ने घोषणा की है कि ऐसे मामले निपटाने के लिए उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए साप्ताहिक कैंप लगाए जाएगें। आज गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 से होने जा रही है। यह कैंप डीडीए मुख्यालय आईएनए स्थित विकास सदन के भूतल बोली भवन में लगगें। संबंधित उपभोक्ता इस कैंप में प्रत्येक गुरुवार दोपहर 2:30-4:30 बजे तक पहुंच सकता है। कैंप में कोशिश रहेगी कि उपभोक्ताओं की समस्या का हल सही व कम समय में किया जा सके। कैंप में ऐसे लंबित हाउंसिग कन्वर्जन (आवास रूपांतरण) मामले के निपटान का तुरंत समाधान पाने के लिए आवास शाखा और लेखा टीम से सहायता प्राप्त कर सकते है। कैंप में सीधी बातचीत, तुरंत प्रश्नों का समाधान और दस्तावेज़ीकरण सहित अन्य उचित कार्य किए जाएगे।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह उपराज्यपाल सक्सेना ने दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बुधवार को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अमित शाह के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने लिखा कि आपका राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की आपकी निरंतर प्रतिबद्धता सबके के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। आपके दृढ़ निश्चय, संगठन कौशल और राष्ट्रहित में लिए गए निर्णयों ने भारत को अधिक सुरक्षित, सशक्त और संगठित बनाया है। एलजी ने कामना करते हुए लिखा कि ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सतत सफलता प्रदान करे।

### सड़क दुर्घटना में मारे गए खिलाड़ी के माता-पिता को 38.64 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश

**एजेंसी:नई दिल्ली।** दिल्ली के एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने राष्ट्रीय स्तर के एक हैंडबॉल खिलाड़ी के माता-पिता को 38.64 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है, जिनकी 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पीठासीन अधिकारी अरुल वर्मा मृतक खिलाड़ी अमर यादव के माता-पिता की दावा याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिनकी चार दिसंबर, 2018 को एक ट्रैक्टर और उनकी कार में टक्कर के दौरान मौत हो गई थी। न्यायाधिकरण ने 10 अक्टूबर के एक आदेश में कहा कि दुर्घटना में शामिल वाहन (ट्रैक्टर) का चालक लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोपों को नकारने या खंडन करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं कर सका। उसने कहा कि इससे यह साबित हो गया है कि दुर्घटना लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई। यादव की मां द्वारा दाखिल हलफनामे पर ध्यान देते हुए, न्यायाधिकरण ने कहा कि यादव राष्ट्रीय स्तर के हैंडबॉल खिलाड़ी थे और उन्होंने कई चैंपियनशिप जीती थीं। न्यायाधिकरण ने कहा कि मृतक का खेल के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य था, अगर दुर्घटना के कारण उसकी मृत्यु नहीं हुई होती।'' इसके बाद न्यायाधिकरण ने विभिन्न मदों के तहत 38.64 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | ओएचई/केकेडीई, ओएचई/पीएनपी और ओएचई/एनयूआर के अधिकार क्षेत्र में टीआरडी परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में विविध कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 84,63,877.23/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 1,69,300/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 03.11.2025 (10:30 बजे) से 17.11.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 17.11.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 25-क.वि.–नई दिल्ली–2025–26 दिनांक : 21.10.2025 3267/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

#### हड़ताल के दौरान दो की हुई मौत

# एमटीएस कर्मियों की हड़ताल 24वें दिन भी रही जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जन स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को 24वें दिन भी जारी रही। इस दौरान एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने आरोप लगाते हुए बताया कि अपनी मांगों को लेकर हड़ताल के दौरान दो एमटीएस -डीबीसी कर्मियों की इस परेशानी के चलते मौत भी हो चुकी है। यूनियन में महासचिव देवानंद शर्मा ने निगम शासन - प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि 6 अक्टूबर को नरेश कुमार और करीब दो दिन पहले लिंकन कुमार की फेफड़ों में संक्रमण के चलते मौत हो चुकी है। यूनियन ने आरोप लगाते हुए कहा है कि निगम अधिकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह को गलत आंकड़े भेज रहे हैं, जिससे कर्मियों की वास्तविक संख्या और स्थिति छिपाई जा रही है। कर्मियों का कहना है कि जब तक सच्चाई सामने नहीं लाई जाएगी, तब तक समाधान संभव नहीं। सरकार को चाहिए कि वह कर्मियों से सीधे संवाद करे, ताकि जमीनी हकीकत सामने आए।

#### श्रमिक न्यायालय में भी गैर जिम्मेदाराना रवैया

यूनियन ने बताया कि बुधवार को द्वारका श्रमिक न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मियों की समस्याओं को लेकर "गैर गंभीर जवाब" दिए, जिसे कर्मियों ने पूरी तरह अस्वीकार किया है। यूनियन ने कहा कि यह रवैया न केवल कर्मियों का अपमान है, बल्कि न्याय की प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ है।

#### पुलिस भेजकर हड़ताल को खत्म करना चाहती है भाजपा : अंकुश

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए। एक तरफ उनकी मांगें पूरी नहीं कीं, अब भाजपा पुलिस भेजकर शांतिपूर्ण चल रहे धरने को खत्म करने का दबाव बना रही हैं, पुलिस कर्मियों पर धरना खत्म न करने पर एफ़आईआर तक करने की धमकी दे रही है।

## लूटपाट मामले में नाबालिग समेत तीन किए गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हथियार के बल पर डकैती का एक मामला सुलझाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में एक किशोर को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए लूटपाट की थी और उन्होंने एक वेब सीरीज से कथित तौर पर प्रेरित होकर इस अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित मनोहर लाल द्वारा 12 अक्टूबर को की गई शिकायत के आधार पर आरोपी फैजान (20), अरमान मलिक (20) और 16 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया। उसने बताया कि पीड़ित उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में अशोक कुमार जैन नामक व्यक्ति की कपड़े की दुकान पर काम करता है। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बुधवार को एक बयान में कहा, ''मनोहर लाल ने बताया कि वह रात करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद करके अपने मालिक के साथ घर लौट रहा था और उनके पास दो बैग थे, जिनमें से एक में 1.10 लाख रुपये नकद थे। तभी तीन नकाबपोश लोगों ने उन्हें रोक लिया। एक आरोपी ने उस पर पिस्तौल तान दी, जबकि अन्य ने बैग छीन लिए। जब उसने विरोध किया, तो उसके सिर पर पिस्तौल की मूठ से कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने पर इलाके में लगे करीब 300 सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड तस्वीरों का विश्लेषण किया गया और आरोपियों द्वारा अपराध को अंजाम देने के बाद फरार होने में इस्तेमाल स्कूटर की पहचान की गई जो कासिम मिर्जा के नाम पर पंजीकृत थी। उन्होंने बताया कि कासिम ने बताया कि उसने स्कूटर अपने दोस्त अरमान को दी थी, जिसने बताया कि उसने उसे अपने परिचित फैजान को दे दिया था। जांच के आधार पर पुलिस ने पहले फैजान को गिरफ्तार किया और अपराध में इस्तेमाल स्कूटर को बरामद कर लिया।'' अधिकारी ने बताया कि मिली जानकारी के आधार पर अरमान और किशोर को भी पकड़ लिया गया। उनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और लूटी गई रकम बरामद की गई। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अरमान ने स्वीकार किया कि उन्होंने नशे की लत को पूरा करने के लिए इस अपराध को अंजाम दिया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सादाब पुत्र ताहिर अली निवासी म. नं. 94, गली नं. 2, दयालपुर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 885/2015 अन्तर्गत धारा 323/324/452/34 आईपीसी, थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सादाब** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सादाब** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 885/2015 अन्तर्गत धारा 323/324/452/34 आईपीसी, थाना खजूरी खास, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सादाब** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**कनिका अग्रवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 22, प्रथम तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/13902/NE/2025 (Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन, पुत्रः** मिलन सिंह, **पताः** जी–114, गली नं.–9, हनुमान मंदिर के पास, बेगमपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 011687/22 U/s 379/411 IPC, थानाः रोहिणी उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 011687/22 U/s 379/411 IPC, थानाः रोहिणी उत्तर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सचिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/13830/RD/2025 (Court Matter)**

## खबर संक्षेप



### पंत मार्ग की जगह अब डीडीयू मार्ग से चलेगा प्रदेश भाजपा कार्यालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने 1991 से 14 पंत मार्ग पर चल रहे कार्यालय को बुधवार को अलविदा कहते हुए अपने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित नये कार्यालय में स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। प्रदेश कार्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार पवित्र छठ पर्व के पूर्व नहाय खाय दिवस 25 अक्टूबर से नया कार्यालय पार्टी का दिल्ली का स्थाई कार्यालय पता बन जायेगा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी पदाधिकारी और पूरा स्टाफ यहीं से कार्य करेंगे। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा नये कार्यालय में अपने चौथी मंजिल कार्यालय में बैठे और कार्यकर्ताओं से मिले। प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल एवं कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग भी बुधवार अपने दूसरी मंजिल स्थित कक्षों में बैठे। कार्यालय मंत्री बृजेश राय एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने भूतल पर अपने कक्षों में बैठे और आगंतुकों से मिले।

### एनडीएमसी : 'म्यूजिक इन द पार्क' का होगा आयोजन



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) स्पिक मैके और एसआरएफ फाउंडेशन के सहयोग से नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में 'म्यूजिक इन द पार्क' श्रृंखला के अंतर्गत दो शामों में शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन कर रही है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम शनिवार से रविवार, यानी 25 और 26 अक्टूबर, 2025 को शाम 6 बजे से शुरू होगा। नेहरू पार्क में कार्यक्रम के लिए प्रवेश नीति मार्ग से है और सभी के लिए निःशुल्क है। शास्त्रीय संगीत संध्याओं का शुभारंभ शनिवार, 25 अक्टूबर को अश्विनी भिडे देशपांडे (हिंदुस्तानी गायन) और ध्रुव बेदी (सितार) द्वारा किया जाएगा। जबकि 26 अक्टूबर, 2025 को डॉ. एन राजम (हिंदुस्तानी वायलिन) और शशांक सुब्रमण्यम (कर्नाटिक बांसुरी) अकरम खान, विनय मिश्रा, यति भागवत, परुपल्ली फाल्गुन, नंदिनी शंकर और अभिषेक मिश्रा के साथ प्रस्तुति देंगे।

पूर्वांचल भाइयों के खिलाफ मुकदमे वापस लिए जाएँगे

# दिल्ली में इस बार होगा भव्य छठ महापर्व का आयोजन : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली में इस बार छठ महापर्व का भव्य आयोजन होने जा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'हमने जो वादा किया था, वो पूरा किया जा रहा है' - हमारी सरकार ने भाजपा के चुनावी संकल्प के अनुरूप यमुना घाटों पर छठ पूजा को पुनः शुरू किया है। पिछली सरकार ने धार्मिक आस्था के इस पर्व पर रोक लगाई थी, लेकिन अब यमुना किनारे फिर से सूर्य उपासना के गीत गूंजेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा करते हुए कहा कि यमुना तट के घाटों पर छठ पूजा के आयोजन को पूरी गरिमा के साथ फिर से शुरू किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पल्ला से कालिंदी कुंज तक 17 आदर्श (मॉडल) घाट बनाए जाएंगे, जहां छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतज़ाम किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार को इस बार छठ पूजा स्थलों के लिए 1,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पिछले वर्ष राजधानी में कुल 929 स्थानों पर छठ का आयोजन हुआ था। सीएम ने बताया कि हर एसडीएम क्षेत्र में एक मॉडल घाट तैयार किया जा रहा है। यहां टेंट, बिजली, पानी, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा और साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था होगी। श्रद्धालुओं के स्वागत में 'फूलों की वर्षा' और 'भोजपुरी-मैथिली सांस्कृतिक कार्यक्रमों' का आयोजन भी होगा, ताकि पूजा के साथ लोक संस्कृति की झलक भी बनी रहे।

छठ घाटों को साफ और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार ने विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। सभी स्थानीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्था का निरीक्षण करें। एमसीडी के जनस्वास्थ्य विभाग के एमटीएस कर्मियों की हड़ताल मामले पर मच्छरों के नियंत्रण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जबाव में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इसकी व्यवस्था भी की गई है। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं होगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी बड़ा ऐलान किया कि 2021 में यमुना घाट पर पूजा करने वालों के खिलाफ दर्ज केस अब वापस लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने श्रद्धालुओं पर केस दर्ज किए थे, जबकि वे सिर्फ अपने धर्म और परंपरा का पालन कर रहे थे। हमारी सरकार ऐसे सभी केस वापस लेने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करेगी।

सीएम रेखा ने कहा कि इस बार दिल्ली में 'दीवाली के दौरान प्रदूषण स्तर घटा है'। ग्रीन पटाखों की सीमित अनुमति के बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में एक्यूआई बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लगातार प्रयासरत है और आगे इसे और बेहतर बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नेता आज से ही अपने अपने क्षेत्र की छठ व्यवस्थाओं का निरीक्षण शुरू करें। सांसद मनोज तिवारी एवं दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने करावल नगर में यमुना घाट पर बन रहे प्राकृतिक घाट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने निरीक्षण के साथ ही हाथी घाट आई.टी.ओ. पर निर्माणाधीन छठ घाट में स्वच्छता हेतु श्रमदान भी किया। सांसद बाँसुरी स्वराज एवं विधायक अनिल शर्मा ने आर.के. पुरम में निर्माणाधीन छठ तालाब घाट में कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया।

विधायक अजय महावर ने घोंड़ा विधानसभा में छठ तालाब घाट निर्माण शुरू करवाया। अनेक अन्य स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा के साथ स्वच्छता अभियान चलाये। दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय महावर ने लक्ष्मी नगर, पांडव नगर, आई.टी.ओ. सहित अनेक छठ घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

दिल्ली विधानसभाअध्यक्ष एवं रोहिणी के स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सेक्टर-7 स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय छठ सेवा समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ आगामी छठ महापर्व की तैयारियों की समीक्षा की।

### सूर घाट और मुनक नहर पर तैयारियों का सीएम ने किया निरीक्षण



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छठ पर्व की तैयारियों के तहत बुधवार को वजीराबाद स्थित सूर घाट और उत्तरी दिल्ली स्थित प्रेमबाड़ी पुल से एयू ब्लॉक तक मुनक नहर के किनारे बन रहे छठ घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने वहां घाट निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सफाई- स्वच्छता आदि की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री का कहना है कि श्रद्धा, आस्था और शुचिता के इस पर्व को लेकर दिल्ली सरकार उत्साहित है। सरकार का संकल्प है कि छठ व्रतधारियों को पूरा सम्मान और अपनापन मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पर्व के दौरान सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पर्व पर प्रकृति के प्रति समर्पण हमें पर्यावरण की सुरक्षा का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले सूर घाट पहुंची। वहां निरीक्षण के दौरान उनके साथ दिल्ली सरकार के विकास मंत्री कपिल मिश्रा व विधायक अभय वर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश था कि घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और भीड़ प्रबंधन की सभी तैयारियाँ समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जाएं, ताकि छठ पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा चूंकि इस घाट पर लाखों श्रद्धालु आएंगे, इसलिए यहां यातायात व्यवस्था के लिए भी व्यापक इंतजाम किए जाएं।

### रोहिणी का झील वाला पार्क दिल्ली का 'मॉडल छठ घाट' बने : रविंद्र इंद्राज

रोहिणी का झील वाला पार्क दिल्ली का 'मॉडल छठ घाट' बने, इस दिशा में तैयारी करें। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बुधवार को बवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रोहिणी सेक्टर-20 स्थित डीडीए डिस्ट्रिक्ट पार्क (झील वाला पार्क) का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग अपने कार्यों को 24 अक्टूबर की सुबह तक पूरा करें। मंत्री रविंद्र ने छठ पूजा के अवसर पर भव्य एवं स्वच्छ आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

### दिल्ली भाजपा नेताओं ने छठ की व्यवस्थाओं को लेकर संभाला मोर्चा

दिल्ली में छठ पूजा व्यवस्थाओं को लेकर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर बुधवार की सुबह दिल्ली भाजपा के सांसदों, दिल्ली सरकार के मंत्रियों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार द्वारा की जारी तैयारियों से अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि संगठन पदाधिकारियों एवं सांसद, विधायक, पार्षदों को छठ व्यवस्थाओं के लिए दिल्ली सरकार के कामों का लाभ छठ उपासकों तक लेकर जाना है। दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने शाहबाद डेयरी वार्ड का दौरा कर छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने वीर विट्ठलभाई झवेरीभाई पटेल की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली विधान सभा परिसर में भारत के प्रथम केन्द्रीय विधान सभा अध्यक्ष, स्व. वीर विठ्ठलभाई झवेरीभाई पटेल (1873-1933) की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "विठ्ठलभाई पटेल का दृष्टिकोण प्रतिनिधित्व को उत्तरदायित्व में बदलने वाला था, उन्होंने सिद्ध किया कि साहस, विवेक और विश्वास ही लोकतंत्र के सच्चे स्तंभ हैं।" विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। गुप्ता ने बताया कि विठ्ठलभाई पटेल का निधन 22 अक्तूबर 1933 को जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में हुआ था। उनके पार्थिव शरीर को एस.एस. नारकुंडा नामक जहाज से भारत लाया गया था, जो 10 नवम्बर 1933 को बंबई पहुँचा। उन्होंने कहा कि यद्यपि पटेल ने अपनी अंतिम इच्छा के अनुसार अपनी अंत्येष्टि चौपाटी समुद्र तट पर करने की अभिलाषा व्यक्त की थी, परंतु ब्रिटिश सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। अंततः उनका अंतिम संस्कार सोनापुर श्मशान घाट पर किया गया। अध्यक्ष ने इस प्रसंग को एक देशभक्त की उस अमर भावना का प्रतीक बताया, जो मृत्यु के बाद भी अपनी मातृभूमि से आत्मिक रूप से जुड़ा रहा।

## श्री गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगी सरकार : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान की साक्षी रही है और इस अवसर पर दिल्ली सरकार का दायित्व है कि यह आयोजन उनकी शिक्षाओं, त्याग और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाए। दिल्ली सरकार में कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्री मिश्रा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन त्याग, सहिष्णुता और मानवता का प्रतीक है। दिल्ली सरकार इस ऐतिहासिक अवसर को सर्वोच्च श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाएगी। वहीं, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह आयोजन गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं को विश्व स्तर पर प्रसारित करने का अवसर बनेगा।

■ 350वें शहादत दिवस के भव्य आयोजन की तैयारियां की दी जानकारी

दिल्ली सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री मिश्रा और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसमें केंद्र सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि, पंजाबी अकादमी और कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग और पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप देना था।

## गलियों में लगे कूड़े के ढेर बिगाड़ रहें दिल्ली का स्वास्थ्य, जहरीली हवा बढ़ा रही परेशानीः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने वायु प्रदूषण गंदगी को लेकर दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली की रेखा सरकार की लापरवाही के कारण ही आज दिल्ली की गलियां गंदगी से भरी पड़ी है। जबकि दिल्लीवासी वायु प्रदूषण के कारण दमघोटू प्रदूषण की गिरफ्त में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि इनके चलते लोगों को कई तरह की मार झेलनी पड़ रही है। यादव ने कहा कि दीवाली के बाद दिल्लीवालों पर चौतरफा संकट गहरा गया है। एक तरफ जहां दमघोटू प्रदूषण से दिल्लीवासी जूझ रहे है, वही बढ़ते डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले लोगों की चिंता बढ़ा रहे है और कूड़े के ढेर, गंदगी दिल्ली का स्वास्थ्य बिगाड़ रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जनता से जड़े हर विषय पर सहज लेकर अपनी नाकामी को छिपा रही है। लेकिन राजधानी पर स्मॉग की चादर फैली पर पीएम 2.5 की सांद्रता 675 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंचने पर प्रदूषण नियंत्रण पर रेखा गुप्ता सरकार के सभी दावों की भी पोल खुल चुकी है। हर वर्ष की भांति दिल्ली ना सिर्फ देश बल्कि विश्व का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। दिल्ली एनसीआर में डेंगू के मामले 3000 के पार पहुंच चुके है। डेंगू के बढ़ते मामलों के कारण मौजूदा आंकडे जारी नहीं कर रही है। लेकिन 4 अक्टूबर तक डेंगू के 840 मामले, मलेरिया के 431 और चिकनगुनिया के 75 मामले दर्ज हुए थे। यह आंकड़े रिपोर्ट के अनुसार है लेकिन जो मामले दर्ज नही हो रहे अगर वो सामने आ जाए तो स्थिति भयावह होगी। यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के 5200 डीबीसी कर्मचारी पिछले 23 दिनों से अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे है और कांग्रेस के निगम पार्षद उनकी मांगों को लेकर लगातार सदन में आवाज उठा रहे है। लेकिन भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबी भाजपा इनकी जायज मांगों को मानने को तैयार नही है। निगम में आम आदमी पार्टी के पार्षद सिर्फ मूक दर्शक बनकर भाजपा की नौटंकी का पीछे से समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे हैं।


## शिरोमणि अकाली दल ने तिहाड़ जेल में बंद सिखों की रिहाई के लिए परिसर के बाहर अरदास की

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल सहित कई अन्य पंथक संगठनों की तरफ से तिहाड़ जेल में बंद सिखों की रिहाई के लिए परिसर के बाहर अरदास व गुरबाणी पाठ किया। इस अवसर पर इस अवसर पर शिरोमणि अकाली दल, दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना और दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने बंदियों की रिहाई में हो रही देरी के लिए सरकार के दोहरे मापदंड पर सवाल उठाए। सरना ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में भाई बलवंत सिंह राजोआना की रिहाई के लिए माफ़ी न मांगने के संदर्भ का हवाला देते हुए कहा कि जेल में बंद सिखों द्वारा अपने किए की माफ़ी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। सरना ने चेतावनी दी कि सिखों के साथ ज्यादती करते हुए देश उस मुकाम पर नहीं पहुँच पाएगा जहाँ उसे पहुँचना चाहिए। आज हर देश हमें धमका रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि सिख इस समय सरकारों से नाराज़ हैं। पाकिस्तान भी उन देशों में शामिल है जो हमें धमका रहे हैं। सरकार को जेल में बंद सिखों को रिहा न करने का अपना फैसला बदलना होगा, यह कुरान की कोई आयत नहीं है, जिसे बदला न जा सके। इस अवसर पर जीके ने कहा कि 30-32 साल की सजा काटने के बावजूद जेल में बंद सिखों को रिहा किया जाना चाहिए। यह सरकार दोहरे मापदंड और दोहरे कानून न अपनाए। सरकार को सिखों को न्याय देते समय इस तरह भागना नहीं चाहिए। मानवाधिकार कार्यकर्ता डॉ. परमिंदर पाल सिंह ने मंच संचालन करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 15 अक्टूबर 2025 को भाई दविंदर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई पर निर्णय लेने के लिए दिल्ली सरकार को जारी निर्देशों की जानकारी दी। बताया कि दिल्ली सरकार का सजा समीक्षा बोर्ड भाई दविंदर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई की अर्जी पहले भी चार बार खारिज कर चुका है। इसलिए अब दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बार फिर सजा समीक्षा बोर्ड को बैठक कर इस पर फैसला लेने को कहा है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण लेवल में हुई मामूली गिरावट आईएमडी ने कड़ाके की सर्दी की संभावना जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

बुधवार को दिल्ली में हवा में वायु प्रदूषण का लेवल 335 एक्यूआई दर्ज हुई, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि यह आंकड़ा मंगलवार की तुलना में 359 से 24 अंक नीचे गिरा है। जबकि कई क्षेत्रों में यह आंकड़ा 400 के करीब दर्ज हुआ। पर्यावरण वैज्ञानिक हरीश मनचंदा ने बताया कि दिवाली के बाद बेशक प्रदूषण में इजाफा हुआ है लेकिन अभी आने वाले दिनों में दिल्ली को प्रदूषण से बहुत ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद नहीं की जा सकती। जैसे जैसे सर्दी बढ़ेगी वैसे वैसे दिल्ली में प्रदूषण का आंकड़ा और बढ़ेगा। इसमें जहां पंजाब व हरियाणा से पराली जलाने से आने वाला प्रदूषण अहम रहेगा। वहीं सर्दी व ओस की वजह से धूल के कण दिल्ली में वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ाने वाले साबित होंगे।



उन्होंने बताया कि मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार कड़ाके की सर्दी पड़ेगी, अगर यह सही साबित हुआ तो प्रदूषण दिल्ली वालों की सांसों पर भारी पड़ने वाला साबित हो सकता है। दूसरी तरफ भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से माइनस 0.5 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है, यानी रात का तापमान अभी अधिक दर्ज हो रहा है। आईएमडी ने अनुमान जताया कि 23- 29 अक्टूबर 2025 तक आसमान साफ रहेगा। जबकि नवंबर महीने की शुरुआत से मौसम में बड़ा बदलाव शुरू होगा और शुरुआत में कोहरा बढ़ने लगेगा जो माह के अंतिम दिनों में दिल्ली को अपनी आगोश में समेट सकता है। वहीं दिसंबर महीने के प्रथम सप्ताह से पारा गिरने लगेगा और संभव है कि सिंगल डिजिट यानी 9 अंक से नीचे गिरना शुरू होगा। आईएमडी के अनुसार दिसंबर से लेकर जनवरी तक कड़ाके की सर्दी पड़ने की प्रबल संभावना बन रही है। आईएमडी ने फिलहाल दिल्ली में बारिश होने की संभावना को नकार दिया है। जाहिर है दिवाली निकलने के बाद भी आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण दिल्ली के लिए सिर दर्द बनेगा।

## दिल्ली की अदालत ने 2023 में हत्या के प्रयास के मामले में व्यक्ति को दोषी ठहराया

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष ने अपना मामला संदेह से परे साबित कर दिया। आर के पुरम पुलिस थाने में 2023 में हत्या के प्रयास के आरोप में रवि नाम के व्यक्ति के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने इस मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। न्यायाधीश ने आठ अक्टूबर को पारित आदेश में कहा कि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंची हूं कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को संदेह से परे साबित करने में सक्षम रहा है। आरोपी रवि शिकायतकर्ता डॉ. पदम सिंह को एक खतरनाक हथियार (कुल्हाड़ी) से सिर पर चोट पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है और हत्या के प्रयास के अपराध का दोषी है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के खून के धब्बे वाले हथियार की बरामदगी ने अभियोजन पक्ष के मामले को मजबूत किया है। निर्माण कार्य करने वाले रवि को पिछले साल अप्रैल में डॉ. पदम सिंह पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। रवि ने सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला किया जिससे उसके सिर पर चोटें आईं। इस संबंध में आर के पुरम पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में सजा पर दलीलें 29 अक्टूबर को सुनी जाएंगी।

# गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव की दिल्ली में रही धूम, कई जगह विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली







दिवाली के बाद मंगलवार को दिल्ली में गोवर्धन पूजा, अन्नकूट महोत्सव की धूमधाम रही। जबकि औद्योगिक क्षेत्रों में सृष्टि के वास्तुकार व रचनाकार कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना बडे पैमाने पर आयोजित हुई। भगवान श्री कृष्ण से जुड़े पर्व गोवर्धन पूजा की सबसे ज्यादा धूमधाम दिल्ली के गांवों में अधिक देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी गोवर्धन पर्व को मनाने की मान्यता अधिक कही जाती है। क्योंकि गांवों में रहने वाले लोगों के पास पशु धन यानी गाय, भैंस इत्यादि सबसे अधिक पाले जाते है। ऐसी मान्यता है कि गोवर्धन यानी भगवान श्री कृष्ण का गायों से अत्यधिक प्रेम था, इसलिए उनकी कृपा से ही गोवंश में वृद्धि होगी और वो प्रसन्न भी होंगे। इस अवसर पर कई जगह भक्तों ने अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी किया। जिसमें 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। वहीं परंपरागत रूप से अन्नकूट के रूप में कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया। प्राचीन झंडेवाला माता मंदिर में गोवर्धन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर सत्संग प्रांगण में गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बना कर उन का विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर की महिला कीर्तन मंडली द्वारा प्रात 10 से 12 बजे तक भजन कीर्तन किया गया। तत्पश्चात 12 बजे मंदिर की आरती हुई व गोवर्धन महाराज का विधिवत पूजन आरती की गई। वहीं प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर में गोवर्धन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर प्रबंधन की तरफ से संतों ने भगवान की वैदिक महापूजा और दिव्य आरती की। मंदिर में भव्य स्तर पर अन्नकूट महोत्सव का भी आयोजन किया गया। मंदिर की तरफ से बताया गया कि इस विशेष अवसर पर भगवान श्री कृष्ण और स्वामी नारायण भगवान को 1232 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। मंदिर प्रबंधकों का दावा है कि परम पूज्य महंत स्वामी महाराज की प्रेरणा से दुनियाभर में 1,800 से अधिक स्वामीनारायण मंदिरों और केंद्रों में दिवाली और अन्नकूट का यह उत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया है। दूसरी तरफ विश्वकर्मा पूजन के मौके पर औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल बवाना, ओखला, नरेला, वजीरपुर, नारायणा, मायापुरी, पटपड़गंज, मुंडका, कीर्ति नगर, लॉरेंस रोड, जीटी करनाल रोड, बादली, झंडेवालान, मंगोलपुरी, आनंद पर्वत राजस्थानी उद्योग नगर जहांगीरपुरी, ख्याला, शाहदरा आदि में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की, कई जगह भंडारें आदि का वितरण देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से एम्स कर्मचारी की मौत




**फरीदाबाद।** नेशनल हाईवे नंबर.19 पर जेसीबी चौक के पास बाइक सवार युवक को एक ट्रक ड्राइवर ने टक्कर मार दी। जिससे उसका सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सेक्टर-58 थाना पुलिस के अनुसार मृतक का नाम वरूण था। वह दिल्ली बदरपुर के गौतम नगर में परिवार के साथ रह रहा था। वह बुधवार तडक़े 4 बजे अपने दोस्त सतवीर को झाड़सेतली के पास छोड़ने गया था।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया काबू



**फरीदाबाद।** बीते 17 अक्टूबर को गांव सिही में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि देशराज निवासी गांव धमेडा जिला बुलंदशहर ने पुलिस चौकी सेक्टर-8 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका लड़का अनुज 16 अक्टूबर को घर से मोटरसाइकिल पर अलीगढ़ जाने के लिए निकला था।

### वाहन चोर को काबू कर पिकअप की बरामद



**फरीदाबाद।** वाहन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक चोर को काबू कर उसके कब्जे से पिकअप वाहन को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुभाष निवासी नवादा कोह ने थाना डबुआ में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 20 अक्टूबर की रात को उसने अपनी पिकअप डबुआ पाली रोड स्थित अपने ऑफिस चौधरी टेम्पो सर्विस के बाहर खड़ी की थी।

# शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत शहीद पुलिस जवान योगराज मेहता को याद किया

पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

21 से 30 अक्टूबर तक मनाया जाएगा पखवाड़ा

हर वर्ष शहीदों को याद किया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार की पहल पर 21 से 30 अक्टूबर तक पुलिस शहीदी दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एन.एच.पांच स्थित राजकीय बाल माध्यमिक विद्यालय में सन 1976 में शहीद हुए पुलिस जवान योगराज मेहता के चित्र पर महिला थाना प्रभारी माया और थाना एनआईटी प्रभारी महावीर, आल इंडिया टैक्स लॉयर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एडवोकेट संदीप सेठी,पार्षद जसवंत सिंह, शहीद पुलिस कर्मी योगराज के परिजन अरविन्द मेहता, सुभाष मेहता, आरूषि मेहता, संस्कृति मेहता, स्मृति मेहता, अर्पित मेहता, संजीत दत्ता, पांच नम्बर एफ ब्लॉक आरडब्ल्यूए के प्रधान विजय कथूरिया, सचिव संजीव दत्ता, गुरदेव सिंह, रवि चावला, आईके सहगल ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर उपस्थित शहीद के परिजनों व अन्य क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी माया ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 21 से 30 अक्टूबर तक उन पुलिस जवानों की याद में शहीदी दिवस पखवाड़ा मना रही है जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए अपनी जान दे दी। शहीद एएसआई योगराज मेहता ने अपनी ड्यूटी का निर्वाह करते हुए उसे समय शहादत दी थी जब 1976 में ईस्ट इंडिया कॉटन मिल के सैकड़ों कर्मचारी हथियारों सहित उग्र हो गए थे जिन्हें रोकने के लिए एएसआई योगराज मेहता अपने कुछ कर्मचारी के साथ उन्हें रोकने के लिए डटे रहे और शहीद हो गए। सरकार की तरफ से आज भी उनका चित्र एन.एच. पांच स्थित सरकारी स्कूल में लगी हुई है जिसमें उनके साहस की कहानी लिखी हुई है। हर साल पुलिस शहीदी दिवस पखवाड़े के दौरान शहीदों को याद किया जाता है।

पुलिस शहीदी दिवस पखवाड़ा मनाया



## दिवाली से पहले सफाई अभियान तथा बाद में महा अभियान निगम ने बढ़ाया कूड़ा एकत्रीकरण

# दिवाली के बाद शहर से एकत्र हुआ डेढ़ सौ मिट्रिक टन अधिक कूड़ा, निगम ने भेजा प्रोसेसिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम द्वारा दीपावली के बाद साफ-सफाई पर और अधिक ध्यान दिया गया है। दीपावली महापर्व पर हर घर, हर प्रतिष्ठान, हर बाजार में अभियान के रूप में साफ-सफाई का कार्य हुआ है जिससे नियमित निकलने वाले कूड़े से ज्यादा कूड़ा एकत्र हो रहा है जिसके लिए सफाई मित्रों तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कूड़ा कलेक्शन की रफ्तार को बढ़ाया है। आवश्यकता को देखते हुए वार्डों में दो पारियों में कूड़ा कलेक्शन कराया गया, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया प्रतिदिन लगभग 1700 मेट्रिक टन कूड़ा एकत्र होता है जिसमें दीपावली के बाद लगभग डेढ़ सौ मैट्रिक टन अतिरिक्त कूड़ा एकत्र किया गया है, जिसको निस्तारण के लिए कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट तक भेजा गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दीपावली पर्व से पूर्व भी अभियान के रूप में साफ सफाई और अधिक बेहतर करने का कार्य कराया गया इसी क्रम को बनाए रखते हुए दीपावली पर्व के बाद भी और अधिक रफ्तार से साफ सफाई का कार्य कराया गया जिसकी मॉनिटरिंग भी विशेष रूप से कराई गई। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि दीपावली के बाद अधिक कूड़ा एकत्र हुआ है जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के द्वारा सरहनीय कार्य किया गया है, शहर में लगातार निगम द्वारा कूड़ा पृथक्करण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाए जाने से इस बार दीपावली महापर्व पर भी लोगों की आदत में कूड़ा प्रथकरण को देखा गया जो की प्रशंसनीय है, वसुंधरा कवि नगर के अलावा सिटी तथा मोहन नगर जोन में भी क्षेत्र वासियों ने गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग करते हुए डोर टू डोर पूरा कलेक्शन वाहनों में डाला। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया तथा त्योहारों के क्रम में सेकेंडरी पॉइंट से भी तेजी से कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने के लिए गाजियाबाद नगर निगम टीम सहित कार्य कर रहा है जिसमें सफाई मित्रों के द्वारा विशेष जिम्मेदारी निभाई जा रही है हर घर की सफाई हो रही है वहीं सफाई मित्र शहर की सफाई में अहम भूमिका निभा रहे हैं, दिवाली के बाद पैकिंग का कूड़ा अधिक निकला है तथा साथ सजावट के बाद भी वेस्टिज अधिक निकली है।

नगर निगम ने चलाया सफाई अभियान





# संभव जनसुनवाई का हुआ चार संदर्भ का निस्तारणः आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

संभव जनसुनवाई का आयोजन निगम मुख्यालय में अधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस के राय, प्रभारी प्रकाश आश कुमार,जोनल प्रभारी विजयनगर अमरनाथ, सहायक अभियंता जल शेषमणि यादव व अन्य टीम उपस्थित रही, जिनके द्वारा जन समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण के लिए कार्यवाही की गई। संभव के अंतर्गत चार संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें जल संबंधित एक संदर्भ निर्माण संबंधित एक संदर्भ तथा स्वास्थ्य विभाग संबंधित दो संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें उपस्थित अधिकारियों की टीम में तत्काल कार्यवाही कराई, नंदग्राम ई ब्लॉक में पानी की पाइपलाइन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई जिस पर जलकल विभाग टीम को मौके पर भेज कर कार्यवाही कराई गई, निर्माण विभाग टीम को शिकायत भेज कर कार्यवाही के लिए बताया गया। संभव में प्राप्त संदर्भों पर अविलंब कार्यवाही नगर आयुक्त के निर्देशन में जारी है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आबिद अली**, पुत्रः **शेख सैदुल**, पताः म.नं. जी–236, झुग्गी, जी–ब्लॉक, जहाँगीर पुरी, दिल्ली ने **FIR No. 367/23, dated 18.04.2023, U/s 392/397 IPC, पुलिस थाना जहाँगीर पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आबिद अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आबिद अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 367/23, dated 18.04.2023, U/s 392/397 IPC, पुलिस थाना जहाँगीर पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **आबिद अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वंदना
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–02
उत्तरी जिला, कमरा नं. 202, द्वितीय तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13917/NW/2025


## क्राइम ब्रांच एवं सिकरोना की कार्रवाई

# बहन के घर झगड़ा सुलझाने गए भाई को मारी गोली में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



बहन के घर झगड़ा सुलझाने गए भाई को गोली मारने के मामले में क्राईम ब्रांच ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वंश निवासी नंगला एनक्लेव पार्ट-1 ने पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बहन की फरवरी 2020 में आशीष निवासी नंगला गाजीपुर रोड पार्ट 2 के साथ शादी हुई थी। 19 अक्टूबर को उसकी बहन का फोन आया कि उसका पति व ससुर गाली गलौच व उसको घर से बाहर निकालने कि धमकी दे रहे है जिसके बाद वह, भाई रोबिन व पिता के साथ बहन के घर पहुंचे, जहां पर पहले से ही आशीष के दोस्त भूरा, विक्रम अवाना, कल्लू अवाना, मोनू, सुशील, राकी व 15-20 अन्य लड़के मौजूद थे, जहां पर उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और इसी दौरान उसके भाई को गोली मार दी, जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि क्राईम ब्रांच एवीटीएस व सिकरोना की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आशीष, हर्ष / भूरा, कल्लू व मनीष निवासी नंगला एनक्लेव पार्ट-2 को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ में सामने आया कि आशीष की शादी वर्ष 2020 में पीड़िता की बहन के साथ हुई थी, जो आरोपी व उसकी पत्नी का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिस पर उसकी पत्नी ने अपने परिवार को सूचना दे दी। 19 अक्टूबर को उसके साले व ससुर उसके घर पर आये थे। उसने अपने दोस्त हर्ष / भूरा को पहले ही बुला लिया था। जो अपने हर्ष अपने साथ कल्लू, मनीष व अन्य को अपने साथ लेकर आया था। जहां पर सालों के साथ हमारा झगड़ा हो गया था और राजकुमार उर्फ आशीष ने साले रोबिन को गोली मार दी। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सोहना अड्डा से धोबी घाट तक सुबह से रात तक लगा रहता जाम

# जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर बनाए सरकारः पंकज डावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि वैसे तो पूरा शहर जाम से रोजाना जूझता है, लेकिन ओल्ड रेलवे रोड पर लगने वाला जाम सुबह से लेकर देर रात तक लगातार रहता है। यहां से दिनभर वाहन कछुआ गति से चलने को मजबूर हैं। ऐसे में लोगों का समय और पेट्रोल, डीजल, सीएनजी बेवजह बर्बाद होता है।

सरकार धोबी घाट से पुरानी तहसील तक इस रोड पर फ्लाईओवर का निर्माण करे, ताकि लाखों लोगों को जाम से छुटकारा मिल सके। पंकज डावर ने कहा कि राजीव चौक (अलवर रोड) से रेलवे स्टेशन की ओर, राजेंद्रा पार्क की ओर, नजफगढ़ की ओर, सेक्टर-9 की ओर तथा रेलवे स्टेशन, राजेंद्रा पार्क, सेक्टर-9 से राजीव चौक (अलवर रोड) की तरफ सुबह से शाम तक एक लाख से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है। लाखों लोग इन वाहनों में सफर करते हैं। दुपहिया, तिपहिया, चारपहिया वाहनों पर लोग इस रोड पर आने-जाने के दौरान में जाम में फंसे रहते हैं। कांग्रेस जिला शहरी अध्यक्ष ने कहा कि ओल्ड रेलवे रोड पर ज्यादा जाम लगने का प्वायंट धोबी घाट से पुलिस कमिश्नर कार्यालय से आगे पुरानी तहसील तक है। सबसे अधिक जाम सिद्धेश्वर मंदिर चौक से लेकर शिवमूर्ति तक होता है। यहां पर जाम सुबह से देर रात तक रहता है। बहुत ही धीमी गति से और रुक-रुककर यहां से वाहन गुजरते हैं। इस जाम में बेवजह ही लोगों का समय और ईंधन बर्बाद होता है। जिन्हें बीच में कहीं मुड़ना होता है वे लोग भी और जिन्हें सीधे राजीव चौक तक जाना है वे भी इस जाम में फंसने को मजबूर होते हैं। इस कारण से प्रदूषण भी काफी होता है। उन्होंने कहा कि सोहना अड्डा से लेकर शिवमूर्ति तक सड़क के दोनों तरफ दुकानें हैं।




# राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति
## NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY, TIRUPATI
(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)

### भर्ती अधिसूचना / RECRUITMENT NOTIFICATION

दिनांक : 18.10.2025

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति भारतीय नागरिकों से शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों की सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**गैर–शिक्षण पद (सीधी भर्ती)**

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | पदों की संख्या और आरक्षित श्रेणियाँ | | | | | | पे मैट्रिक्स में लेवल (7वां सीपीसी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | ओबीसी | पीडब्ल्यूबीडी | ईडब्ल्यूएस | यूआर | |
| **कार्यकाल पद** (विज्ञा. संख्या : एनएसकेटीयू/प्रशा./एनटी/2025/01, दिनांक 18.10.2025) | | | | | | | | | |
| 1. | परीक्षा नियंत्रक | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 14 |
| 2. | वित्त अधिकारी | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 14 |
| **सीधी भर्ती** (विज्ञा. संख्या : एनएसकेटीयू/प्रशा./एनटी/2025/02, दिनांक 18.10.2025) | | | | | | | | | |
| 3. | पुस्तकालयाध्यक्ष | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 14 |
| 4. | सहायक कुलसचिव | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 10 |
| 5. | पेशेवर सहायक | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 06 |
| 6. | प्रयोगशाला सहायक (शिक्षा) | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 04 |
| 7. | प्रयोगशाला सहायक (भाषा लैब एवं प्रौद्योगिकी लैब) | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 04 |
| 8. | उच्च श्रेणी लिपिक | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 04 |
| 9. | पुस्तकालय परिचारक | 02 | – | – | – | – | – | 02 | 01 |
| 10. | समूह 'सी' एमटीएस | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 01 |

**शिक्षण पद (सीधी भर्ती)**
(विज्ञा. संख्या : एनएसकेटीयू/प्रशा./टी/2025/03, दिनांक 18.10.2025)

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | पदों की संख्या और आरक्षित श्रेणियाँ | | | | | | शैक्षणिक पे लेवल (7वां सीपीसी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | ओबीसी | पीडब्ल्यूबीडी | ईडब्ल्यूएस | यूआर | |
| 1. | योग विज्ञान में एसोसिएट प्रोफेसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 13ए |
| 2. | आगम में एसोसिएट प्रोफेसर | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 13ए |
| 3. | धर्मशास्त्र में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 10 |
| 4. | विशिष्टाद्वैत वेदांत में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 10 |
| 5. | साहित्य में सहायक प्रोफेसर | 02 | – | – | 01* | – | – | 01 | 10 |
| 6. | ज्योतिष एवं वास्तु में सहायक प्रोफेसर | 02 | – | – | 01 | – | – | 01 | 10 |
| 7. | अनुसंधान एवं प्रकाशन में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01 | – | – | – | 10 |
| 8. | व्याकरण में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 10 |
| 9. | शिक्षा में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | – | – | 01 | – | 10 |
| 10. | शब्दबोध प्रणाली एवं अभिकलनात्मक भाषाविज्ञान में सहायक प्रोफेसर | 01 | – | – | 01 | – | – | – | 10 |

* बैकलॉग रिक्तियाँ

शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2025 है।

पदों, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य मानदंड के विवरण के लिए, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **http://www.nsktu.ac.in** पर पधारें।

सीबीसी 21364/12/0001/2526

कुलसचिव / **REGISTRAR**


## अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया

# जनहित समिति ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर जनहित समिति द्वारा 60 फुट रोड जवाहर कालोनी स्थित जनहित धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन समाज में एकता, प्रेम और सेवा भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और गोवर्धन पूजा के इस पावन पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण की जय-जयकार के साथ धार्मिक वातावरण का आनंद लिया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना, पूर्व विधायक नीरज शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर मुकेश शर्मा, पूर्व मुख्य अभियंता एमसीएफ एन.के. कटारा, पूर्व पार्षद माया शर्मा एवं ममता फागना, पार्षद गायत्री देवी, सुमित गौड, योगेश गौड और राकेश लोहिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रधान चौ. गजेन्द्र सिंह तेवतिया, महासचिव वीरेन्द्र पाल शर्मा, कोषाध्यक्ष जवाहर लाल शर्मा, उपप्रधान दामोदर उपाध्याय व निर्मल सिंह, सह सचिव कैलाश बाबू शर्मा एवं जगदीश पाठक, प्रचार सचिव कुन्जी लाल कौशिक, संगठन सचिव रमेश चन्द, ऑडिटर ओपी शर्मा व शिवदत्त शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यगण कार्यक्रम के सफल संचालन में उपस्थित रहे।

वहीं निर्मल सिंह, सुरेश शर्मा, विजय गुड्डु, अतर सिंह, वीरपाल, परमजीत सरदार, चौधरी जगबीर सिंह, राजीव पाठक आदि।

### खाने के पैसे मांगने पर मारपीट, होटल संचालकों के साथ की तोड़फोड़

**फरीदाबाद।** शहर में दो अलग-अलग जगहों पर बदमाशों से खाने का भुगतान मांगना होटल संचालकों के लिए महंगा पड़ गया। बदमाशों ने दोनों ही जगह पर जमकर तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की। पहला मामला कोतवाली थाना क्षेत्र और दूसरा ओल्ड फरीदाबाद थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश उर्फ चीचू** पुत्रः **श्याम कुमार** पताः **मकान नं. 1113, गली नं. 11, नाला रोड, बर्तन मार्केट, सदर बाजार, दिल्ली** ने case **FIR No. 785/2022 U/s 25/54/59 Arms Act., थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ चीचू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ चीचू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 785/2022 U/s 25/54/59 Arms Act., थानाः सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ चीचू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.11.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
केन्द्रीय जिला,रूम नं. 247
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14184/N/2025 (Court Matter)

## खबर संक्षेप

### कीटनाशक दवा पीने से मां और बेटे की मौत

**शाहजहांपुर।** यहां के बंडा थाना क्षेत्र में एक महिला ने खुद कीटनाशक पी लिया, फिर अपने



10 साल के बेटे को खाने में मिलाकर दे दिया। इससे दोनों की मौत हो गई। मां-बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र से दिल झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। बच्चों के हुए विवाद के बाद गांव नारायणपुर गंगा में पंकज अग्निहोत्री की 32 वर्षीय पत्नी आरती ने खुद कीटनाशक पीने के बाद दस वर्षीय बेटे प्रतीक को खाने में कीटनाशक मिलाकर खिला दिया।

### समोसे के झगड़े में किसान की हत्या

**भोजपुर।** भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के कौलोडिहरी गांव में रविवार की सुबह एक मामूली विवाद



ने खूनी रूप ले लिया। महज एक समोसे को लेकर हुए झगड़े में 65 वर्षीय बुजुर्ग किसान पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कौलोडिहरी गांव निवासी स्वर्गीय सगलु यादव के पुत्र चंद्रमा यादव (65 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक समोसे को लेकर झगड़ा धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि हमलावर ने धारदार हथियार से चंद्रमा यादव पर ताबड़तोड़ वार कर दिया।

### अधेड़ को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

**रांची।** रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र के मुडामु गांव में दीपावली की रात उस समय अफरातफरी मच गई,





जब अज्ञात अपराधियों ने एक अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 40 वर्षीय सोमा उरांव, पिता फागु उरांव, निवासी मुडामु गांव के रूप में की गई है। दीपावली के अवसर पर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। करीब रात दो बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डीएसपी अशोक कुमार राम, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

# भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में अन्नकूट उत्सव, एक हजार मंदिरों में लगाया गया 56 भोग

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

बुधवार को अयोध्या के हजारों मंदिरों में अन्नकूट का महोत्सव शुरू हो चुका है। यह आयोजन अयोध्या में भगवान श्रीराम के 14 साल के वनवास से लौटने की खुशी में हो रहा है। राममंदिर, कनक भवन और अन्य प्रमुख मंदिरों में 56 भोग लगाए जा रहे हैं। भजन-कीर्तन और जेवनार के गीत गाए जा रहे हैं। करीब एक हजार मंदिरों में तीन लाख से अधिक भक्तों को प्रसाद खिलाया जा रहा है।

**करीब 3 लाख भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया**



### मंदिरों में बनाए जा रहे पकवान

*श्रीराम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, श्रीरामवल्लभाकुंज, मणिराम छावनी, दशरथ महल, राजगोपाल मंदिर, हनुमत निवास, लक्ष्मण किला, सियाराम किला, रंग महल, छोटी देवकाली, राजसदन, बड़ा भक्तमाल और जानकी महल ट्रस्ट सहित लगभग एक हजार मंदिरों में अन्नकूट बनाया गया हैं। वेद भवन, गहोई मंदिर आदि में भंडार कक्ष में व्यंजन तैयार हो चुके हैं।*

### 1056 प्रकार के व्यंजन से भोग अर्पित

*कोशलेश सदन में जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य 1056 प्रकार के व्यंजनों से भगवान को भोग अर्पित किया गया है। मधुकरी संत मिथिला बिहारी दास, मानस महाराज, रामनंदन दास और गायक-वादक विनोद शरण आदि द्वारा गायन-वादन के जरिए भगवान को प्रसन्न किया जा रहा है।*

### हनुमानगढ़ी में छप्पन भोग अर्पित

*पौराणिक पीठ श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में विराजमान संकट मोचन श्री हनुमान जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। महंत रामदास के संयोजन में पूड़ी, कचौड़ी, मालपुआ, चूरमा, महाप्रसाद, कढ़ी, दाल, खीर, सूरन का चोखा, आंवला, सोया मेथी पालक, सीताफल, अगस्त के फूल दही, बड़ा पंचमेवा और ऋतुफल जैसे छप्पन प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए हैं। मंदिरों में जेवनार के गीत प्रस्तुत हो चुके हैं और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।*

### हनुमान महाराज की अन्नकूट पर छप्पन भोग की सेवा पीढ़ियों से चल रही

*हनुमत निवास के आचार्य डॉ मिथिलेश नंदनी शरण ने बताया कि अन्नकूट का उत्सव पूरे भारतवर्ष में वैष्णव समाज और भक्त समाज मनाता है। भगवान श्रीकृष्ण की उपासना में यह गोवर्धन गिरिराज की पूजा के रूप में देखा जाता है। अयोध्या में इसको भगवान श्रीराम, श्री लक्ष्मण जी, श्री जानकी जी के साथ वनवास से लौटकर अयोध्या आने के अवसर पर भक्तों ने इस भाव से ग्रहण किया है कि वनवास काल में भगवान व्रत और उपवास का पालन करते हुए, केवल कंदमूल का सेवन करते हुए रहे। लौटकर जब अयोध्या आए तो इस महापर्व पर ठाकुर जी के हर्षोल्लास और रुचि के लिए, उनके पोषण के लिए असंख्य पकवान और व्यंजन बनाकर उनके सम्मुख परोसे गए। उन्हें भोग लगाया गया। भगवान श्रीसीताराम जी को और हनुमान निवास में विराजमान श्रीहनुमान जी महाराज को अन्नकूट पर छप्पन भोग की सेवा होती है, उनके सामने परोसा जाता है, और यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है।*

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर मुख्यमंत्री वर्चुअली योजना का शुभारंभ करेंगे

# सीएम योगी आदित्यनाथ 31 को करेंगे सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अभी तक एमएसएमई विभाग के पास केवल भदोही में लैंड बैंक तैयार करने का अधिकार था, जिसे अब सभी जिलों में विस्तारित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को राज्य के सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की योजना का शुभारंभ करेंगे। योजना के तहत सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग की तरफ से सभी जिलों में 100-100 एकड़ में औद्योगिक व रोजगार क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी एमएसएमई विभाग ने फिलहाल 15 जिले चिह्नित किए हैं, जहां पर 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे।

कानपुर नगर, कानपुर देहात, मीरजापुर, मऊ, बाराबंकी, जालौन, झांसी, कन्नौज, अलीगढ़, रायबरेली, इटावा, मेरठ, फर्रुखाबाद, बुलंदशहर व भदोही में औद्योगिक जोन स्थापित किया जा रहा है। इन औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयों की स्थापना की जाएगी। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में एमएसएमई की 90 लाख इकाईयां संचालित की जा रही हैं। इनमें सूक्ष्म उद्योग की 89.64 लाख और लघु उद्योग की 36 हजार इकाईयां हैं। यह देश की एमएसएमई क्षेत्र में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं। एमएसएमई इकाईयों के माध्यम से 1.4 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। साथ ही निर्यात में 45 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी इस क्षेत्र की है। एमएसएमई के प्रमुख क्षेत्रों में वस्त्र एवं परिधान के अलावा हस्तशिल्प, हथकरघा, बुनाई, कढ़ाई, कालीन, चिकनकारी, चमड़ा, डेयरी, फल प्रसंस्करण, कृषि उत्पादों के साथ-साथ आइटी सेवा, साफ्टवेयर विकास और डिजिटल मार्केटिंग में भी उत्तर प्रदेश ने अपनी भागीदारी बढ़ाई है। राज्य में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई विभाग लैंड बैंक तैयार कर रहा है। इसके लिए सभी जिलों के जिलाधिकारियों की मदद से भूमि चिह्नित की जा रही है। फिलहाल मुख्यमंत्री के निर्देश पर 31 अक्टूबर से शुरू होने वाली एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्र व रोजगार योजना के तहत 1000, 2000 व 4000 वर्ग मीटर के भूखंड निवेशकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा सभी औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष तौर पर रोजगार जोन की भी स्थापना की जाएगी।

**सरदार पटेल के नाम पर हर जिले में स्थापित किए जाएंगे औद्योगिक क्षेत्र**

पहली बार स्थापित किए जाएंगे एमएसएमई के औद्योगिक क्षेत्र

100 एकड़ में हर जिले में स्थापित किए जाएंगे रोजगार जोन

एमएमएमई विभाग ने पहले चरण के लिए चिह्नित किए 15 जिले



### पहली बार विभाग तैयार करेगा अपने औद्योगिक क्षेत्र

*एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि विभाग वर्ष 1960 के बाद अब अपने औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना करेगा। अभी तक एमएसएमई विभाग के पास केवल भदोही में लैंड बैंक तैयार करने का अधिकार था, जिसे अब सभी जिलों में विस्तारित किया जा रहा है। एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, स्ट्रीट लाइट, सुविधा केंद्र, सीईटीपी, प्रदर्शनी स्थल व उद्योग कार्यालय के साथ-साथ उद्योग व रोजगार से जुड़ी हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री 31 अक्टूबर को 15 जिलों में योजना का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इसके बाद दूसरे चरण में 15 से 20 व तीसरे चरण में सभी जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।*

### शहर के पांच महानगरों में खुलेंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट निवेश प्रोत्साहन ऑफिस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों- मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।

#### प्रत्येक ऑफिस में होगा समर्पित स्टॉफ

मुख्यमंत्री योगी पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपए से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है।

#### रणनीतिक क्षेत्रों पर होगा फोकस

- *सरकार की योजना के अनुसार, प्रत्येक शहर का सैटेलाइट ऑफिस अपनी भौगोलिक और औद्योगिक विशेषता के अनुरूप रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।*
- *मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर ध्यान देगा।*
- *बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक सेक्टर पर फोकस करेगा।*
- *हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज सास उद्योगों पर केंद्रित रहेगा।*
- *चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करेगा।*
- *नई दिल्ली ऑफिस समर्पित इन्वेस्ट यूपी एवं एशिया-यूरोपीय संघ सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करेगा।*

## कोई हताहत नहीं

# एसी फ्रिज रिपेयर की दुकान में लगी भीषण आग, कई घंटे बाद पाया काबू



एजेंसी ▶▶ आरा

भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार की देर रात नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवा रोड स्थित एक बंद दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग एक एसी-फ्रिज रिपेयरिंग की दुकान में लगी थी, जो उस समय बंद थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास धुआं फैल गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।

### किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि दुकान के अंदर रखे फ्रिज, कंपरेसर, मोटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह जलकर खाक हो गए। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली स्थानीय लोगों का कहना है कि दिवाली का समय था और लोग पटाखे फोड़ रहे थे। तभी आग लगने की सूचना मिली। आग इतनी ज्यादा थी कि चारों तल्लों तक आग की लपटें पहुंच गईं। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है, क्योंकि दुकान बंद थी। वहीं, पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी घटना की जांच में जुटे हैं। आसपास के दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली कि आग अन्य दुकानों तक नहीं पहुंची। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पत्नी के प्रेम संबंधों से परेशान होकर दामाद ने 6 लाख की सुपारी देकर कराई ससुर हत्या

एजेंसी ▶▶ कानपुर

जेके कैंसर अस्पताल परिसर में औरैया के ग्राम बहादुरपुर निवासी दिव्यांग तीमारदार राजकुमार सिंह राजावत की नृशंस हत्या उनके दामाद मोहित सिंह तोमर ने छह लाख रुपये सुपारी देकर कराई थी। मंगलवार को डीसीपी सेंट्रल ने मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस की पूछताछ में मोहित ने बताया कि पत्नी नम्रता के तीन अलग-अलग लोगों से प्रेम संबंध थे। इसको लेकर आए दिन विवाद होता था। जानकारी ससुर को देते थे तो वह उलटा उनका ही विरोध कर जेल भिजवाने की धमकी देते थे। आगे उसकी योजना पत्नी को कार से कुचलवाने की थी। लेकिन इससे पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रस्सी से घोंटने के बाद उसके पेट व सीने में 12 चाकू के अलावा कुल 19 से ज्यादा निशान मिले हैं।

## पेज एक का शेष....

### प्रकाश पर्व...

पर्व पर हमारे दो महान लोकतंत्र विश्व को आशा की किरण दिखाते रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के विरूद्ध एकजुट रहें'। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं की बातचीत में हालांकि पाकिस्तान का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई जिक्र नहीं किया गया। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ये दावा किया था कि उनके और पीएम मोदी की वार्ता में भारत-पाकिस्तान संबंधों के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा रूस से जारी तेल खरीद को लेकर भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की वजह से संबंधों में आई तल्खी के दौर में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच इस साल 16 सितंबर के बाद हुई ये तीसरी सार्वजनिक फोन कॉल थी। 50 फीसदी टैरिफ में दंडात्मक टैरिफ का 25 फीसदी भाग शामिल है।

### रूसी तेल खरीद-संघर्षविराम ...

और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध खत्म हो जाए। समारोह में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और भारतीय मूल के कई प्रमुख व्यापारिक नेता जैसे एडोब इंक के सीईओ शांतनु नारायण, माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मल्होत्रा और आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यालय में दीप प्रज्वलित किया। वहीं, भारत के राजदूत ने इस आयोजन को लेकर एक्स पर पोस्ट में अमेरिका के राष्ट्रपति के प्रति आभार जताया।

### दोनों मुद्दों पर साफ ...

*कर चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई अपनी बातचीत में ये कह चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था। जिसमें किसी तीसरे देश, नेता या पक्ष की कोई भूमिका नहीं रही है। वहीं, भारत की रूस से चल रही तेल खरीद आम भारतीय उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। जिसमें बाजार की स्थिति और वैश्विक परिदृश्य की खासी भूमिका है। इसके अलावा भारत ने मामले पर अमेरिका की तरफ से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के निर्णय को भी पूर्णतः गलत और अविवेकपूर्ण बताया है।*

### ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी...

जा सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि अगर चौथा ट्रैक भी संचालन के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया तो ट्रेनों को गाजियाबाद से टुंडला मार्ग होते हुए आगरा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। रेलवे अधिकारी लगातार मौके की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ट्रैक क्लियर करने के प्रयास जारी हैं। प्राथमिक जांच में किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन हादसे के कारण दिल्ली, आगरा और झांसी के बीच कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा है। यह दुर्घटना रेल सुरक्षा और ट्रैक रखरखाव को लेकर फिर एक बार सवाल खड़े करती है। उम्मीद है कि जल्द ही मरम्मत कार्य पूरा कर ट्रेनों की आवाजाही सामान्य की जाएगी। भोपाल से जिन यात्रियों ने वंदे भारत व शताब्दी का टिकट कराया था, वे असमंजस की स्थिति में हैं। कई यात्रियों की यात्रा बेहद जरूरी और इमरजेंसी में थी।

**रेलवे ने दी यात्रियों को सलाह:** रेल प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति, समय और ठहराव की जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in या एनटीईएस मोबाइल एप का उपयोग करें।

**कई ट्रेनों को छाता धौलपुर, आगरा कैंट व अन्य स्टेशनों पर रोका :** आगरा रेल मंडल के मथुरा-पलवल खंड के वृंदावन और अझई स्टेशनों के बीच मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के चलते आगरा से दिल्ली और दिल्ली से आगरा जाने वाली दर्जन भर से ज्यादा ट्रेनों के पहिए थम गए। इन ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे हेल्पलाइन पर लगातार शिकायतें आ रही हैं। अधिकतर ट्रेनें 2 से 3 घंटे देरी से चल रही हैं। वहीं हादसे के कारण ट्रेनें निरस्त होने और मार्ग परिवर्तन से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ट्रैक बाधित होने की वजह से कई ट्रेनों को छाता धौलपुर, आगरा कैंट व अन्य स्टेशनों पर रोक दिया गया। वहीं उत्तर मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे की ओर जाने वाली ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन कर दिया है। रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा और बीना जाने वाली ट्रेन गाजियाबाद, मितावली, आगरा कैंट और बीना मार्ग से डायवर्ट करने की योजना बनाई है।

### एक साल पहले भी ...

*समय मालगाड़ी की रफ्तार करीब 55 किलोमीटर प्रति घंटा थी। हालांकि, हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई थी, लेकिन इस हादसे की वजह से कई ओवरहेड इक्विपमेंट खंभे टूट गए थे। हादसे की वजह से ट्रैक पूरी तरह से बाधित हो गया था। दिल्ली से आगरा की ओर आने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा था।*

### गंगोत्री धाम...

में सवार होकर गंगा की भोगमूर्ति जैसे ही मंदिर गर्भगृह से बाहर निकली तो पूरा माहौल मां गंगा के जयकारों से गूंज उठा। 14 राजस्थान राइफल्स के बैंड की धुन और परंपरागत ढोल दमाऊ की थाप के साथ 11: 55 पर डोली यात्रा शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए पैदल रवाना हुए। इस बार धाम में 7.57 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट गुरुवार को बंद किए जाएंगे।

### पीएम मोदी की प्रेरणा से...

में, 30 अगस्त 2020 को 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी नस्लों को अपनाने और "वोकल फॉर लोकल" की भावना को बढ़ावा देने की अपील की। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से बीएसएफ ने दो भारतीय नस्लों- रामपुर हाउंड और मुधोल हाउंड- को अपने बल में शामिल किया। रामपुर हाउंड, उत्तर प्रदेश की रामपुर रियासत की पहचान है, जिसे नवाबों ने शिकार के लिए विकसित किया था। यह नस्ल अपनी फुर्ती और निर्भीकता के लिए प्रसिद्ध है। मुधोल हाउंड, दक्कन के पठार का गौरव है, जो मराठा सेनाओं से जुड़ा रहा है। बाद में राजा मलोजीराव घोरपड़े ने इसका संरक्षण किया और ब्रिटिश अधिकारियों के समक्ष इसे "कारवां हाउंड" के रूप में प्रस्तुत किया। अधिकारी ने बताया, टेकनपुर में बीएसएफ इन भारतीय श्वानों को न केवल प्रशिक्षित कर रही है, बल्कि उनके प्रजनन से देसी नस्ल के खास कुत्तों की फौज तैयार की जा रही है। अब यह कार्यक्रम सहायक के-9 केंद्रों तक विस्तारित हो चुका है। वर्तमान में 150 से अधिक भारतीय नस्लों के श्वान पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं तथा नक्सल प्रभावित इलाकों में सक्रिय तैनाती पर हैं। वर्ष 2024 की अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट (लखनऊ) में बीएसएफ की "रिया", एक मुधोल हाउंड, ने 'सर्वश्रेष्ठ ट्रैकर ट्रेड श्वान' और 'डॉग ऑफ द मीट' दोनों खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहली बार था जब किसी भारतीय नस्ल के डॉग्स ने 116 विदेशी नस्लों को पीछे छोड़ यह उपलब्धि हासिल की।अब इस गौरव को और बढ़ाते हुए, आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में (एकता नगर, गुजरात), बीएसएफ केवल भारतीय नस्लों के श्वानों की एक विशेष मार्चिंग टुकड़ी प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर भारतीय श्वानों की सामरिक कुशलता का प्रदर्शन भी किया जाएगा। भारतीय नस्लों के श्वानों का बीएसएफ में समावेश देश की आत्मनिर्भरता, स्वदेशी गौरव और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक बन गया है। यह पहल न केवल भारत की पारंपरिक नस्लों को पुनर्जीवित कर रही है, बल्कि यह भी दिखाती है कि भारत अपनी शक्ति, परंपरा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है- और इस यात्रा में भारतीय श्वान गर्व से राष्ट्र सेवा में जुटे हैं।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव...

सवाल जब सीधे यात्रियों से रेलमंत्री ने किए तो नजारा देखने लायक था। यात्रियों में नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बनाई गई व्यवस्था को बेहतर बताया। पूजा है तो जाना है। चुनाव भी है तो जाना है। ये दो वाक्य ज्यादातर यात्रियों ने रेलमंत्री से कही । जाहिर है बिहार विधानसभा चुनाव और छठ पूजा के विशेष अवसर पर इस बार हर साल की अपेक्षा ज़्यादा प्रवासी बिहारी वापिस बिहार जा रहे हैं। मौक़ा है । नज़ाकत भी तो रेलमंत्री ने अपनी तरफ़ से मेहनत में कमी नहीं छोड़ी। यात्रियों की ये एहसास करवाया की मोदी सरकार उनका कितना और किस हद तक ध्यान रखती है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने स्टेशन पर प्लेटफॉर्म न. 1 पर कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, जहां से पूरे स्टेशन पर नजर रखी जा रही हैं। उन्होंने प्लेटफॉर्म न 12/13 पर यात्रियों से सीधे बातचीत की। इसके बाद मंत्री ने प्लेटफॉर्म न.16 पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में स्लीपर क्लास के यात्रियों से उनके अनुभव जानें और प्रतिक्रिया ली। इसके लिए वह ट्रैन के कोच में चढ़ गए। उन्होंने एक-एक यात्रियों से बातचीत की और उनसे अनुभव पूछे। इसके बाद, मंत्री ने अजमेरी गेट साइड बने विशाल यात्री सुविधा केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में प्रतिक्रिया (फीडबैक) ली। मीडिया से बातचीत करते हुए रेत मंत्री वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की भारी भीड़ के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं। रेलवे के 12 लाख कर्मचारी दिन रात यात्रियों की सेवा में लगे हुए हैं।इस निरीक्षण के दौरान, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### 12 हजार से ज्यादा स्पेशल...

तक 76 ट्रेनें शुरू हो चुकी हैं और 78,000 से ज्यादा यात्री इसका लाभ उठा चुके हैं। सभी स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं ताकि भीड़ की वजह से कोई अनहोनी न हो। साथ ही 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के जरिए स्टेशनों की निगरानी की जा रही है।

### एसआईआर देश भर...

इस बार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को दिए गए पिछले निर्देशों की प्रगति का भी आकलन किया, जिसके तहत वर्तमान मतदाताओं को पिछली एसआईआर के अनुसार पंजीकृत मतदाताओं से मैप करने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचन निबंधक अधिकारियों (ईआरओ), सहायक निर्वाचन निबंधक अधिकारियों (एईआरओ ), मतदान केंद्र स्तर अधिकारियों (बीएलओ) तथा मतदाता सूची अभिकर्ताओं (बीएलए) की नियुक्ति और प्रशिक्षण की स्थिति की भी समीक्षा की।

## जांच में जुटी पुलिस

# दो युवक आपस में भिड़े, चौराहे पर हाथापाई जमकर हुई मारपीट





एजेंसी ▶▶ कानपुर

बर्रा थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक चौराहे पर देर रात दो युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कानपुर में बर्रा थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक चौराहे पर देर रात दो युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार, देर रात शास्त्री चौक चौराहे पर किसी बात को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए और उनके बीच हाथापाई हुई। वायरल वीडियो में दोनों युवक एक-दूसरे को मारते-पीटते दिख रहे हैं, जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही देख फूटा आक्रोश

# जिला अस्पताल में मानवता हुई शर्मसार बीमार युवती को कंधे पर लादकर ले गए

एजेंसी ▶▶ इटावा

इटावा में जिला अस्पताल में बुधवार को मानवता उस वक्त शर्मशार हो गई जब एक बीमार युवती को इलाज के बाद स्ट्रेचर न मिलने पर परिजनों ने कंधे पर उठाकर अस्पताल के गेट तक पहुंचाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, बसरेहर क्षेत्र से एक बीमार युवती को परिजन बुधवार दोपहर



जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में भर्ती करने की सलाह दी। लेकिन अस्पताल में स्ट्रेचर न मिलने के कारण परिजनों को उसे कंधे पर उठाकर गेट तक ले जाना पड़ा। वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया।

डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## ऑप्रेशन के बाद जब घुटने में फिर हो दर्द



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। दो साल पहले घुटने का ऑप्रेशन करवाया था। कुछ समय से घुटने में फिर से दर्द हो रहा है। चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है। मुझे क्या करना चाहिए ?**

**-उमाशंकर, भोपाल**

आपने यह नहीं बताया है कि क्या हाल-फिलहाल में घुटने में चोट लगी है? क्योंकि ऐसे मामलों में चोट लगने से दोबारा दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा कुछ नहीं हुआ है तो जरूर आपको उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, जिन्होंने आपका ऑप्रेशन किया था। वह एक्सरे कराकर दर्द का कारण पता लगाएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू होगा। तब तक आप इस बात का ध्यान रखें कि ज्यादा तेज चलना या रनिंग ना करें और वजन भी ना उठाएं।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरी एड़ियां फटने लगती हैं। पेट्रोलियम जैली या क्रीम लगाने से भी कोई खास फायदा नहीं होता। कृपया बताएं, इससे बचने के लिए क्या करूं ?**

**-शोभित, रायपुर**

सर्दी के मौसम में यह समस्या बहुत आम हो जाती है, लेकिन ज्यादातर लोगों को क्रीम या जैली लगाने से आराम मिल जाता है। आप रात में सोने से पहले गर्म पानी से अपने पैर धुलें और पूरी तरह से उनको पोंछकर सुखा लें। फिर उसके बाद जैली लगाएं, इस तरह करने से आराम मिलेगा। अगर तब भी आराम नहीं मिले तो डॉक्टर से एक बार संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब भी गर्म पानी से नहाता हूं तो रैशेज हो जाते हैं। ऐसा क्यों होता है, इस समस्या का प्लीज समाधान बताएं।**

**-नीरज, भोपाल**

अगर आपको त्वचा से संबंधित कोई समस्या है तो आपको गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। पानी का टेंप्रेचर नॉर्मल कर लेना चाहिए। यानी न ज्यादा ठंडा हो और न ज्यादा गरम। इस तरह के पानी से आपको नहाना चाहिए और नहाने के साथ ही पूरे शरीर पर नारियल का तेल लगा लेना चाहिए। इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से अकसर ही मेरी कमर और गर्दन में अकड़न बनी रहती है। कभी-कभी तेज दर्द भी होता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-नवीन, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, यानी आप काम क्या करते हैं? अगर आपकी लंबी सिटिंग वाली जॉब है तो यह समस्या इसी वजह से हो सकती है। आपको फिजियोथेरेपिस्ट से पूछकर रेग्युलर सुबह-शाम एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसके अलावा काम के दौरान बीच-बीच में टहल लेना चाहिए और पोश्चर सीधा रखना चाहिए। इस तरह करने से आपको आराम मिल सकता है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। खाना ठीक से नहीं पचता। कभी लूज-मोशन तो कभी कॉन्सटिपेशन हो जाता है। कृपया इसका उपाय बताएं।**

**-सेवालाल, महेंद्रगढ़**

उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की समस्या कई लोगों में शुरू हो जाती है। आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना चाहिए, जैसे- खाने में सलाद जरूर शामिल करना चाहिए। अगर हो सके तो डेली दही भी जरूर खाना चाहिए। फल रेग्युलर खाना चाहिए। रात में हल्का आहार लेना चाहिए। अगर आराम ना हो तो डॉक्टर से संपर्क करें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

मेडिकल एडवाइस

विवेक शुक्ला

आंकड़े बताते हैं दुनिया भर में हर साल स्ट्रोक से 70 लाख लोगों की मौत होती है और यह सिलसिला दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। 4 में से एक व्यक्ति को दूसरी बार स्ट्रोक होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक समय तक यह माना जाता था कि स्ट्रोक (ब्रेन अटैक) 60 साल या इससे अधिक उम्र वाले लोगों की बीमारी है, लेकिन अब इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या के मामले 35 से 50 साल की उम्र वालों में भी सामने आ रहे हैं। भारत में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति स्ट्रोक से पीड़ित होता है।

### गंभीर मेडिकल कंडीशन है स्ट्रोक

वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, स्ट्रोक एक ऐसी आपातकालीन मेडिकल कंडीशन है, जिसमें मस्तिष्क की धमनी (आर्टरी) में रक्त की आपूर्ति अचानक अवरुद्ध हो जाती है या फिर धमनी फट जाती है। इन दोनों ही गंभीर स्थितियों में मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति न होने के कारण उसे ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिसके परिणामस्वरूप दिमाग की कोशिकाएं (न्यूरॉन्स) मृत होने लगती हैं और मरीज 'कोमा' में जा सकता है। अगर समय रहते मरीज का उपयुक्त इलाज नहीं कराया जाए तो यह स्थिति उसके लिए जानलेवा बन सकती है।

### स्ट्रोक के प्रमुख प्रकार

स्ट्रोक के दो प्रमुख प्रकार इस्केमिक और हैमोरेजिक हैं। इस्केमिक स्ट्रोक के लगभग 85 प्रतिशत और हैमोरेजिक स्ट्रोक के लगभग 15 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। स्ट्रोक के तीसरे प्रकार को ट्रांजियंट इस्केमिक अटैक (टीआई) कहा जाता है। इस्केमिक स्ट्रोक में मस्तिष्क की धमनियों में अचानक रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है। ट्रांजियंट इस्केमिक अटैक में मस्तिष्क की धमनियों में रक्त संचार अचानक कुछ समय (लगभग 1 घंटे से कम) के लिए बाधित हो सकता है। इस दौरान व्यक्ति असामान्य और असहज महसूस करता है, लेकिन लगभग एक घंटे के बाद ये लक्षण स्वतः दूर हो जाते हैं। हेमोरेजिक स्ट्रोक को ब्रेन हेमरेज भी कहा जाता है। हैमोरेजिक स्ट्रोक में दिमाग की रक्तवाहिका फट जाती है।

### इनसे बढ़ता है स्ट्रोक का रिस्क

**हाई ब्लड प्रेशर:** अमेरिकन स्ट्रोक एसोसिएशन के अनुसार स्ट्रोक का एक प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर है। उच्च रक्तचाप से धमनियों की आंतरिक दीवार पर दबाव पड़ता है। कई बार इस दबाव के कारण धमनियां फट सकती हैं या फिर इनमें लीकेज हो सकता है। यह स्थिति स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है।

स्पेशल: वर्ल्ड स्ट्रोक डे, 29 अक्टूबर

अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और तनाव का प्रबंधन नहीं कर पाने के कारण स्ट्रोक के मामले दुनिया भर में बढ़ रहे हैं। वैसे तो यह बेहद खतरनाक स्थिति होती है लेकिन अगर समय रहते ट्रीटमेंट मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। स्ट्रोक होने के कारणों, उसके रिस्क फैक्टर्स, उसके लक्षणों, उससे बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

## स्ट्रोक : जल्द से जल्द ट्रीटमेंट है जरूरी







**तनाव भरी जीवनशैली:** जो शख्स तनावपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके दिल की धड़कन बढ़ जाती है। कालांतर में एक अरसे से जारी तनावपूर्ण स्थिति हृदय और मस्तिष्क की धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्रतिकूल प्रभाव छोड़ती है, जो स्ट्रोक का कारण बनती है। तनावपूर्ण स्थिति के कारण व्यक्ति अनिद्रा का भी शिकार हो जाता है। अनिद्रा की स्थिति दिल और दिमाग की सेहत के लिए अच्छी नहीं है।

**डायबिटीज:** वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन के एक सर्वेक्षण के अनुसार जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, उनमें स्ट्रोक और हृदय रोगों से ग्रस्त होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है। रक्त में शुगर बढ़ने से रक्त वाहिकाओं समेत कई अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह स्थिति कालांतर में स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ाती है।

**धूम्रपान-शराब:** जो लोग धूम्रपान और शराब के आदी हैं, उनमें स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है।

**शारीरिक श्रम और व्यायाम से दूरी:** यह स्ट्रोक का प्रत्यक्ष कारण नहीं है, लेकिन इन दोनों को अपनी दिनचर्या में शामिल न करना, कालांतर में स्ट्रोक के खतरे को बुलावा देता है।

**मोटापा:** वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें स्ट्रोक होने का जोखिम बहुत ज्यादा होता है।

**उम्र का बढ़ना (एजिंग प्रोसेस):** आयु बढ़ने पर रक्त वाहिकाएं धीरे-धीरे संकरी होती जाती हैं, जो एक कुदरती प्रक्रिया है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल कर इस प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है।

**नमक का अधिक सेवन:** नमक का अधिक सेवन उच्च रक्तचाप को बढ़ाने में सहायक है, जो कालांतर में स्ट्रोक का जोखिम बढ़ाता है।

**किडनी में गड़बड़ी:** किडनीज के विकारग्रस्त होने से उच्च रक्त चाप की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जो एक अर्से बाद स्ट्रोक के जोखिम को बढ़ा देती है।

### जीवनरक्षक गोल्डन ऑवर्स

स्ट्रोक से पीड़ित व्यक्ति को अगर 3-4 घंटे के अंदर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाती है तो इस अवधि को मेडिकल भाषा में गोल्डन ऑवर्स कहा जाता है। गोल्डन ऑवर्स में उपलब्ध होने वाली चिकित्सा से स्ट्रोक के दुष्प्रभावों और जटिलताओं को काफी हद तक कम और नियंत्रित किया जा सकता है। इस तरह पेशेंट की जान बचा सकते हैं।

### इलाज के बारे में

सीटी स्कैन और एमआरआई आदि जांचों के बाद पता चलता है कि स्ट्रोक का प्रकार क्या है और इसके कारण मस्तिष्क को कितनी क्षति पहुंची है? इसके बाद स्ट्रोक के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है। स्ट्रोक के इलाज की कुछ प्रमुख विधियां और प्रोसीजर इस प्रकार हैं-

**दवाएं और इंजेक्शन:** इनके जरिए मस्तिष्क के रक्त के थक्कों को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

**मैकेनिकल थॉम्बेक्टॉमी:** इस्केमिक स्ट्रोक का यह आधुनिक और काफी हद तक कारगर इलाज है। इस सर्जिकल प्रोसीजर के जरिए एक 'कैथेटर' डालकर रक्त के थक्कों (ब्लड क्लॉट्स) को हटा देते हैं। इस प्रकार मस्तिष्क की धमनियों में आए अवरोध (ब्लॉकेज) को दूर कर देते हैं।

**क्वायलिंग:** हैमोरेजिक स्ट्रोक के इलाज में इस मेडिकल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में मस्तिष्क के जिस भाग में नस के फटने से रक्तस्राव या रक्त के थक्के (ब्लड क्लॉट्स) जमे होते हैं, उन्हें दूर किया जाता है।

**सर्जरी:** जिन पीड़ितों के मस्तिष्क में अधिक मात्रा में रक्त स्राव हुआ या फिर जिनमें खून के थक्के बड़े हैं या फिर जिनके दिमाग में सूजन बहुत आ चुकी है, ऐसी स्थिति में न्यूरो सर्जरी ही एकमात्र विकल्प है।

**डीकंप्रेसिव क्रेनियोटॉमी:** अगर मस्तिष्क की धमनी में अवरोध है या फिर थक्कों के कारण बहुत ज्यादा प्रेशर है तो इस समस्या का समाधान करने में डीकंप्रेसिव क्रेनियोटॉमी प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। *

**(मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में चेयरमैन-न्यूरोलॉजी, डॉक्टर अरुण गर्ग और कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर में लीड कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी, डॉक्टर प्रणव घोडगांवकर से बातचीत पर आधारित)**

### स्ट्रोक से संभव है बचाव

**स्ट्रोक से** संबंधित जोखिम भरे कारकों के संदर्भ में सजग रहने या फिर उनसे दूरी बनाकर इस समस्या से बचाव संभव है। इस क्रम में इन बातों का रखें ध्यान-

- अपने रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को 120/80 या फिर बॉर्डर लाइन 140/90 पर रखने का प्रयास करें। इसके लिए ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करें या कराएं और अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित रूप से दवाएं लें।
- तनाव का प्रबंधन करने के लिए योग व प्राणायाम और मेडिटेशन करें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इसके बावजूद अगर आप तनाव को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं तो फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लें।



- मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर से परामर्श लेकर नियमित रूप से दवाएं लें। खान-पान में विशेषकर मीठे खाद्य और पेय पदार्थों से परहेज करें।
- धूम्रपान और शराब की लत छोड़ दें, इससे स्ट्रोक का रिस्क कम होगा। लत छुड़ाने के लिए मनोरोग विशेषज्ञ की मदद ले सकते हैं।
- दिनचर्या में व्यायाम और अन्य प्रकार के शारीरिक श्रम को शामिल करें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें।
- मोटापा दूर करने के लिए अपने खान-पान पर ध्यान दें। जंक फूड्स से परहेज करें। आहार में सलाद, हरी सब्जियां और फलों को प्राथमिकता दें और नियमित व्यायाम करें।

योगोपचार

संध्या रानी


वृद्धावस्था में शारीरिक सक्रियता, फिटनेस और एनर्जी बनाए रखना थोड़ा मुश्किल होता है। लेकिन अगर आप कुछ योगासनों का नियमित अभ्यास करें तो इन सभी को मेंटेन रख सकते हैं। यहां बता रहे हैं बुजुर्गों के लिए उपयोगी ऐसे ही कुछ योगासन।

## बुजुर्गों के लिए बहुत उपयोगी हैं ये योगासन


वृद्धावस्था में भी शारीरिक सक्रियता और ऊर्जावान बने रहने के लिए अपने शरीर की देखभाल करना जरूरी है। इसके लिए सबसे बेहतर उपाय है योगासन करना।

**योगाभ्यास के फायदे:** योगासनों का अभ्यास करने से शरीर के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है। वैसे तो योगाभ्यास हर उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद होता है लेकिन बुजुर्गों के लिए ऐसा नियमित करना बेहद जरूरी है,क्योंकि इससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से वे मजबूत रहेंगे। बढ़ती उम्र में अनेक बीमारियां अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। उनसे बचने के लिए भी योगासन मददगार होता है। इससे उनका शरीर लचीला बना रहता है और इससे उनकी मांसपेशियां व हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। इससे गिरने पर हड्डी टूटने का रिस्क कम हो जाता है। इतना ही नहीं इससे उनका इम्यून सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग बना रहता है और अनेक बीमारियों से बचाव भी होता है। योगासन करने से दिमाग में हैप्पी हार्मोन एंडोर्फिन निकलता है, जिसके कारण तनाव, चिंता और उदासी कम हो जाती है। साथ ही इससे उनकी याददाश्त और सोचने की क्षमता भी बेहतर हो जाती है।

**उपयोगी आसन:** बुजुर्गों को योगासन या व्यायाम की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से ही करना चाहिए, जो शरीर के सभी जोड़ों को लचीला बनाता है। इसलिए एक महीने तक इनका अभ्यास करने के बाद कुछ सरल आसनों जैसे-ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, तितली आसन, वज्रासन, पवन मुक्तासन,







मकटासन, सर्पासन को अपनी क्षमता के अनुसार धीरे-धीरे जोड़ते जाना चाहिए। इनमें से कुछ आसनों के बारे में यहां बता रहे हैं।

**ताड़ासन:** बुजुर्ग लोगों के पैर भी उम्र के साथ-साथ कमजोर हो जाते हैं। कई बार तो उनका चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। चलते समय पैर कांपने लगता है। इस स्थिति से बचने के लिए ताड़ासन बहुत ही फायदेमंद होता है। इसे करने के लिए दीवार की ओर मुंह करके हाथों से दीवार का सहारा लेते हुए सीधे खड़े हो जाएं। अब दोनों पैर की एड़ियों को जमीन से अधिकतम ऊपर उठाएं। फिर नीचे लाएं। यह ताड़ासन की एक आवृति है। शुरुआत में इसकी दस आवृतियों का अभ्यास कीजिए। धीरे-धीरे इसे अपनी क्षमतानुसार बढ़ाते जाएं। खूब अभ्यास होने पर अधिकतम इसे 100 की संख्या तक किया जा सकता है। यह ध्यान रहे कि इसे धीरे-धीरे ही बढ़ाना है। इसके अभ्यास से पैरों की क्षमता आजीवन बनी रहती है।

**ध्यान:** बुजुर्गों को अपने मन और भावनाओ को नियंत्रित, संतुलित करने के लिए ध्यान करना बेहद आवश्यक है। इसके लिए सबसे पहले किसी भी आसन में सिर को सीधा करके बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रख लें। अपनी आंखों को हल्का बंदकर चेहरे को खूब ढीला छोड़ दें। अब अपनी श्वास-प्रश्वास पर मन को एकाग्र करने का अभ्यास कीजिए। अगर इस दरम्यान मन बार-बार भटकता है, तो मन को श्वास पर वापस लाने का प्रयास करें। इस क्रिया को दस से पंद्रह मिनट तक प्रतिदिन करने का अभ्यास करें। इसको नियमित करने से तनाव, बेचैनी, भय और व्यग्रता कम हो जाती है। मन शांत और चित्त प्रसन्न रहता है।

**प्राणायाम:** वृद्धावस्था में शरीर में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास बहुत ही फायदेमंद होता है। अधिक उम्र वालों के लिए कपालभाति, उज्जयी एवं नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास करना रामबाण है।

**उज्जयी प्राणायाम:** ध्यान के किसी भी आसन जैसे सिद्धासन, पद्मासन, सुखासन में रीढ़, गले और सिर को सीधा करके बैठ जाएं। जो लोग जमीन पर नहीं बैठ पाते हों, वे कुर्सी या बेड पर रीढ़, गला व सिर को सीधा करके बैठ जाएं। आंखों को हल्के से बंदकर, चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब बहुत ही ध्यान से लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। इसके बाद नाक से धीमी, लंबी और गहरी श्वास अंदर (पूरक) लें। साथ में यह भी ध्यान रखें कि पूरक करते समय गले से शी-शी-शी की आवाज निकालें। इसके बाद नाक से ही धीमी, लंबी और गहरी प्रश्वास बाहर (रेचक) निकालें। साथ में गले से हा-हा-हा की आवाज निकालें। शुरू में इसका अभ्यास 12 बार करें। धीरे-धीरे इसकी संख्या बढ़ाकर 30 तक ले जा सकते हैं।

**नाड़ीशोधन प्राणायाम:** इसे करने के लिए किसी भी आसन में बैठ जाएं। आंखों को ढीली बंदकर पांच लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। फिर दाएं हाथ के अंगूठे से दाईं नाक को बंदकर बाईं नाक से लंबी और धीमी श्वास अंदर लेकर बाईं नाक को बंदकर दाईं नाक से श्वास धीरे और गहराई के साथ बाहर निकालें। इसके बाद दाईं नाक से धीमी और लंबी श्वास अंदर लेकर बाईं नाक से धीमी और लंबी श्वास ही बाहर निकालें। शुरुआत में इसे 12 बार करें। फिर धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर तीस तक ले जाएं। यह हमेशा ध्यान रखें कि प्राणायाम और आसन का अभ्यास खाली पेट ही करना चाहिए।

**पवन मुक्तासन:** इसे करने के लिए दरी या योग मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। शरीर के सभी अंगों को ढीला रखें। तीन लंबी और गहरी श्वास-प्रश्वास लें। अब दाएं पैर को घुटने से मोड़कर इसके घुटने को हाथों की मदद से छाती के पास लाने का प्रयास करें। लेकिन इस प्रयास में किसी भी तरह की जबर्दस्ती नहीं करनी है। अगर गर्दन की स्पांडिलाइटिस की प्रॉब्लम नहीं है तो सिर को ऊपर उठाकर माथे या नाक के द्वारा दाएं घुटने को स्पर्श करने का प्रयास करें। यह पवन मुक्तासन की अंतिम स्थिति है। इस स्थिति में सजग रहकर श्वास-प्रश्वास को सामान्य रखते हुए आरामदायक समय तक रुकने का प्रयास करें। फिर वापस पूर्व स्थिति में आ जाएं। अब इसके बाद यही क्रिया बाएं पैर से भी करें। इस आसन के बाद अंत में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास करना बहुत ही फायदेमंद होता है। अधिक उम्र वालों के लिए कपालभाति, उज्जयी एवं नाड़ी शोधन का अभ्यास करना प्रभावी है। *

**(योगाचार्य कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)**



# दिवाली की धूम... 50 करोड़ की पूजन सामग्री, 30 करोड़ के पटाखे, 50 ट्रक फूलों से गुलजार शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

दीपावली का पर्व न्यायधानी बिलासपुर में इस बार रौनक और चमक-धमक का नया रिकॉर्ड बना गया। शहर की गलियां और बाजार उत्सव के रंग में डूबे नजर आए।

अनुमान है कि इस बार पूजन सामग्री की बिक्री 50 करोड़ रुपए तक पहुंची, वहीं पटाखों का कारोबार 30 करोड़ रुपए पार कर गया। इसके अलावा करीब 500 कार, बाइक और स्कूटर दिवाली पर ग्राहकों को डिलीवर किए गए और 50 ट्रक गेंदे के फूलों से पूरी न्यायधानी सजाई गई।

**50 ट्रक गेंदे के फूलों से पूरी न्यायधानी सजाई गई**



### खचाखच बाजार, पूजन सामग्री और मूर्तियों की खरीद जोरों पर रही

गोलबाजार, शनिचरी, तेलीपारा, लिंक रोड, राजीव प्लाजा और रिवर व्यू से लेकर ग्रीन गार्डन तक हर बाजार खचाखच भरा रहा। धनतेरस पर जहां सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट सेक्टर में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज हुई, वहीं पटाखों की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। मुंगेली नाका, रिवर व्यू, बुधवारी बाजार और ग्रीन गार्डन मैदान में करीब 350 पटाखा दुकानें सजीं, जिनमें नए-नए ग्रीन पटाखों ने बच्चों और युवाओं को आकर्षित किया। धनतेरस पर पटाखों की 15 करोड़ की बिक्री हुई थी और दिवाली तक यह आंकड़ा 30 करोड़ के पार का अनुमान है। पूजन सामग्री और मूर्तियों की खरीद भी पूरे जोरों पर रही। बाजारों में लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, कलश, दीप, अगरबत्ती, रोली, चांदी के सिक्के और शुभ चिन्हों की जमकर बिक्री हुई। अनुमान है कि अकेले पूजन सामग्री की बिक्री 50 करोड़ रुपये तक पहुंची। सराफा और बर्तन बाजारों में मेड इन इंडिया उत्पादों की मांग खास रही।

### फूलों की महक में शहर

इस बीच, गेंदे और गुलाब के फूलों से पूरा शहर महका। कोलकाता, नासिक और बंगलुरु से आए फूलों ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी। गेंदा फूलों की लड़ी 40 से 180 रुपये में बेची गई है। लक्ष्मी पूजन के लिए कमल फूलों की मांग भी अधिक रही। स्थानीय किसानों ने तालाबों से कमल निकालकर अच्छी कमाई की। अनुमान है कि फूलों का कारोबार 50 ट्रक तक पहुंच गया है। फल बाजारों में भी भीड़ रही। केले, सेब, अनार और नारियल की खरीदी जोर पकड़ती रही। कारोबारियों के अनुसार, फलों का लगभग पांच करोड़ रुपए का कारोबार हुआ और कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### चित्रकूट में 2800 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक हो जाएंगे पूरे

# प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए होगा चित्रकूट का विकासः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए इसका विकास किया जाएगा। चित्रकूट में बड़े निर्माण कार्यों की आवश्यकता नहीं है। मंदाकिनी नदी स्वच्छ और सदानीरा बनी रहे, भगवान कामतानाथ के सुगमता से दर्शन हो सके और भक्तों को सरलता से भोजन प्रसाद मिल सके ऐसे निर्माण कार्य किए जाएंगे। चित्रकूट का विकास प्रबुद्धजन, संतों और आमजन के सुझाव के आधार पर होगा। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनायेंगे। चित्रकूट में सड़क चौड़ीकरण, परिक्रमा पथ के सौदर्यीकरण और धार्मिक स्थलों के विकास के कार्य तेजी से पूरे किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को चित्रकूट में आरोग्यम में प्रबुद्धजन से चित्रकूट के विकास पर चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट में विकास के लिए 163 स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने भवन तोड़कर जमीन उपलब्ध कराई हैं। यह बहुत सराहनीय पहल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा दीनदयाल शोध संस्थान किसानों और युवाओं को पशुपालन की आधुनिक तकनीक देकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें। चित्रकूट के विकास के लिए जारी 2800 करोड रूपये के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल माह तक पूरे हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम-स्टे को बढावा देकर ग्रामीण पर्यटन विकास के साथ रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर सतना संतो, प्रबुद्ध और आमजनता से चित्रकूट के विकास के लिए सुझाव प्राप्त कर उसके अनुरूप कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने आरोग्य में भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति समृद्ध हो रही है।

**खास बातें**

- संतों, प्रबुद्धजन और आमजनों के सुझावों के आधार पर होगा चित्रकूट का विकास
- मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के विकास के संबंध में संतों तथा प्रबुद्धजन से किया संवाद



### मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के पंचवटी घाट पर किया दीपदान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट प्रवास के दौरान दीपावली मेला के अवसर पर आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दीपावली की शुभकामनाएं दी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार मिलकर चित्रकूट के आध्यात्मिक, पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विकास के लिए अनेक कार्य कर रही है। आगामी समय में चित्रकूट का वैभव तथा गौरव और भी बढ़ेगा।

### पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का विमोचन किया। समारोह में डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने मुख्यमंत्री और अतिथियों का स्वागत करते हुए चित्रकूट के विकास के संबंध में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खडेलवाल, सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कुलगुरू ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, पद्मश्री डॉ. बीके जैन, सीताराम बाथम, गायत्री परिवार के प्रतिनिधि रामनारायण त्रिपाठी, कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोग्यधाम चित्रकूट में साधु- संत और प्रबुद्धजनों के साथ चित्रकूट विकास पर मंथन किया।

### सीएम ने बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचवटी घाट पर श्रीराम के गुणों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर दीवारी नृत्य कर रहे कलाकार दलों के बच्चों को प्रोत्साहित किया और बच्चों के बीच पहुंचकर मिष्ठान और उपहार देकर दीपावली की खुशियाँ बांटी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचवटी में चित्रकूट के साधु-संतों से भेंटकर उनका सम्मान भी किया।

### मुख्यमंत्री ने दीपावली पर प्रदेशवासियों को दी बधाई और मंगलकामनाएं

राज्यपाल मंगु भाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र देश का हृदय प्रदेश है, यहां की लगभग 9 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सरकार के साथ सहभागी है। मप्र के नागरिक विकास प्रिय हैं। विकास के यज्ञ में हर नागरिक आहुति दे रहा है। सरकार प्रत्येक अंचल तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली पर उल्लास का वातावरण है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रदेश में सरकार और समाज ने मिलकर बढ़ावा दिया है। प्रदेश अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में भी देश में प्रथम स्थिति में है। अब हमारी प्रगति की रफ्तार बढ़ने से उत्पन्न उल्लास, पर्व की उमंग और उल्लास को दोगुना कर रहा है। राज्यपाल व मुख्यमंत्री दोनों ने नागरिकों को दीपावली के साथ ही छोटी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की बधाई दी।

### दिवाली पर स्वदेशी वस्तुओं को करें प्रोत्साहित

# कलेक्टर्स संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान लें, मौके पर जाकर स्थिति को समझें



**» आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव का सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो आयोजन**

**» सभी ओर हो पुलिस की उपस्थिति, जनसामान्य करे सुरक्षा की भावना महसूस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी दीपावली मनाते हुए आत्मनिर्भर भारत के भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से त्यौहारों में स्वदेशी वस्तुओं के क्रय विक्रय को प्रोत्साहित किया जाए। आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम 25 दिसंबर तक जारी रहेंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और कलेक्टर्स परस्पर समन्वय से तिथियां निर्धारित करते हुए आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी उत्सव के कार्यक्रम आयोजित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगामी त्यौहारों के संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से सांसद, विधायक, सहित सभी जिलों के कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक-नगरीय निकायों के पदाधिकारी और अधिकारियों को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रदर्शन एवं क्रय-विक्रय को बढ़ावा दिया जाए। प्रत्येक जिले में सामाजिक समरसता के आयोजन सम्पन्न किए जाएं। इन आयोजनों में सामाजिक चेतनाशील प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। सामाजिक समरसता की दिशा में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए विचार-विमर्श भी हों।

### संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान ले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स संवेदनशील घटनाओं और खबरों पर तत्काल संज्ञान लें। कलेक्टर्स की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी घटनाओं और समाचारों के संबंध में प्रभारी मंत्री, स्थानीय सांसद तथा विधायकगण को वस्तुस्थिति से तत्काल अवगत कराएं। उनकी ओर से आवश्यकतानुसार मौका स्थल का भ्रमण भी किया जाए। जिला कलेक्टर्स ऐसी सूचनाओं और खबरों पर तत्काल फैक्ट चेक और आवश्यकता हो तो खंडन जारी करें। प्रभारी मंत्री, विभागीय मंत्री, सांसद, विधायक भी भ्रामक और समाज में सद्भावना बिगाड़ने वाली खबरों के संबंध में सही स्थिति रखें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस आवश्यक रूप से घनी बस्ती और चौराहों पर रहे, पुलिस बल भी इलाके में घूमें, पुलिस की उपस्थिति जनता के बीच दिखना चाहिए, जिससे जनता में सुरक्षा की भावना महसूस हो। विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा और विधायक भगवानदास सबनानी ने भी अपने विचार रखे।

### आंख फाड़कर मस्तिष्क तक जा घुसी पूजा की घंटी

**बिलासपुर।** दिवाली की रात एक दर्दनाक हादसा जब हुआ जब घर वाले दिवाली की पूजा कर रहे थे, उस दौरान एक दस वर्षीय मासूम बच्ची खेलते-खेलते अचानक फिसल कर गिर गई। गिरते समय उसकी आंख में पूजा करने वाली घंटी घुस गई, जो सीधे आंख को चिरते हुए मस्तिक में घुस गई। गंभीर हालत में बच्ची को देर रात सिम्स लाया गया।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने बलिदानी एएसपी आकाश राव गिरिपूंजे की पत्नी को डीएसपी नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने बलिदानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरिपूंजे की पत्नी स्नेहा गिरिपूंजे को अनुकंपा के आधार पर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर नियुक्त किया है।

यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल द्वारा पहले ही लिया जा चुका था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपूंजे नौ जून को सुकमा जिले में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री साय ने उनकी मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया था। हाल ही में स्नेहा का एक बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे किसी अन्य विभाग का विकल्प चुन सकती थी, लेकिन उन्होंने पुलिस को सेवा को ही चुना। यह वह विभाग है, जिसे वह सबसे अच्छी तरह समझती हैं। उनका कहना है कि उनके पति ने उन्हें कभी कमजोर नहीं समझा। वह सभी चुनौतियों को स्वीकार कर सकती हैं। उनका कहना है कि वर्दी हमेशा साहेब यानी उनके बलिदानी पति को उनके करीब रखेगी।



### मचा हड़कंप, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के जेल वार्ड से दो कैदी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर में दीपावली की रात एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है, जहां अंबिकापुर सेंट्रल जेल से दो विचाराधीन कैदी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड से फरार हो गए। यह 15 दिनों में दूसरी बार है, जब जेल से कैदियों के भागने की खबर आई है, जिससे जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

कैदियों के फरार होने की सूचना मंगलवार सुबह जेल अधिकारियों के साथ-साथ सरगुजा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और दोनों कैदियों की तलाश में व्यापक अभियान चलाया गया है। सेंट्रल जेल में बंद दो कैदी, रितेश सारथी (ग्राम अंधला, लखनपुर) और पवन पाटिल (ग्राम जमड़ी, भैयाथान, सूरजपुर), तबीयत खराब होने के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती थे। दीपावली की रात लगभग तीन बजे, दोनों कैदियों ने जेल वार्ड में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को चकमा देते हुए चुपके से वार्ड से निकलकर फरार होने में सफल हो गए। सुरक्षा कर्मियों को इस घटना की भनक तक नहीं लगी। फरार हुए कैदियों में रितेश सारथी एक विचाराधीन बंदी है, जिसे पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। वहीं, पवन पाटिल एनडीपीएस एक्ट का आरोपी है, जिसे सूरजपुर जेल से अंबिकापुर शिफ्ट किया गया था। सेंट्रल जेल के अधीक्षक अक्षय राजपूत ने दोनों कैदियों के फरार होने की पुष्टि की है और बताया है कि इस संबंध में पुलिस को सूचित कर दिया गया है।



### पटवारी ने ऐसे दिया ठगी को अंजाम

# जमीन बिक्री का झांसा देकर शिक्षकों से 14 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा जिले के धौरपुर थाना क्षेत्र में पदस्थ एक हल्का पटवारी ने शिक्षकों से जमीन बेचने के नाम पर 14 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली। रजिस्ट्री से इंकार करने पर जब शिक्षकों ने महिला भूस्वामी से मुलाकात की तो पता चला कि वह जमीन नहीं बेच रही है और न ही पटवारी से उसकी कोई बात हुई है। तब शिक्षकों ने पुलिस से शिकायत की। जांच पश्चात पुलिस ने आरोपी पटवारी को गिरफ्तार कर लिया है।




### स्टांप पेपर बनाए, लेकिन रजिस्ट्री नहीं की

जानकारी के अनुसार धौरपुर के ग्राम करौली निवासी शिक्षक मुनेश्वर राम पैकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके साथी शिक्षक अनुक दास को ग्राम करौली में पदस्थ हल्का पटवारी जीवन प्रकाश एक्का (38)निवासी सिलसिला थाना लुंड्रा ने जमीन बिक्री के नाम पर झांसा दिया। पटवारी ने करौली गांव की हिरमनिया नामक महिला की जमीन को बिक्री करने की बात कहकर कुल 16 लाख रुपए में सौदा तय कराया। प्रार्थी और उसके दो साथी शिक्षकों अनुक दास एवं सूर्यदेव तिग्गा ने आपसी सहमति से रकम की व्यवस्था की और 26 दिसंबर 2024 को पटवारी को नौ लाख रुपए नकद दे दिए। पटवारी ने खुद और कथित विक्रेता हिरमनिया के नाम से स्टांप पेपर पर लिखा-पढ़ी भी की, लेकिन रजिस्ट्री नहीं की।

### जमीन मालिक के बीमार होने का बहाना बना दिया

राशि देने वालों ने रजिस्ट्री के लिए कहा तो जमीन मालिक के बीमार होने का बहाना बना दिया। इसके बाद चार जनवरी 2025 को पटवारी ने जमीन विक्रेता की तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए और पैसों की जरूरत बताकर 5,12,950 रुपए और ले लिए। जब शिक्षकों ने जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही, तो पटवारी लगातार बहाने बनाता रहा। संदेह होने पर जब प्रार्थी पक्ष असली भूमि मालिक हिरमनिया से मिला तो उसने स्पष्ट कहा कि उसने कोई जमीन बिक्री नहीं की है और न ही पटवारी को इस संबंध में कोई अधिकार दिया गया है।

### आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा

धोखाधड़ी का पता चलते ही प्रार्थी ने धौरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पटवारी द्वारा लिखी गई स्टांप की प्रतियां जब्त की और आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच में आरोपी जीवन प्रकाश एक्का का पता लगने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने महिला की जमीन को बिक्री करने का झांसा देकर ठगी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कासिम कुरेशी प्रो. एआई अहमद फ्रोजन फूडस पुत्र मोहम्मद मुन्ना ठेकेदार कुरेशी पताः खसरा नं 2/2, गली नं.3–1/2, संगम विहार, वजीराबाद दिल्ली–84 ने सीसी संख्या 4277/19 सीसी संख्या 4278/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कासिम कुरेशी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कासिम कुरेशी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 4277/19 सीसी संख्या 4278/19 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त कासिम कुरेशी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
उर्वी गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
एनआई एक्ट–01 केंद्रीय उपभवन–II,
कमरा नं.201,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13808/CD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी /
(84–भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल जैना पुत्र भारत जैना पता मकान नं. 134, गली नं.1, रामपुरा, दिल्ली ने ई– एफआईआर सं. 80066386/25 धारा 304(2)317(2)3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल जैना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल जैना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–एफआईआर सं. 80066386/25 धारा 304(2)317(2)3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली **के उक्त राहुल जैना** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
केन्द्रीय, कमरा नं.37,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14157/N/2025

## चिंतन

# सोने के भाव में उतार चढ़ाव से उलझन बढ़ी

पीली धातु यानि सोने को हमेशा से ही सुरक्षित निवेश का साधन माना जाता रहा है। कहा जाता है कि सोना कभी धोखा नहीं देता। यह वित्तीय सुरक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्य भी जोड़ता है। सदियों से सोना चाहे आभूषण के रूप में हो, सिक्के के रूप में हो या डिजिटल संपत्ति के रूप में-निवेश रणनीतियों का एक प्रमुख घटक रहा है। जब भी अर्थव्यवस्था खराब होती है, निवेशक सोने की ओर दौड़ पड़ते हैं जैसे कि यह आखिरी सहारा हो। साथ ही, उच्च मुद्रास्फीति, बाजार में गिरावट और मुद्राओं के मूल्यह्रास के दौरान, सोने का मूल्य लचीला होता है या यहां तक कि अधिक हो जाता है। यही कारण है कि सोना उन लोगों के लिए एक पसंदीदा संपत्ति है जो आर्थिक पतन के खिलाफ अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखना चाहते हैं। जब ट्रंप टैरिफ से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था हिचकोले खाने लगी तो न केवल निवेशकों बल्कि दुनियाभर के बैंकों ने सोने में निवेश को उचित समझा और उत्पादन से ज्यादा सोने की खप्त बढ़ गई। इसके चलते सोने के दाम आसमान पर पहुंच गए। सोने के साथ-साथ चांदी ने भी हवा से बातें करनी शुरू कर दी। हालांकि सोने को दीर्घ अवधि में सुरक्षित निवेश के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसकी अल्पकालिक कीमतें बहुत अस्थिर हो रही हैं। सोने की कीमतें वैश्विक आर्थिक स्थितियों, केंद्रीय बैंक की नीतियों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाओं से बहुत प्रभावित होती हैं। उन निवेशकों के लिए जो निवेश करना चाहते हैं तुरंत रिटर्न के मामले में, जब सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव हो रहा है वो बहुत अप्रत्याशित है। दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपये और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपये सस्ती हो गई है। 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपये घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया। इससे पहले 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपये पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम भी 10,549 रुपये घटकर 1,52,501 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपये प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी। ऐसा माना जा रहा है कि दिवाली जैसे फेस्टिवल के बाद इंडिया में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी माहौल में कुछ नरमी दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। माना जा रहा है कि दोनों की मुलाकात के बाद टैरिफ वॉर में कमी आएगी। वहीं कुछ निवेशक मान रहे हैं कि सोने-चांदी की कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं। इसलिए ट्रेंड फॉलोअर्स और डीलर्स ने बिकवाली शुरू कर दी है। इसके चलते सोने और चांदी के दाम हिचकोले खा रहे हैं। अब जो माहौल बना है, उससे उन निवेशकों में मायूसी है, जो सोने को तुरंत लाभ का निवेश मानकार चल रहे थे। हालांकि अभी भी सोना निवेश के विपरीत, सोना एक भौतिक, मूर्त संपत्ति जरूर बना हुआ है। कई निवेशक ऐसी संपत्ति के मालिक बनना पसंद कर रहे हैं। हां, लंबे निवेश के लिए ये फायदे का सौदा जरूर कहा जा रहा है। सरकारी नीतियों पर निर्भर वित्तीय साधनों के विपरीत, सोना निर्वात में रहता है और इसे बिना खराब हुए सालों तक संग्रहित किया जा सकता है, जो लाभ भी देता है।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# ऋण वितरण से विकास में आएगी तेजी

बैंकों की ऋण वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में 11.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि जमा वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान 3.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किए गए, जबकि इससे पिछले पखवाड़े में ऋण के रूप में वितरित की गई राशि 1.02 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस अवधि के दौरान बैंकों में जमा वृद्धि राशि 5.51 लाख करोड़ रुपये थी। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि त्योहारी सीजन, करों को युक्तिसंगत बनाने, राजकोषीय और मौद्रिक मोर्चों पर लिए गए नीतिगत निर्णयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों के ऋण वितरण और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आने के आसार हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार 20 सितंबर से 3 अक्टूबर के दौरान बैंकों की ऋण वृद्धि दर पिछले साल की तुलना में 11.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि जमा वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान 3.63 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किए गए, जबकि इससे पिछले पखवाड़े में ऋण के रूप में वितरित की गई राशि 1.02 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस अवधि के दौरान बैंकों में जमा वृद्धि राशि 5.51 लाख करोड़ रुपये थी।

गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रही थी, जो दूसरी तिमाही तक बढ़कर लगभग 11.4 0 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच चुकी है। घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार भी बैंकों की ऋण वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के अंत तक 12 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि त्योहारी सीजन, सरकारी और नियामकीय उपायों और कॉरपोरेट कर्जदारों के बॉन्ड बाजार जैसी वैकल्पिक व्यवस्था से बैंक उधारी को पंख लगेंगे। हालांकि, निजी पूंजीगत व्यय की वृद्धि में थोड़ा वक्त लगेगा, क्योंकि निजी कंपनियों का विस्तार वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। आम लोगों का बैंक जमा में योगदान भी विगत 5 सालों में 64 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत रह गया है, जिससे बैंकों के कासा डिपॉजिट में कमी आई है। ऐसी डिपॉजिट में ग्राहकों को कम ब्याज दिया जाता है, जिसके कारण यह बैंक के लिए मुफीद होती है। बहरहाल, इसके बाद भी बैंकों के पास उधारी में तेजी लाने के लिए पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है। पिछले 3 सालों में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कुल ऋण में वृद्धि दर घटकर 30 मई, 2025 को समाप्त हुए पखवाड़े में 8.97 प्रतिशत रह गई, जिसका प्रमुख कारण पूँजी की कमी और हाल ही में माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में बैंकों के गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) राशि में इजाफा होने के कारण विशेष सतर्कता बरतना है।

इस क्षेत्र में सकल एनपीए चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.8 प्रतिशत से लगभग दोगुना है। इसलिए, बैंक परिसंपत्ति की गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रहे हैं। साथ ही,वे अंडरराइटिंग मानकों को लगातार सख्त बना रहे हैं, ताकि एनपीए में वृद्धि न हो। कुल उधारी में वृद्धि की धीमी गति के कारण बकाया ऋण भुगतान अनुपात (एलडीआर) घटकर 78.9 प्रतिशत रह गया। इन्क्रीमेंटल एलडीआर भी 1 साल पहले के 98.9 प्रतिशत से घटकर 72.7 प्रतिशत रह गया। बता दें कि यह किसी बैंक के कुल ऋणों और उसकी कुल जमा राशि के बीच का अनुपात होता है, जो किसी बैंक की तरलता और वित्तीय सेहत को मापने के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक है।

पिछले साल की समान अवधि में जमा वृद्धि की तुलना में ऋण वृद्धि काफी अधिक रही और इसमें 700 आधार अंकों का अंतर रहा, जिसके कारण बैंकिंग प्रणाली में एलडीआर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. बैंकों में कुल जमा वृद्धि पिछले साल के मुकाबले 9.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो कुल ऋण वृद्धि दर से 100 आधार अंक अधिक था। इससे पहले मार्च 2022 में कुल ऋण




वृद्धि 9 प्रतिशत से नीचे रही थी। केंद्रीय बैंक के अनुसार बैंकिंग प्रणाली में कुल जमा राशि 231.7 लाख करोड़ रुपये थी, जबकि कुल ऋण 182.8 लाख करोड़ रुपये था। पिछले साल जुलाई महीने से ऋण वृद्धि में नरमी आई, जिसका प्रमुख कारण उधारी दर का अधिक होना था।स्थिति पर काबू पाने के लिए वर्ष 2025 में फरवरी महीने से अब तक रेपो दर में कुल 100 आधार अंकों की कटौती की गई है। फिर भी, फरवरी तक ऊंचे ब्याज दर के कारण कई कोर्पोरेट्सने विदेशों के ऋण पूंजी बाजार की तरफ रुख किया।

शीर्ष रेटिंग वाली कंपनियां तो अभी भी सस्ती दर पर उधारी पाने के लिए बैंकों के मुकाबले डेट पूंजी बाजार जैसे विकल्प को प्राथमिकता दे रहे हैं। विदेशों के ऋण पूंजी बाजार, वैसे वित्तीय बाजार हैं, जहाँ सरकार और कंपनियाँ विभिन्न देशों में निवेशकों को बॉन्ड और ऋण जैसे वित्तीय साधन बेचकर धन जुटाती हैं। इन बाजारों के माध्यम से, कंपनियां विस्तार के लिए पूंजी जुटा सकती हैं, जबकि निवेशक ब्याज के रूप में आय अर्जित कर सकते हैं। इस साल दीवाली में कारोबार पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत के उछाल के साथ 5.40 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जबकि सेवाओं में 65,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। यह आंकड़ा दर्शाता है कि इस साल भी हमनें चाइना मेड उत्पादों की जगह मेड इन इंडिया उत्पादों को तरजीह दी है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष दीवाली में कारोबारियों का कारोबार 4.25 लाख करोड़ रुपये का हुआ था।फिलहाल, मामले में बैंक ऋण के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि दीवाली में हुई बिक्री में बैंक उधारी का बड़ा योगदान रहा है, जिसका पता आगामी पखवाड़े में रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से चलेगा।

केंद्र सरकार की सकारात्मक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर नीतियों से कर प्रणाली सरल, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल हुई है. जीएसटी और प्रत्यक्ष करों में सुधार से उपभोक्ता खर्च, निवेश, और आर्थिक गतिविधियों और विकास को बढ़ावा मिल रहा है। कर दरों को तर्कसंगत बनाने, अनुपालन को सरल करने और एक स्थिर कर नीति को लागू करने से भारत वैश्विक व्यापार और निवेश के लिए एक मजबूत केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. बाईस सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू हुई हैं, जिससे निरंतर बचत और व्यय को बढ़ावा मिल रहा है. आयकर के तहत भी नई कर व्यवस्था से मध्यम वर्ग को राहत मिली है. रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से महंगाई काबू में आई है और रेपो दर में इस साल 100 आधार अंकों की कटौती से बैंकों ने खुदरा और कॉरपोरेट दोनों उधारकर्ताओं के लिए ऋण को सस्ता किया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में ऋण प्रवाह को बढ़ावा देने और बैंकिंग लागत को कम करने के के लिए हाल में कई सुधारों को भी अमलीजामा पहनाया है, जिनमें बैंकों को गैर-वित्तीय क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण के लिए रकम मुहैया कराना, प्रतिभूतियों के एवज में ऋण एवं आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के वित्तपोषण की अधिकतम सीमा बढ़ाना और गृह ऋण और अन्य ऋणों पर जोखिम भार में बदलाव शामिल हैं। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि त्योहारी सीजन, करों को युक्तिसंगत बनाने, राजकोषीय और मौद्रिक मोर्चों पर लिए गए नीतिगत निर्णयों से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों के ऋण वितरण और आर्थिक गतिविधियों दोनों में तेजी आने के आसार हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## मंथन

प्रो. (डॉ.) भारत



# सभ्य समाज की अमृतधारा संवाद, संवेदना व संस्कार

आज के इस बदलते युग में, जहां सूचना और तकनीक ने दुनिया को एक क्लिक की दूरी पर ला दिया है, वहीं मनुष्य और मनुष्य के बीच का आत्मीय जुड़ाव कहीं खोता जा रहा है। संचार के साधन बढ़े हैं, पर संवाद की आत्मा क्षीण हो रही है। यह विडंबना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल, संवाद, संवेदना और संस्कार- ये तीन तत्व किसी भी सभ्य समाज की अमृतधारा हैं। इन्हीं के संतुलित संगम से एक सशक्त, मानवीय और विकसित भारत की आधारशिला रखी जा सकती है। लोकतंत्र का प्राणतत्व संवाद को लोकतंत्र की जीवनरेखा कहा जा सकता है। संवाद का अर्थ केवल बोलना नहीं, बल्कि सुनना, समझना और स्वीकारना भी है। यह विचारों के संघर्ष से नहीं, बल्कि उनके समन्वय से जन्म लेता है। जब व्यक्ति या समाज संवादहीन हो जाता है, तब संदेह, असहिष्णुता और विभाजन की दीवारें ऊँची हो जाती हैं। आज सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने अभिव्यक्ति के अनेक अवसर दिए हैं, परंतु सार्थक संवाद की संस्कृति पीछे छूट गई है। एक क्लिक में मत व्यक्त हो जाता है, पर मन का संबंध नहीं बन पाता। लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब नागरिक एक-दूसरे की बात सुनने, समझने और उसमें सामंजस्य खोजने की क्षमता रखते हों। परिवार से लेकर संसद तक, हर स्तर पर संवाद का जीवंत रहना ही सामंजस्यपूर्ण समाज की पहचान है।स ंवाद हमें विचारों की विविधता को स्वीकारने की शक्ति देता है। असहमति को विरोध नहीं, बल्कि वैचारिक विस्तार के रूप में देखने की दृष्टि संवाद से ही आती है। मानवीयता की धारा संवेदना सभ्य समाज का हृदय है। यह वह आंतरिक ऊर्जा है जो हमें दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ती है, हमें आत्मकेंद्रित होने से रोकती है और समाज के व्यापक हित की ओर प्रेरित करती है। संवेदनशील व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग होता है, बल्कि दूसरों के अधिकारों की भी रक्षा करता है। आज जब उपभोक्तावाद और भौतिकता ने जीवन को यांत्रिक बना दिया है, तब संवेदना ही हमें मानव बनाए रखने का सबसे बड़ा साधन है। चाहे पर्यावरण संरक्षण की बात हो, सामाजिक न्याय की, लैंगिक समानता की या निर्धन वर्ग के उत्थान की—इन सबके केंद्र में संवेदना ही है। संवेदना के बिना हुआ विकास अधूरा है, क्योंकि उसमें मानवीय मूल्यों का स्पंदन नहीं रहता। संस्कृति की आत्मा संस्कार किसी राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र हैं। वे केवल परंपराओं का पालन नहीं, बल्कि मूल्य आधारित जीवन का मार्गदर्शन हैं। संस्कार व्यक्ति को अनुशासन, सत्यनिष्ठा, सहिष्णुता और करुणा की ओर प्रेरित करते हैं।

संस्कारित नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। विद्यालय, परिवार और समाज मिलकर व्यक्ति में ऐसे संस्कारों का बीजारोपण करते हैं जो उसे कर्तव्यपरायण नागरिक बनाते हैं। आज जब नैतिक मूल्य चुनौतियों के दौर से गुजर रहे हैं, तब संस्कार ही वह दीपक हैं जो अंधकार के बीच भी मार्ग दिखाते हैं। भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण रहा है। यही कारण है कि हमारे गुरुकुलों से लेकर आधुनिक विश्वविद्यालयों तक, शिक्षा को 'विद्या ददाति विनयम्' अर्थात विद्या विनम्रता देती है... के रूप में देखा गया। संस्कार विनम्रता और संयम के माध्यम से व्यक्तित्व को संतुलन प्रदान करते हैं। अमृतधारा का समन्वयः समरस समाज की आधारशिलासंवाद, संवेदना और संस्कार- तीनों स्वतंत्र नहीं, परस्पर पूरक हैं। संवाद हमें जोड़ता है, संवेदना हमें जगाती है और संस्कार हमें दिशा देते हैं। इन तीनों का प्रवाह समाज में जितना सशक्त होगा, उतनी ही उसकी समरसता गहरी होगी। आज के भारत को केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक रूप से भी विकसित बनने की आवश्यकता है। तकनीकी प्रगति तभी सार्थक है जब उसमें मानवीयता की गंध बनी रहे। अगर संवाद की ऊष्मा, संवेदना की कोमलता और संस्कारों की दृढ़ता हमारे सामाजिक जीवन में पुनः स्थापित हो जाए, तो विभाजन की रेखाएं स्वतः मिट जाएंगी और समरसता का प्रवाह तीव्र हो उठेगा। भारतीय जीवन-दर्शन की पुनर्स्थापनासंवाद, संवेदना और संस्कार केवल शब्द नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन के तीन स्तंभ हैं। इनकी पुनर्स्थापना ही हमारे राष्ट्र के आत्मबोध की पुनर्जागृति है। आज जब विश्व दिशाहीनता से जूझ रहा है, तब भारत के पास वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पूंजी है जो विश्व को नया मार्ग दिखा सकती है। यदि हर नागरिक इन तीनों मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले... संवाद से सहमति का पुल बनाए, संवेदना से करुणा का विस्तार करे और संस्कार से आचरण को उज्ज्वल बनाए तो भारत पुनः 'विश्वगुरु' के रूप में उभरेगा।

(लेखक पंजाब विवि चंडीगढ़ में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।-आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'


## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शब्दों का अधूरा ज्ञान सोच की अधूरी उड़ान

आज के दौर में हमारी बोलचाल की भाषा एक अजीब से मिश्रण में बदल गई है आधी हिंदी, आधी अंग्रेजी। असल में यह हमारी भाषाई जड़ों को कमजोर कर रही है। बच्चे और युवा अब किसी भी भाषा में पूरी तरह निपुण नहीं रह गए हैं। वे न तो शुद्ध हिंदी बोल पाते हैं, न ही सटीक अंग्रेजी में अपने विचार रख पाते हैं। आज की पीढ़ी तकनीक में माहिर है, पर अपनी मातृभाषा के अंकों में उलझ जाती है। जब बच्चों से पूछा जाए कि 'चोवन' या 'इक्यावन' कौन सा अंक है, तो वे हिचकिचा जाते हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा की नहीं, दिशा की कमी को भी दर्शाती है। हमें यह समझना होगा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान का दर्पण है। हमें इस आधी अधूरी भाषा के चलन को तोड़ना होगा। *- पीयूष जोशी, रायपुर*

## ट्रेंड

### 'जोरे साहिब' के दर्शन



गुरु चरण यात्रा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर जी के महान आदर्शों से हमारा जुड़ाव और गहरा करे, यही कामना है। मैं उन क्षेत्रों के लोगों से आग्रह करता हूँ जहाँ यह यात्रा जाएगी, वे पवित्र 'जोरे साहिब' के दर्शन करने अवश्य आएँ।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हितधारकों के साथ चर्चा



विकासात्मक मुद्दों पर कार्बी आंगलोंग के हितधारकों के साथ चर्चा की। यह क्षेत्र तेज़ी से विकास और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाला है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं कि यह क्षेत्र शांतिपूर्वक समृद्ध हो।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### छठ स्थलों पर तैयारियां



राजधानी के विभिन्न इलाकों में छठ स्थलों पर तैयारियां तीव्र गति से चल रही हैं। तमाम व्यवस्थाएं उच्चतम मानकों पर सुनिश्चित की जा रही हैं। दिल्ली में इस बार छठ महापर्व केवल आस्था का नहीं, बल्कि अपनत्व, स्वच्छता और समरसता का महाउत्सव होगा।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### इंडिया गठबंधन एकजुट



तेजस्वी यादव के साथ बेहद सकारात्मक मुलाकात हुई। बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है एवं मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। कल महागठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# भारत की सौर परियोजना से 10 देशों की इमारतें रोशन



संयुक्त राष्ट्र में भारतीय दूतावास ने कहा है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से प्रशांत क्षेत्र के 10 द्वीपीय देशों में 12 सार्वजनिक इमारतों को सौर ऊर्जा से रोशन किया। यह पहल 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर के 'भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष' के तहत कार्यान्वित की गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कोष 'हरित ऊर्जा समाधान'' पेश कर रहा है। प्रशांत महासागर के 10 देशों में 12 सार्वजनिक भवनों में सौर ऊर्जा प्रदान की गई है। परियोजना के तहत 74 स्थानीय तकनीशियनों को प्रशिक्षण दिया गया है।' संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस परियोजना के तहत 74 स्थानीय तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया गया है, 16,500 से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं और 25 वर्षों में लगभग 9,600 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से बचने में मदद मिलेगी। यूएनओएसएससी ने अपनी वेबसाइट पर इस बात को रेखांकित किया कि कोष ने विकासशील दुनिया में, विशेष रूप से उन देशों में जहां नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों तक सीमित पहुंच है, स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## ऑफ बीट

# क्या सैन्य तरीके अपनाने से दो मिनट में नींद आ सकती है



अक्सर एक सलाह होती है सोने के लिए सेना में अपनाए जाने वाले तरीके को आजमाने की। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस सलाह से आम लोगों को फायदा होता है। सोशल मीडिया पर कई तरह की बातें कही जाती हैं, जिनमें यह दावा भी शामिल है कि इस तरीके को अपनाने से आपको केवल दो मिनट में नींद आ सकती है। यह बात सुनने में तो बहुत अच्छी लगती है। इस तरीके का उद्देश्य वातावरण की परवाह किए बिना सैन्यकर्मियों के शरीर को नींद के लिए तैयार करने में मदद करना है। इस पद्धति का पहला उल्लेख 'रिलैक्स एंड विन' नामक खेल पुस्तक में मिलता है। इससे जुड़ी जानकारियां स्रोत के आधार पर थोड़ी भिन्न हो सकती हैं। लेकिन तीन प्रमुख घटक समान रहते हैं- 'प्रोग्रेसिव मसल रिलेक्सेशन' (पीएमआर): पीएमआर के जरिये शरीर की विभिन्न मांसपेशियों को सिकोड़कर शिथिल किया जाता है। इसकी शुरुआत चेहरे की मांसपेशियों से की जाती है और फिर कंधों, बाजुओं, छाती व पैरों की मांसपेशियों को आराम दिया जाता है। 'कंट्रोल्ड ब्रीदिंग': इसमें सांस को धीमा और नियंत्रित किया जाता है और लंबी सांस छोड़ने पर जोर दिया जाता है।

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।






### भाजपा ने तेजस्वी पर साधा निशाना महागठबंधन में फूट पर कसा तंज

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्वतंत्र चुनाव लड़ने की उद्घोषणा के बाद महागठबंधन हो गया खंड-खंड : सुधांशु त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बिहार चुनाव में महागठबंधन की मौजूदा हालत को लेकर निशाना साधाते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को बिहार की जनता के साथ यह राजनीतिक उपहास करना बंद करना चाहिए, क्योंकि उनका गठबंधन और सियासत स्वयं एक मजाक बन चुका है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्य सभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्वतंत्र चुनाव लड़ने की उद्घोषणा के बाद महागठबंधन को झारखंड से खंड-खंड करने का संदेश स्पष्ट रूप से जा चुका है। उन्होंने महागठबंधन में आपसी घमासान को लेकर महागठबंधन और तेजस्वी यादव की जमकर आलोचना की।

त्रिवेदी ने कहा कि बिहार में जो लोग मतदाता सूची सही नहीं बना पाने का स्वांग रचकर भ्रम पैदा कर रहे थे, वे न अपने गठबंधन दलों की सूची फाइनल कर पाए हैं और न अपने प्रत्याशियों की सूची फाइनल कर पाए हैं। न साझा घोषणा पत्र तैयार कर पाए हैं, न साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पाए हैं और न साझा मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री का निर्धारण कर पाए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्वतंत्र चुनाव



लड़ने की उद्घोषणा के बाद तो महागठबंधन को झारखंड से खंड-खंड करने का संदेश स्पष्ट रूप से जा चुका है। उन्होंने कहा कि मीडिया में खबर है कि कांग्रेस ने अपने विशेषज्ञों और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बुलाया है। अशोक की गठबंधन संचालन में बहुत जबरदस्त विशेषज्ञता है, क्योंकि राजस्थान में जब वे सरकार चला रहे थे, तब बहुजन समाज पार्टी के 6 विधायकों ने बिना शर्त कांग्रेस को समर्थन दिया था और उन्होंने 6 के 6 हाथी निगल लिए थे। इससे महागठबंधन के सहयोगियों को पूर्ण संकेत मिल गया है कि आने वाले समय में कांग्रेस की कारगुजारियां क्या हो सकती हैं? इन समस्याओं से विचलित होकर और विभ्रमित होकर तेजस्वी ने अब ऐसी बातें करना शुरू कर दी हैं जो न केवल उनके दावों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाती हैं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया का माखौल भी उड़ाती हैं। इससे पूर्व तेजस्वी ने यह दावा किया था कि हर परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी। जबकि बिहार का कुल बजट 3,17,000 करोड़ रुपए है। कहावत है, 'उतने पांव पसारिए जितनी चादर होए।' उतनी बात बोलिए, जिसका 1/10 भी बजट भी न होए। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यादव ने इस दावे के माध्यम से बजट और वास्तविकता को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। यह स्थिति यह भी समझाती है कि यदि पर्याप्त और उचित शिक्षा उपलब्ध न हो, तो नेता किस प्रकार की बातें करने का प्रयास करते हैं और आज तेजस्वी यादव ने ऐसा ही काम किया है।

त्रिवेदी ने कहा कि एनडीए और भाजपा के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए देने का कार्य केवल घोषणा नहीं बल्कि वास्तविक रूप से बिहार में इससे पूर्व भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, हर घर शौचालय योजना, मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना और वर्तमान में लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के लिए 10 वर्षों का व्यवस्थित कार्य किया गया है। यह किसी चुनावी प्रक्रिया के दौरान लिया गया तात्कालिक निर्णय नहीं है जिस पर तेजस्वी खिसियाहट, बौखलाहट और खब्त-उल-हवास होकर बयान देने का प्रयास कर रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि तेजस्वी को जनता के साथ यह राजनीतिक उपहास करना बंद करना चाहिए, क्योंकि उनका गठबंधन और सियासत स्वयं एक मजाक बन चुका है। बिहार एक प्रबुद्ध और राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत जागरूक लोगों का प्रदेश है। तेजस्वी , 'बुद्ध' की धरती को 'बुद्धू' समझने की गलती न कीजिए। कोई भी विवेकी व्यक्ति सहज रूप से समझ सकता है कि यह केवल मजाक नहीं, बल्कि क्रूर मजाक है, क्योंकि जो भावना न मन में है, न कर्म में, उसे वचन में देकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास छल के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। बिहार की जागरूक जनता ऐसे सभी लोगों के भ्रम को उसी प्रकार चकनाचूर कर देगी, जैसे आज महागठबंधन की हसरतें बिखरती हुई स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। तेजस्वी यादव, इंडी गठबंधन और महागठबंधन के नेता बिहार की प्रबुद्ध जनता और भगवान बुद्ध की इस पावन धरती को 'बुद्धू' बनाने अथवा 'बुद्धू' समझने का प्रयास न करें। जो कुछ आज इस गठबंधन के भीतर घटित हो रहा है, उसके संदर्भ में एक पंक्ति अत्यंत उपयुक्त प्रतीत होती है कि 'इस गठबंधन का तो कोई सिला ही नहीं, कौन किससे मिला है यह पता ही नहीं और लाख चेहरे बदल के आ जाते हैं ये, पर आईना कमबख्त झूठ बोलता ही नहीं।

### तेजस्वी का बड़ा ऐलान

## जीविका दीदियों और संविदा कर्मियों को मिलेगा सरकारी कर्मी का दर्जा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता की। तेजस्वी ने कहा कि लोग गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं। हमलोगों ने जो संकल्प लिया था, जो घोषणाएं की, नीतीश सरकार ने उसकी भी नकल की। आज हमलोग बिहारवासियों को लिए दो बड़ी घोषणा करने जा रहे हैं।सरकार बनते ही इसे लागू करेंगे। तेजस्वी ने कहा, पिछले चुनाव के वक्त हमने जो बातें कहीं, उसे 17 महीने में पूरा कर दिया। यादव ने जीविका दीदियों के लिए बड़ी घोषणा की है। हमारी सरकार बनते ही उन्हें सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाएगा। उनका शुरुआती वेतन 30 हजार रुपए होगा। उन्हें दो हजार रुपयए प्रतिमाह अतिरिक्त कामों को लिए भत्ता दिया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने जो ऋण लिए हैं, उसे भी ब्याज मुक्त कर दिया जाएगा।

### लालू, तेजस्वी ने कांग्रेस को खाली हाथ लौटाया

## गहलोत बोले- 5-7 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई



बिहार चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन के भीतर आपसी रंजिश खत्म होने का नाम नहीं ले रही। कई सीटों पर गठबंधन के घटक दल- कांग्रेस और आरजेडी आमने-सामने हैं। बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मिलने गए थे लेकिन उनके बीच कोई पुख्ता बातचीत नहीं हो सकी। आरजेडी नेतृत्व ने कांग्रेस को खाली हाथ लौटाया मगर गहलोत ने कहा कि गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी, जिसमें तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाएगी। गहलोत ने कहा कि बहुत अच्छी बातचीत हुई। तमाम काम अच्छे से चल रहे हैं। 5-7 सीटों पर फ्रेंडली फाइट है।

### टिकट बंटवारे से नाराज राजद में इस्तीफों का दौर

#### अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नेताओं का इस्तीफा



राजद में टिकट वितरण को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। पार्टी के अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ से जुड़े करीब 50 नेताओं ने टिकट बंटवारे में उपेक्षा और पक्षपात का आरोप लगाकर सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इनमें प्रदेश महासचिव भोला सहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुमार गौरव, प्रधान महासचिव गोपाल लाल देव आदि ने इस्तीफा दिया है।

#### राजद ने बनाया था स्टार प्रचारक वरिष्ठ नेता का इस्तीफा

राजद को एक और बड़ा झटका लगा है। आरजेडी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल सहनी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मांगनी लाल मंडल को सौंपा है।

### प्रशांत किशोर का भाजपा पर निशाना

## हमारे उम्मीदवारों का नामांकन वापस कराया

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि पिछले तीन-चार दिनों में बिहार में जन सुराज के तीन घोषित उम्मीदवारों को अपना नामांकन वापस लेने के लिए मजबूर किया गया और आरोप लगाया कि भाजपा ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रही है कि हम डरे हुए हैं। किशोर ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भाजपा ने चुनाव में चाहे कोई भी जीते, सरकार बनाने की प्रतिष्ठा बना ली है। अब, उन्होंने बिहार में एक नया अभियान शुरू किया है। चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है, और अगर किसी को सबसे ज़्यादा ख़तरा महसूस हो रहा है, तो वह एनडीए की भाजपा है। वे महागठबंधन का इस्तेमाल जनता को डराने के लिए कर रहे हैं, कह रहे हैं, 'हमें वोट दो, वरना लालू का जंगल राज वापस आ जाएगा'। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जन सुराज पीछे नहीं हटेगा और पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। किशोर ने स्पष्ट किया कि जन सुराज भाजपा को बिहार से परास्त करने तक पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि भाजपा को उनके अच्छे उम्मीदवारों से सबसे ज़्यादा खतरा महसूस हो रहा है। यह घटना बिहार चुनाव में सियासी घमासान को तेज करती है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक हम भाजपा को हरा नहीं देते और एनडीए को उखाड़ नहीं फेंकते, हम पीछे नहीं हटेंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे और सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। वे ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि हम डरे हुए हैं। प्रशांत किशोर और उनके जन सुराज के साथी किसी से नहीं डरते।

## खबर संक्षेप

### भुवनेश्वर के मार्केट में आग, 20 दुकानें खाक

**भुवनेश्वर।** यहां के यूनिट-1 सब्जी मंडी क्षेत्र में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसमें लगभग 20



दुकानें जलकर खाक हो गईं। घने धुएं और लपटों ने देखते ही देखते पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्थानीय विक्रेताओं और निवासियों में दहशत फैल गई। दमकल की 11 गाड़ियां पहुंचीं व आग पर काबू पाया गया।

### दुर्गापुर दुष्कर्म मामला 4 न्यायिक हिरासत में

**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार 4 आरोपियों को



बुधवार को अदालत ने 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत के आदेश के बाद अब पुलिस फोरेंसिक और डिजिटल सबूत जुटाने की प्रक्रिया में जुट गई है। 2 अन्य को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

### लखीमपुर खीरी में बस में आग, 20 झुलसे

**लखीमपुर खीरी।** यहां के मैगलगंज कस्बे में मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह उस वक्त अफरा तफरी मच गई, जब डग्गामार स्लीपर बस में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी बस आग का गोला बन गई। बस में करीब 100 यात्री सवार थे।

### लोकपाल के बीएमडब्ल्यू कार खरीदने पर देश में राजनीति गरमाई

# ईमानदारी के रखवाले बने 'शौकपाल' इस खरीदी को ही बताया अनावश्यक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकपाल ने 16 अक्टूबर को एक टेंडर जारी किया, जिसमें कहा गया कि उसे बीएमडब्ल्यू तीन सीरीज 330एलआई एम स्पोर्ट (लांग व्हीलबेस, सफेद रंग) की 7 गाड़ियां चाहिए। इसी पर राजनीति हो रही है

**विपक्ष के तमाम नेताओं ने साधा निशाना**

भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था लोकपाल इन दिनों विवादों में चल रहे है। इसके पहले भी कांग्रेस के कई नेताओं ने लोकपाल के कार्य पर सवाल उठा चुके हैं। कारण है कि सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद का टेंडर। इसकी कुल कीमत करीब पांच करोड़ रुपए बताई जा रही है।

ऐसे में अब इस मामले में सियासत तेज हो गई है। विपक्षी दलों के नेताओं ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब लोकपाल नहीं, 'शौकपाल' हो गया है। ये पूरा मामला तब शुरू हुआ जब लोकपाल ने 16 अक्टूबर को एक टेंडर जारी किया, जिसमें कहा गया कि उसे बीएमडब्ल्यू तीन सीरीज 330एलआई एम स्पोर्ट (लांग व्हीलबेस, सफेद रंग) की 7 गाड़ियां चाहिए। हर गाड़ी की कीमत लगभग 69.5 लाख रुपए बताई गई है। ये गाड़ियां लोकपाल के चेयरमैन जस्टिस एएम खानविलकर (सेवानिवृत्त) और 6 अन्य सदस्यों के लिए खरीदी जा रही हैं।

## 330एलआई एम स्पोर्ट की 7 गाड़ियों के लिए टेंडर दिया



### विपक्षी नेताओं ने उठाए सवाल

#### लोकपाल को बीएमडब्ल्यू क्यों?

लोकपाल के इस टेंडर के बाद विपक्षी दल ने लोकपाल पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि जिन लोगों ने मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ झूठा प्रचार किया, अब वही लोकपाल की असलियत देख लें। पी. चिदंबरम ने सवाल किया कि जब सुप्रीम कोर्ट के जजों को मामूली कारें मिलती हैं, तो ये संस्था 'पैंथर' नहीं, 'पूडल' बन गई: सिंघवी अभिषेक मनु सिंघवी ने तंज कसते हुए कहा कि 8703 शिकायतें, सिर्फ 24 जांचें, 6 अभियोजन स्वीकृति और अब बीएमडब्ल्यू ये संस्था 'पैंथर' नहीं, 'पूडल' बन गई है। वहीं टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने कहा कि लोकपाल का सालाना बजट 44.32 करोड़ रुपए है और ये गाड़ियां उसी का 10 फीसदी हैं। इसके साथ ही शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी सवाल उठाया कि देशी की बात करने वाली सरकार अब विदेशी कारें खरीद रही है?

#### गाड़ियों के साथ ट्रेनिंग भी मुफ्त

गौरतलब है कि टेंडर में यह भी कहा गया है कि विक्रेता को 7 दिन की ट्रेनिंग मुफ्त देनी होगी, जिसमें ड्राइवरों को सभी फीचर्स, सुरक्षा उपायों और इमरजेंसी हैंडलिंग की जानकारी दी जाएगी। यह ट्रेनिंग डिलीवरी के 15 दिन के अंदर पूरी होनी चाहिए। वहीं बोली लगाने की अंतिम तारीख 6 नवंबर है। इसके लिए एजेंसियों को 10 लाख रुपये की जमा राशि (ईएमडी ) भी देनी होगी। डिलीवरी आदेश मिलने के बाद 2 हफ्ते से 30 दिन के भीतर गाड़ियां सप्लाई करनी होंगी।

### मालाबार देवस्वोम बोर्ड को नोटिस, कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने कासरगोड के त्रिचंबरम स्थित मुलंगेश्वरम शिव मंदिर के लिए कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत का यह आदेश उन आरोपों के बीच जब केरल सरकार द्वारा नियंत्रित मालाबार देवस्वोम बोर्ड मंदिर का प्रबंधन अपने हाथ में लेने की कोशिश की जा रही है। शीर्ष अदालत तालीपरंबा क्षेत्र संरक्षण समिति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने 16 अक्टूबर को बोर्ड को नोटिस जारी किया और निर्देश दिया कि अगले आदेश तक, कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए। इसका मतलब है कि मंदिर का प्रशासन फिलहाल समिति के हाथों में ही रहेगा। तलीपरंबा क्षेत्र संरक्षण समिति चार दशकों से ज्यादा समय से मंदिर का प्रबंधन करने का दावा करती है।

**केरल मंदिर अधिग्रहण में गहराया विवाद**



### ग्रामीण स्थानीय निकायों को मज़बूत बनाने के लिए केंद्र ने पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान के रूप किस्त जारी की

## केंद्र ने हरियाणा-गुजरात के लिए 730 करोड़ से अधिक जारी किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुजरात और हरियाणा में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को मज़बूत बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान जारी किए हैं। हरियाणा के लिए, केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुक्त अनुदान की 195.129 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की है, जो राज्य की 18 जिला पंचायतों, 134 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 6,164 ग्राम पंचायतों के लिए है।

गुजरात में, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 522.20 करोड़ रुपए की असंबद्ध अनुदान की दूसरी किस्त राज्य की सभी 38 ज़िला पंचायतों, 247 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 14,547 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुक्त (अनटाइड) अनुदान की पहली किस्त के रोके गए हिस्से के 13.5989 करोड़ रुपए अतिरिक्त पात्र 6 जिला पंचायतों, 5 ब्लॉक पंचायतों और 78 ग्राम पंचायतों को भी जारी कर दिए गए हैं।

भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से, राज्यों को पंचायती राज संस्थाओं/ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिन्हें बाद में वित्त मंत्रालय जारी करता है। आवंटित अनुदानों की सिफारिश की जाती है और एक वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में जारी किया जाता है। वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, पंचायती राज संस्थाओं/ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस (29) विषयों के अंतर्गत स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मुक्त अनुदानों का उपयोग किया जाएगा।

### देशव्यापी एसआईआर पर किया मंथन

## ईसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के सीईओ से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है। इस बैठक में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने और देशव्यापी एसआईआर पर योजना को अंतिम रूप देने पर मंथन हुआ है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य पुराने और गलत रिकॉर्ड हटाकर मतदाता सूची को अद्यतन करना है।

इसमें खासतौर पर अवैध विदेशी प्रवासियों के नामों की पहचान और उन्हें सूची से हटाने पर जोर दिया जाएगा। आयोग इस बार यह अभियान चरणबद्ध तरीके से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

### कफ सिरप पीने के बाद बिगड़ी तबीयत

## कोटा में महिला की गई जान 500 से अधिक बॉटल्स जब्त

एजेंसी ▶▶ कोटा

राजस्थान के कोटा जिले में कफ



सिरप पीने के बाद एक महिला की मौत के बाद ड्रग कंट्रोलर की ओर से बड़ा एक्शन सामने आया है। ड्रग कंट्रोलर ने मेडिकल स्टोर और गोदाम पर छापा मारा। छापेमारी में 500 से अधिक कफ सिरप की बोतलों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई ड्रग कंट्रोलर देवेंद्र गर्ग के नेतृत्व में की गई है। इन सैंपल को जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### जांच रिपोर्ट का हो रहा इंतजार

अधिकारी मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। जांच में सामने आया है कि कफ सिरप के इन बोतलों को अहमदाबाद से मंगवाया गया था। जांच रिपोर्ट का भी इंतजार है। पुलिस ने भी महिला की डेड बॉडी का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। परिजनों की तरफ से दी गई शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

### हरियाणा भाजपा ने बिहार में एनडीए की जीत के लिए झोंकी ताकत, बिहार मूल के लोगों से संपर्क पर जोर

# एनडीए को जिताने के लिए बिहार मूल के लोगों में जबरदस्त उत्साहः बड़ौली

### सीएम हाउस चंडीगढ़ में हुई भाजपा की बड़ी बैठक, मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, मोर्चा पदाधिकारियों और बिहार मूल के कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को चंडीगढ़ में सभी मुख्यमंत्री आवास पर बुलाई गई। मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि की उपस्थिति में बिहार चुनाव और आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक से पहले सैनी और बड़ौली ने सृष्टि के महान शिल्पी, देव वास्तुकार भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

हरियाणा में रह रहे बिहार राज्य के वोटर वोटिंग के समय बिहार अपनी-अपनी विधानसभा में पहुंचकर अपना वोट करें, इसके लिए हरियाणा भाजपा ने एक प्रोपर योजना बनाई है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली के मुताबिक हरियाणा में रह रहे मूल रूप से बिहार निवासी एक लाख लोगों से संपर्क कर उनसे मीटिंग की जा चुकी है। बडौली के अनुसार



बिहार के इन सभी लोगों में बिहार चुनाव में एनडीए को वोट करने के लिए उत्साह है। भाजपा के करीब 25 नेता फिलहाल बिहार में मौजूद हैं और एनडीए की जीत के लिए कार्य कर रहे हैं, जबकि हरियाणा में मौजूद बिहार के करीब दो से तीन लाख लोगों से संपर्क करने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में आत्मनिर्भर भारत, माई भारत अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को लेकर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती को भव्य बनाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भी सभी अभियानों को लेकर कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, एक भारत श्रेष्ठ भारत की जिला एवं विधानसभा टोली के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि बिहार चुनाव में हरियाणा भाजपा के 54 के करीब नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी और भी नेता बिहार चुनाव में प्रचार के लिए जाएंगे। श्री बड़ौली ने दावा करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर माई भारत अभियान के तहत सभी लोकसभाओं में तीन दिन यात्राएं निकाली जाएंगी। 31 अक्टूबर को हर जिला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा। 6 नवंबर से 6 दिसंबर तक आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कार्यक्रम होंगे जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता सरकार से साथ मिलकर मोदी और नायब सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। बड़ौली ने कहा कि स्कूल कालेजों के युवा सरदार पटेल के सपनों और संकल्पों का भारत बनाने के लिए जिलों में 8 से 10 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। समाज का हर वर्ग इस यात्रा से जुड़ेगा।

# देश में ऑनलाइन बिक्री की त्योहारों पर निर्भरता घटी : रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन खरीदारी की आदतें अब धीरे-धीरे त्योहारी मौसम पर कम निर्भर होती जा रही हैं लेकिन इस दौरान मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों में बिक्री अब भी सबसे अधिक हुई है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष पेश किया गया है।

■ ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र अधिक संतुलित मांग की राह पर बढ़ रहा

परामर्शदाता कंपनी रेडसीर की तरफ से जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत का ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र अब पूरे वर्ष में अधिक संतुलित मांग की राह पर बढ़ रहा है। इसके बावजूद मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी श्रेणियां अब भी वार्षिक त्योहारी उछाल पर निर्भर हैं।

## मोबाइल-इलेक्ट्रॉनिक्स का वर्चस्व अब भी कायम

### मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स ही बिक्री की रफ्तार तय करते हैं

रेडसीर ने कहा, ''भारत का ऑनलाइन खुदरा परिदृश्य धीरे-धीरे संतुलित मांग वक्र की ओर बढ़ रहा है। लेकिन त्योहारों के दौरान अब भी मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स ही बिक्री की रफ्तार तय करते हैं।''

### मोबाइल खंड में उतार चढ़ाव सबसे अधिक

रिपोर्ट के मुताबिक, मोबाइल खंड में त्योहारी मौसम से जुड़ा उतार-चढ़ाव सबसे अधिक है, जिसका 'मौसमी सूचकांक अंतराल' 1.7 रहा। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद 1.3 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इन दोनों श्रेणियों की मांग सितंबर-अक्तूबर के महीनों में सबसे अधिक रहती है। मोबाइल फोन का मासिक सूचकांक 2.3 के करीब है जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स का 2.0 के आसपास पहुंचता है।




### पहली तिमाही में मांग सुस्त रहती है

रिपोर्ट कहती है कि विभिन्न ब्रांड को त्योहारी समय पर अपनी निर्भरता घटाने के लिए कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही जैसे सुस्त बिक्री समय में विशेष उत्पादों की पेशकश या प्रचार अभियान शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। राशन के सामान, सौंदर्य उत्पाद और व्यक्तिगत देखभाल वाली श्रेणियों को ऑनलाइन बिक्री के लिहाज से सबसे स्थिर बताया गया है क्योंकि इनमें सालभर मांग लगभग समान रहती है।

### घरेलू साज सज्जा व फर्नीचर की त्योहारी मांग रहती है

यह कम मूल्य वाले, बार-बार खरीदे जाने वाले उत्पादों की विशेषता है। वहीं, घरेलू साज-सज्जा एवं फर्नीचर के साथ फैशन श्रेणियां मध्यम मौसमी प्रवृत्ति दिखाती हैं, जिनमें त्योहारी महीनों में उछाल तो आता है, पर इनमें उतार-चढ़ाव उतना अधिक नहीं होता है।

### ऑनलाइन कारोबार त्योहारी मांग से बाहर निकल रहा

रेडसीर ने कहा कि भारत में ऑनलाइन खुदरा कारोबार धीरे-धीरे त्योहारों के समय की चरम स्थिति से बाहर निकल रहा है। भविष्य में वही कंपनियां बाजार की अग्रणी होंगी जो न केवल त्योहारी उच्च मांग को कुशलता से संभाल सकेंगी, बल्कि सुस्त महीनों में भी मांग पैदा कर सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### ओरिएंट इलेक्ट्रिक का लाभ बढ़कर 12.06 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सीके बिड़ला समूह की कंपनी ओरिएंट इलेक्ट्रिक लि. (ओईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 15.51 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 10.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### हुंडई 2030 तक 45 हजार करोड़ रुपए करेगी निवेश



**मुंबई।** दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जोस मुनोज ने कहा कि कंपनी की भारतीय इकाई वित्त वर्ष 2029-30 तक 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बनाना है।

### सात्विक ग्रीन एनर्जी को मिले 689.47 करोड़ रुपए के ऑर्डर



**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी लि. को सौर पीवी मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए 689.47 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने कहा कि ये ऑर्डर कंपनी और उसकी अनुषंगी सात्विक सोलर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. को मिले हैं।

### एफपीआई ने अक्टूबर में अब तक डाले 6,480 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** पिछले तीन माह तक लगातार निकासी के बाद एफपीआई अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपये डाले हैं। इसकी मुख्य वजह मजबूत वृहद आर्थिक कारक हैं। इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले थे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना मंत्रालय ने जारी किया आईटी नियम में संशोधन

# डीपफेक, कृत्रिम सामग्री के बारे में सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही बढ़ाने का मसौदा पेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) से बनाए गए डीपफेक और कृत्रिम सामग्री से होने वाले नुकसान से उपयोगकर्ताओं को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 में संशोधन का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य 'एआई के जरिये कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री' (सिंथेटिक कंटेंट) की स्पष्ट पहचान करना और बड़े सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही को बढ़ाना है।

**अब गलत जानकारी पेश करना आसान:-** मंत्रालय ने कहा कि जनरेटिव एआई टूल का इस्तेमाल बढ़ने से अब गलत जानकारी पेश करना और नकली वीडियो एवं ऑडियो क्लिप तैयार करना आसान हो गया है। ऐसी स्थिति में इन पर नियंत्रण पाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में कुछ बदलावों का मसौदा पेश किया जा रहा है।



**डीप फेंक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है:-** मंत्रालय ने कहा, "हाल ही में डीपफेक वीडियो के बहुप्रचारित होने की घटनाओं ने दिखाया है कि जनरेटिव एआई की मदद से ऐसे व्यक्ति के कथन या कृत्य दिखाए जा सकते हैं जो वास्तव में उनके नहीं थे। ऐसा होने से गलत सूचना फैल सकती है, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, चुनावों को प्रभावित किया जा सकता है या धोखाधड़ी भी हो सकती है।"

**पुष्टि के लिए तकनीकी उपाय अपनाने होंगे :-** प्रस्तावित नियमों के तहत, 50 लाख या उससे अधिक उपयोगकर्ताओं वाले बड़े सोशल मीडिया मंचों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की गई सामग्री कृत्रिम तो नहीं है। इसकी पुष्टि के लिए तकनीकी उपाय अपनाने होंगे और इस सामग्री को प्रमुखता से चिह्नित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्री को परिभाषित करना होगा:-** संशोधित नियमों में 'कृत्रिम रूप से निर्मित जानकारी' को ऐसी सामग्री के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसे कंप्यूटर के जरिये कृत्रिम या गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) के इस्तेमाल से निर्मित, संशोधित या वास्तविक लगने वाला रूप दिया गया हो।

### पहचान चिन्ह डालना होगा

चिह्नांकन मानकों में वीडियो एवं ऑडियो संकेत शामिल होंगे, जो वीडियो सामग्री के कम-से-कम 10 प्रतिशत या ऑडियो कंटेंट की शुरुआती 10 प्रतिशत अवधि तक दिखाई या सुनाई देंगे। इसी तरह कृत्रिम सामग्री बनाने या संशोधित करने वाले मंच को स्थायी विशिष्ट मेटाडाटा या पहचान-चिह्न डालना होगा, जिसे हटाना या बदलना मना होगा।

### टिप्पणी छह नवंबर तक भेजी जा सकती हैं

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं में जागरूकता बढ़ाना, पहचान को सुनिश्चित करना और जिम्मेदारी तय करना है। इसके अलावा एआई प्रौद्योगिकी में नवाचार को भी प्रोत्साहित करना इसका मकसद है। इन नियमों के मसौदे पर सुझाव एवं टिप्पणियां छह नवंबर, 2025 तक भेजी जा सकती हैं।

### नुकसान कम करने में मदद करेगी

सरकार का यह मसौदा प्रस्ताव वैश्विक स्तर पर ऐसे कृत्रिम एवं छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो, तस्वीरों एवं ऑडियो को लेकर बढ़ती चिंता के बीच जारी किया गया है। इसके पीछे सोच यह है कि नियामकीय निगरानी से उपयोगकर्ताओं को नुकसान कम करने में मदद मिलेगी।




## सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल का आधिकारिक प्रेरण समारोह आयोजित

**नंगल।** आज एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम में सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल का आधिकारिक प्रेरण समारोह (**Induction Ceremony**) आयोजित किया गया, जो भाखड़ा बांध परियोजना (बी.डी.पी.) नंगल में सीआईएसएफ की औपचारिक तैनाती की शुरुआत का प्रतीक है। यह समारोह श्री नवज्योति गोगोई, आई.जी. सीआईएसएफ (उत्तरी क्षेत्र), श्री एम के यादव डी.आई.जी. सीआईएसएफ (उत्तरी ज़ोन-II), और श्री मनोज त्रिपाठी, अध्यक्ष, बी.बी.एम.बी. की सम्मानित उपस्थिति से सुशोभित हुआ। इनके साथ ही सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल के यूनिट कमांडर, श्री प्रतीक रघुवंशी, कमांडेंट भी उपस्थित थे। सीआईएसएफ और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, जो इस महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सहयोग और पारस्परिक प्रतिबद्धता की भावना को दर्शाता है। समारोह के दौरान, गणमान्य व्यक्तियों ने बीडीपी नंगल में सीआईएसएफ की तैनाती के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला और राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में सीआईएसएफ कर्मियों के व्यावसायिकता, अनुशासन और समर्पण की सराहना की। यह आयोजन धन्यवाद ज्ञापन और समूह संवाद के साथ संपन्न हुआ, जो भाखड़ा बांध परियोजना में बढ़ी हुई सुरक्षा और परिचालन दक्षता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **समीर उर्फ रहीस** पुत्र जलालुद्दीन शेख, निवासी- मकान नंबर 54, गली नंबर 03, खजूरी खास, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 417/21 धारा 380/457/34 भा.द.स, थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर उर्फ रहीस** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **समीर उर्फ रहीस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **समीर उर्फ रहीस, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 417/21 धारा 380/457/34 भा.द.स, थाना करावल नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री इसरा ज़ैदी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
कक्ष संख्या 64, चतुर्थ तल, उत्तर-पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14211/NE/2025

## भारतीय रेलवे द्वारा त्यौहारों के लिए व्यापक प्रबंध एवं विशेष तैयारियां, रिकॉर्ड 12,000 स्पेशल ट्रेनों का संचालन

**नई दिल्ली।** महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, श्री अमिताभ ने गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। रेलवे द्वारा दीपावली, छठ पूजा और त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए गए है। रेलवे द्वारा देश में रिकॉर्ड 12,000 स्पेशल रेल सेवाओं का विभिन्न गंतव्यों के लिए संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा भी त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए विभिन्न गंतव्य स्थानों के लिए 104 स्पेशल ट्रेनों के 968 फेरों का संचालन किया जा रहा है साथ ही 60 नियमित ट्रेनों में 175 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े गए है। इसके साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के विशेष प्रबंध किए गए है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 22.10.25, बुधवार को गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं एवं त्योहारों के अवसर पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्री अमिताभ ने गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर स्थित रेलवे सुरक्षा बल के कंट्रोल रूम से यात्री सुरक्षा की मॉनीटरिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, सफ़ाई व्यवस्था एवं सेकंड एंट्री का निरीक्षण किया तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य के कारण यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए भी दिशा निर्देश प्रदान किए। श्री अमिताभ ने बताया कि गांधीनगर जयपुर शहर का मुख्य स्टेशन है और शहर के मध्य में रहने वाले निवासी इस स्टेशन से यात्रा करते हैं।

**उत्तर रेलवे**

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI)

शुद्धिपत्र

**File No. No. 1C-MG/Electronic Lock/NMG Wagon (Part-1)**

यह शुद्धिपत्र, विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित 'अभिरुचि की अभिव्यक्ति संख्या 3260/2025' के संदर्भ में जारी किया जाता है, जिसे पहले एक (01) वर्ष की अवधि के लिए 01 (एक) एनएमजी रेक पर, विभिन्न प्रकार के 12 ई–लॉक (06 ई–लॉक स्थायी रूप से दरवाजे पर फिट होने वाले प्रकार के और 06 ई–लॉक पैडलॉक प्रकार के) की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव की पायलट परियोजना के लिए 'अभिरुचि की अभिव्यक्ति' के लिए आमंत्रित किया गया था, अब तकनिकी कारणों से, शुधिपत्र के माध्यम से इसमे विभिन्न संशोधन किये गए हैं:

- अब यह अभिरुचि की अभिव्यक्ति, एक (01) वर्ष की अवधि के लिए 01 (एक) एनएमजी रेक पर **25 ई–लॉक्स (पैडलॉक प्रकार के)** की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव की पायलट परियोजना के लिए आमंत्रित की जाती है।

शेष अभिरुचि की अभिव्यक्ति उसी प्रकार रहेगी, जो अभिरुचि की अभिव्यक्ति संख्या 3260/2025 में प्रकाशित की गई थी। अभिरुचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। अभिरुचि की अभिव्यक्ति को जमा करने की अंतिम तिथि 29.10.2025 को 15:00 बजे तक है। **3271/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

उप. मु. सं. एवं दू. अभि. नि./सी.डब्लू., नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रेक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया फुल फिल करते हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | "उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल के तलवार–मुकेरियां सेक्शन की पठानकोट सिरे पर संयोजकता करने के लिए त्रिकोणीय व्यवस्था हेतु नई अतिरिक्त लाइन के सम्बन्ध में भंगाला स्टेशन पर इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान हेतु संबंधित ब्लॉक वर्किंग एवं दूरसंचार कार्य सहित सिग्नल एवं टेलीकॉम (आंतरिक एवं बाह्य) का कार्य।" |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 11 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 6.93 करोड़ (अनुमानित) |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 4,96,500/– (रूपए चार लाख छियानबे हज़ार पाँच सौ केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदा कर्ता केवल ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 17.11.2025 को 11:30 बजे तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड करे। निविदा दिनांक 17.11.2025 को 11:30 बजे के बाद खोला जाएगा। |
| 6 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई– निविदा दस्तावेज – IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 24.10.2025 से 11:30 बजे दिनांक 17.11.2025 तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा, दिनांक 03.11.2025 से 17.11.2025 को 11:30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता जो उपरोक्त वेबसाइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी.सी.ए. III डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

संख्या: 178–सिग/सी.डब्लू./32/113 दिनांक: 22.10.2025 3274/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

### इस बार दिवाली पर बिजली खपत में आई थोड़ी कमी

**नई दिल्ली।** देश में दिवाली के दिन बिजली की अधिकतम मांग या बिजली की सबसे ज़्यादा आपूर्ति इस बार पिछले साल की तुलना में थोड़ी कम रही, जिससे त्योहार के दौरान आम रुझान में गिरावट देखने को मिली। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग घटकर 180.14 गीगावाट रह गई, जो पिछले साल 31 अक्टूबर, 2024 को दिवाली के दिन अधिकतम मांग 182.87 गीगावाट थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जेएलआर को साइबर हमले से 1.9 अरब पाउंड का नुकसान

**लंदन।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली लक्जरी कार कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) पर हाल में हुए साइबर हमले को ब्रिटेन का अब तक का सबसे नुकसानदेह साइबर हादसा माना जा रहा है।

इस हमले से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को करीब 1.9 अरब पाउंड का नुकसान हुआ जबकि 5,000 से अधिक व्यवसाय प्रभावित हुए थे। ब्रिटेन में साइबर घटनाओं का स्वतंत्र मूल्यांकन करने वाले साइबर मॉनिटरिंग सेंटर (सीएमसी) ने जेएलआर साइबर हमले को तीसरे दर्जे की प्रणालीगत घटना के रूप में वर्णित किया है। सीएमसी पांच अंक के पैमाने पर साइबर हमलों को परखती है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **परवीन कुमार पुत्रः** नेत्रपाल **पताः** जी–2/23, साईं एन्क्लेव मोहन गार्डन, दिल्ली, ने **FIR No. 65/2011, U/s 411/34 IPC थानाः रणहोला, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन कुमार,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परवीन कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 65/2011, U/s 411/34 IPC थानाः रणहोला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **परवीन कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
एमएम–08 (पश्चिम), कमरा नंबर 30
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14260/OD/2025
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6025




**बाएँ से दाएं**

1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -6024 का हल



## सूडोकु नवताल- 6035

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SEN ACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल- 6034 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# चैंपियंस लीग के 9 मैच में 43 गोल, पीएसजी और बार्सिलोना की बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर

चैंपियंस लीग में गोल की जबरदस्त बरसात देखने को मिली। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सात, बार्सिलोना ने छह और एर्लिंग हालैंड ने सत्र का अपना 24वां गोल किया। कुल मिलाकर नौ मैच में 43 गोल हुए, जिनमें से छह टीमों ने चार या उससे अधिक गोल किए।

पीएसजी आइंडहोवन ने इतालवी चैंपियन नेपोली को 6-2 से हराया, जबकि आर्सेनल और इंटर मिलान ने भी बड़ी जीत हासिल कर यूरोप के इस सबसे बड़े क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। लेकिन गत विजेता पीएसजी बायर लेवरकुसेन के खिलाफ 7-2 से जीत के बाद शीर्ष पर है। इस मैच में दोनों टीमें पहले हाफ में 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई थीं। पीएसजी कि यह तीन मैच में तीसरी जीत है। बार्सिलोना की 6-1 की ओलंपियाकोस के खिलाफ जीत ने उसे महीने की शुरुआत में पीएसजी से मिली हार से उबरने में मदद की।

### पंजाब एफसी की तरफ से खेलेंगे दानी रामिरेज

*मोहाली। पंजाब एफसी ने 25 अक्टूबर से गोवा में शुरू हो रहे सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले स्पेन के मिडफील्डर दानी रामिरेज फर्नांडीज के साथ अनुबंध करके अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। वह समीर जेल्जकोविच के बाद क्लब के इस सत्र के दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी एक साल के अनुबंध पर पंजाब एफसी की टीम में शामिल हुआ है। रामिरेज इससे पहले तुर्किए की टीएफएफ फर्स्ट लीग में मनीसा एफके के लिए खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'पंजाब एफसी से जुड़ने का फैसला सही दिशा में उठाया गया कदम है। मुझे विश्व भर की कई लीग में खेलने का अनुभव है और मुझे उम्मीद है कि टीम को इसका फायदा मिलेगा।'*





### लोपेज ने मारी अपने कॅरियर की पहले हैट्रिक

*बार्सिलोना की तरफ से फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक बनाई और मार्कस रशफोर्ड ने दो गोल दागे। यह लोपेज के कॅरियर की पहली हैट्रिक थी। लामिने यामल ने भी एक गोल किया। प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया, जिसमें विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। एक अन्य मैच में हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने विलारियल पर 2-0 से जीत हासिल की। हार्वे बार्न्स ने न्यूकैसल की बेनफिका के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए तथा बोरुसिया डॉर्टमंड ने कोपेनहेगन पर 4-2 से जीत हासिल की।*

## खबर संक्षेप



### महिला प्रीमियर लीग के लिए बोलियां आमंत्रित

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निविदा प्रक्रिया के जरिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आधिकारिक साझेदार अधिकार (ओपीआर) हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलिया आमंत्रित की। बीसीसीआई ने कहा कि कोटेशन के लिए अनुरोध (आरएफक्यू) में बोली लगाने और उसके मूल्यांकन से संबंधित नियम और शर्तों की जानकारी दी गई है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'आरएफक्यू 1,00,000 रुपये की गैर-वापसी योग्य फीस और लागू वस्तु एवं सेवा कर की प्राप्ति पर उपलब्ध कराया जाएगा।' इस प्रक्रिया के लिए विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है।

### रग्बी सेवेंस टीम का नेतृत्व करेंगे प्रशांत सिंह

**मुंबई।** प्रशांत सिंह मस्कट में 25 से 26 अक्टूबर तक होने वाली एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी में भारत की 13 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम को तीसरी वरीयता दी गई है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (आईआरएफयू) ने बुधवार को यह घोषणा की। भारत के अलावा इस टूर्नामेंट में अफगानिस्तान, बहरीन, ईरान, इराक, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लेबनान, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब और सीरिया भी भाग लेंगे। भारत को लेबनान और अफ़ग़ानिस्तान के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 25 अक्टूबर को लेबनान के खिलाफ करेगा।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे से शुरू होगा

### दूसरे एक दिवसीय मैच में आलराउंडर्स की कड़ी परीक्षा आज

# एडिलेड के मैदान में कोहली का कमाल रिकॉर्ड, सीरीज बराबर करने उतरेगा भारत

एजेंसी ▸▸| एडिलेड

*भारतीय टीम की आलराउंडरों पर बहुत अधिक निर्भरता की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार 23 अक्टूबर को होने वाले दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में कड़ी परीक्षा होगी। लेकिन एक बार फिर से सभी की निगाहें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके श्रृंखला बराबर करने में अपना योगदान देना चाहेंगे। विदित हो कि एडिलेड के मैदान में विराट कोहली का कमाल का रिकॉर्ड है।*

विराट ने एडिलेड में सभी फॉर्मेट में कुल 12 मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 65 की औसत के साथ 975 रन बनाए हैं। पांच शतक उन्होंने इस मैदान पर लगाए हैं और 141 उनका सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में कोहली ने चार मुकाबले अभी तक एडिलेड में खेले हैं और 61 की औसत व दो शतकों से 244 रन बनाए हैं। उन्होंने 2019 में जब यहां पर भारत-ऑस्ट्रेलिया की टक्कर हुई थी तब भी सैकड़ा लगाया था। वहीं टेस्ट में पांच मैच में 53.70 की औसत से 537 रन बनाए। इस फॉर्मेट में विराट ने तीन शतक एडिलेड में लगाए हैं।

### रोहित का ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ओवरऑल रिकॉर्ड अच्छा

अगर रोहित के एडिलेड में रिकॉर्ड को देखा जाए तो उन्होंने यहां पर छह वनडे खेले हैं, जिनमें 21.83 की औसत से 131 रन ही बना सके हैं। 43 रन उनका यहां पर सर्वोच्च स्कोर है। इस लिहाज से उन्हें यहां पर अभी बड़ी पारी खेलना है। वे पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में आठ रन बना सके थे। रोहित का ऑस्ट्रेलियाई धरती पर वनडे में ओवरऑल रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने यहां पर 31 मैच खेले हैं, जिनमें 51.38 की औसत से 1336 रन बनाए। पांच शतक वे यहां पर लगा चुके हैं। वहीं

### जम्पा और कैरी की वापसी

*एडिलेड ओवल में भी चुनौतियां अलग नहीं होंगी, क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं। आस्ट्रेलियाई ग्रीष्म ऋतु के शुरू होने के साथ ही, देश की नई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन को रिलीज कर दिया है और अनुभवी लेग-ब्रेक गेंदबाज एडम जम्पा वापस आ गए हैं। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी हुई है।*



### खल रही पंड्या की कमी

*हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति हमेशा ही सीमित ओवरों की टीम के संतुलन को प्रभावित करती है और यह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया में स्पष्ट हुआ, जहां उनकी कमी खल रही है। वाशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी के साथ नंबर आठ तक बल्लेबाज रखने का गंभीर का तरीका एक व्यावहारिक विकल्प है या नहीं, यह श्रृंखला समाप्त होने तक स्पष्ट हो जाएगा। कोटक ने कहा, 'हार्दिक जैसे खिलाड़ी का न होना हमेशा बड़ा नुकसान होता है। लेकिन अगर हम सकारात्मक पक्ष देखें तो नीतीश को खेलने का मौका मिल रहा है और हम उसे निखारने की कोशिश कर रहे हैं।'*



### अच्छी लय में कोहली और रोहित: कोटक

रोहित शर्मा और विराट कोहली आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में भले ही अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक उनकी फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि ये सीनियर खिलाड़ी अच्छी लय में हैं और अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत गुरुवार को श्रृंखला का दूसरा मैच खेलेगा। कोटक से जब पर्थ में रोहित के आठ रन और कोहली के शून्य पर आउट होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि रोहित और कोहली की बल्लेबाजी में किसी तरह की कमजोरी है। वे आईपीएल में खेले थे और उनकी तैयारी काफी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि दोनों के पास काफी अनुभव है।' उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया आने से पहले ही उनकी तैयारियां बहुत अच्छी थीं। इसलिए मुझे लगता है कि अभी ऐसा सोचना (उनकी फॉर्म को लेकर चिंता करना) जल्दबाजी होगी।' कोटक ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे दोनों बहुत अच्छी लय में दिख रहे हैं। हर नेट सत्र में उनका अपने खेल के प्रति दृष्टिकोण शानदार रहा है।'

### टीमें इस प्रकार

*भारत: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।*

*ऑस्ट्रेलिया: मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी, कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा।*

### आईसीसी रैंकिंग

# टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर बुमराह, दूसरी पायदान पर नौमान



एजेंसी ▸▸| दुबई

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, ताजा अपडेट के बाद कुछ खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव जरूर देखने को मिला है। टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद बुमराह की बढ़त कम हो गई है। अब पाकिस्तान के नौमान अली उनसे सिर्फ 29 अंक पीछे हैं, जिन्होंने लाहौर में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है। नौमान अली चार पायदान की उछाल के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की 93 रनों की जीत में नौमान ने 10 विकेट हासिल किए थे। उनके साथी शाहीन अफरीदी भी उसी टेस्ट की दूसरी पारी में चार विकेट लेने के बाद तीन पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद सिराज वनडे फॉर्मेट में गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें पायदान पर हैं। इस लिस्ट में अफगानी स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं।

### टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में रूट शीर्ष पर कायम

टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं। पाकिस्तानी बल्लेबाजों में, मोहम्मद रिजवान चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बाबर आजम दो पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच सलमान आगा 8 पायदान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गए। साउथ अफ्रीकी खेमे में, रयान रिकेल्टन ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 71 रन बनाकर पहली बार शीर्ष 50 में जगह बनाई है, जबकि टोनी डी जोरजी के शतक ने उन्हें 54वें स्थान पर पहुंचा दिया है। मिशेल मार्श वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क भी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में क्रमश: 10वें और 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन मिराज वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद 6 पायदान चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### महिला वनडे विश्व कप

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

भाषा ▸▸| इंदौर



हरफनमौला एशले गार्डनर और एनाबेल सदरलैंड ने गेंद से आपस में पांच विकेट साझा करने के बाद बल्ले से 180 रन की आक्रामक अटूट साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड पर महिला वनडे विश्व कप मैच में बुधवार को छह विकेट की आसान जीत दिला दी। स्पिनरों अलाना किंग (20 रन पर एक विकेट), सोफी मोलिनक्स (52 रन पर दो विकेट), गार्डनर (39 रन पर दो विकेट) और मध्यम तेज गेंदबाज सदरलैंड (60 रन पर तीन विकेट) ने इंग्लैंड को टैमी ब्यूमोंट (78) की अर्धशतकीय पारी के बावजूद नौ विकेट पर 244 रन पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए छह ओवर के अंदर 24 रन पर तीन और फिर 68 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे लेकिन सदरलैंड ने संयम से नाबाद 98 रन की पारी खेली जबकि गर्डनर ने 73 गेंद की नाबाद आक्रामक पारी में 104 रन बनाकर टीम को 57 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह टूर्नामेंट में अब तब अजेय रहते हुए तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। लॉरेन बेल (48 रन पर एक विकेट) और लिंसी स्मिथ (43 रन पर दो विकेट) ने छह ओवर के अंदर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल में डाल दिया था लेकिन सात बार के विश्व चैंपियन ने अपनी मजबूत बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए एक बार फिर साबित किया कि टूर्नामेंट में उसके और अन्य टीमों में बड़ा अंतर है।

### चिराग-सात्विक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर, उन्नति हुड्डा जीतीं



**सेसोन-सेवाइन (फ्रांस)।** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की शीर्ष भारतीय जोड़ी बुधवार को यहां इंडोनेशिया के रहमत हिदायत और मुहम्मद रियान अर्दियांतो के खिलाफ राउंड ऑफ 32 पुरुष युगल मैच में हारकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। चिराग और सात्विक की जोड़ी ने यह मुकाबला 18-21, 20-22 से गंवाया। उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन आयुष शेट्टी पुरुष एकल में जापान के कोकी वातानबे से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए। उन्नति ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए महिला एकल के पहले दौर के मैच में मलेशिया की लेत्शाना करुपथेवन को 11-21, 21-13, 21-16 से हराया लेकिन इससे पहले आयुष को जापान के अनुभवी खिलाड़ी वातानबे के खिलाफ कड़े मुकाबले में 19-21, 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के पहले दौर में चीन की हान यू के खिलाफ 15-21, 11-21 से हार गईं जबकि अनमोल खरब को भी दक्षिण कोरिया की आन से यंग के खिलाफ 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 कुश्ती विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नोवी साद (सर्बिया)।** भारतीय ग्रीको रोमन पहलवान विश्वजीत मोरे ने बुधवार को यहां अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में कजाकिस्तान के येरासिल ममायरबेकोव को 5-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। मोरे ने 55 किग्रा वर्ग में पदक जीता। मोरे ने इससे पहले जॉर्जिया के जियोर्जी कोचालिड्जे के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता (9-1) से मुकाबला जीतकर रेपेचेज में अपने मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत की तीन महिला पहलवानों को हालांकि अपने-अपने शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। हन्नी कुमारी (50 किग्रा) यूडब्ल्यूडब्ल्यू ध्वज तले प्रतिस्पर्धा कर रही स्वियातलाना कटेंका के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में पटखनी खाने से हार गईं। कटेंका ने जब भारतीय पहलवान के खिलाफ पिन मूव हासिल किया तो स्कोर 4-6 था। दीक्षा मलिक (72 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं और चीन की युकी लियू से 3-9 से हार गईं। इसके बाद लियू को भी हार का सामना करना पड़ा जिससे इस भारतीय पहलवान के लिए प्रतियोगिता में बने रहने का रास्ता बंद हो गया। प्रिया मलिक (76 किग्रा) को भी क्वालीफिकेशन में हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका की काइली रेनी वेल्कर ने उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से करारी शिकस्त दी। अमेरिकी पहलवान सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं और अगर वह अगला मुकाबला जीत जाती हैं तो प्रिया के लिए रेपेचेज का रास्ता खुल जाएगा। कुणाल हालांकि 60 किग्रा वर्ग में क्वार्टर फाइनल में इजराइल के मेलकामु फेटेने से 2-4 से हारकर बाहर हो गए। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत सर्बिया के रोलैंड वर्गा पर तकनीकी श्रेष्ठता (8-0) से प्रभावशाली जीत के साथ की थी।

# बैडमिंटन एशिया में भारतीय खिलाड़ियों की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▸▸| चेंगदू

भारतीय खिलाड़ियों ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की मजबूत शुरुआत करते हुए प्रतियोगिता के पहले दिन जीत दर्ज की। अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में एसएल दक्षण सुगुमारन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए चीन के ल्यु की टिंग को 18-21 21-14 21-13 से हराया जबकि वजीर सिंह ने शिया जुन लोंग को तीन गेम में 21-18 18-21 21-17 से शिकस्त दी। पुष्कर साई और प्रभु ध्यानी ने राउंड ऑफ 64 मुकाबले में थाईलैंड के खिलाड़ियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की। लड़कियों के एकल वर्ग में अवनी राठौड़ ने यूएई की अनिष्का अनु को 21-4 21-9 से हराया। भारत की अंडर-17 टीम ने भी अच्छी शुरुआत की। पुनीत सुरेश और अदिति दीपक राज तथा जंगजीत सिंह काजला और जन्निका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ियों ने अपने क्रमशः चीन और जापान के प्रतिद्वंद्वियों को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लड़कियों के एकल वर्ग में निश्चल चंद ने लाओस के सोफेक्से सिमानोंग को सीधे गेम में 21-8 21-7 से हराया जबकि हार्दिक दिव्यांश ने जापान के इसेई मात्सुहिता के खिलाफ 21-14 21-14 से जीत दर्ज की।

### चोट के कारण पेरिस मास्टर्स नहीं खेलेंगे नोवाक जोकोविच



**पेरिस।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हट गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। इससे कुछ दिन पहले ही उन्होंने पैर में चोट के कारण एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट में पहले सेट के बाद खेलना बंद कर दिया था। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र में बहुत कम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। उन्होंने चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अलावा केवल आठ एटीपी टूर प्रतियोगिताओं में ही भाग लिया है। जोकोविच इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे।

### महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला आज 3 बजे से

# सेमीफाइनल की राह, न्यूजीलैंड को हराने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

भारतीय टीम पिछले तीन मैच में हार से सबक लेकर गुरुवार 23 अक्टूबर को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल जैसे मुकाबले में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम यदि डीवाई पाटिल स्टेडियम के अपने चिर परिचित विकेट पर न्यूजीलैंड की टीम को हरा देती है तो वह सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी टीम बन जाएगी। लेकिन अगर वह पिछले तीन मैच की तरह गलतियां करती है तो फिर वह अगर मगर के भंवर में फंस जाएगी।



### बिगड़ गए भारतीय टीम के समीकरण

यदि भारत न्यूजीलैंड से हार जाता है, तो उसे सेमी फाइनल में जगह बनाने के लिए इंग्लैंड की न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में जीत के लिए दुआ करनी होगी और फिर बांग्लादेश के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में भी जीत हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। भारत भी सेमीफाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार था लेकिन लगातार तीन मैच में हार का सामना करने के कारण उसके समीकरण बिगड़ गए हैं।

### भारत की गेंदबाजी में कमजोरी हुई उजागर

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने भारत की गेंदबाजी में कमजोरी को खुलकर उजागर किया लेकिन उसे सबसे बड़ा झटका इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ लगा, जहां उसे एक समय 54 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी लेकिन वह लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रहा। भारत की समस्या छठे गेंदबाजी विकल्प तक ही सीमित नहीं है। उसकी टीम घरेलू धरती पर खेलने के दबाव से निपटने के लिए भी संघर्ष कर रही है।



### टीमें इस प्रकार

*भारत: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव और उमा छेत्री।*

*न्यूजीलैंड: सोफी डिवाइन (कप्तान), इसाबेला गेज (विकेट कीपर), मैडी ग्रीन, पॉली इंगलिस (विकेट कीपर), बेला जेम्स, जॉर्जिया प्लिमर, सूजी बेट्स, ब्रुक हॉलिडे, अमेलिया केर, ईडन कार्सन, ब्री इलिंग, जेस केर, रोजमेरी मैयर, हन्ना रोवे और ली ताहुहु।*




## खबर संक्षेप

### गैसोलीन से भरे ट्रक में विस्फोट, 31 की मौत



**अबूजा।** नाइजारिया में मंगलवार को गैसोलीन से भरे एक टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता वसीउ आबिदीन ने एक बयान में कहा कि नाइजर राज्य के बिदा क्षेत्र में ट्रक के पलट जाने के बाद विस्फोट हुआ और स्थानीय निवासी फैलते ईंधन को इकट्ठा करने के लिए घटनास्थल की ओर दौड़े। विस्फोट में 17 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। चालक, टैंकर के मालिक की पहचान और दुर्घटना के कारण का पता लगाने की जांच जारी है।

### इथियोपिया में ट्रेन की टक्कर में 14 की मौत



**अदीस अबाबा।** पूर्वी इथियोपिया के एक सुदूर इलाके में एक ट्रेन के एक अन्य ट्रेन से टकरा जाने से कम 14 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना सोमवार रात को दिरे दावा शहर के निकट उस समय हुई जब ट्रेन व्यापारियों और उनके सामान को लेकर जिबूती सीमा के निकट देवाले शहर से वापस आ रही थी। दिरे दावा के मेयर इब्राहिम उस्मान ने मंगलवार को फेसबुक पर एक बयान में दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया तथा मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस तुरंत उपलब्ध न होने के कारण हताहतों की मदद में देरी हुई। घायलों को स्थानीय लोगों ने डिब्बों से बाहर निकाला।

## 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक के पीएनबी घोटाले का होगा पर्दाफाश...

# मामले से जुड़े मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी की बढ़ेंगी मुश्किलें, होगा बेल्जियम से भारत प्रत्यर्पण

*अदालत बोली, भारत में प्रत्यर्पण से चोकसी को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं*

*फैसले के खिलाफ चोकसी के पास बेल्जियम के सुप्रीम कोर्ट जाने का विकल्प*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं...जब 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के मुख्य आरोपी और भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का बेल्जियम से भारत प्रत्यर्पण किया जाएगा। विदेशी अदालत ने इसके लिए अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इस पूरे अदालती प्रकरण में हालांकि भारत की तरफ से अदालत के समक्ष रखी गईं मुंबई की आर्थर रोड जेल की पहली आधिकारिक तस्वीरों ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

एंटवर्प में एक अपील न्यायालय की चार सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में कहा कि एंटवर्प की जिला अदालत द्वारा पिछले साल 29 नवंबर 2024 को सुनाए गए चोकसी के भारत प्रत्यर्पण के निर्णय में कोई खामी नहीं है। साथ ही भारत में प्रत्यर्पण के बाद उसके खिलाफ निष्पक्ष सुनवाई को लेकर भी कोई जोखिम की स्थिति नहीं है। सुनवाई के दौरान मेहुल चोकसी भारत में यातना और किसी भी प्रकार के गलत व्यवहार के गंभीर जोखिम का सामना करने के अपने दावे को साबित करने में असफल रहा है। जिसके बाद उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी गई है। ज्ञात हो कि चोकसी और उसके भांजे नीरव मोदी ने पीएनबी के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया था। 2018 में मामले का खुलासा होने से ठीक पहले दोनों देश छोड़कर भाग खड़े हुए थे। मेहुल को भारत लाया जाएगा। जबकि नीरव मोदी फिलहाल लंदन की एक जेल में बंद है और भारत प्रत्यर्पण की कार्यवाही का सामना कर रहा है।



### बैरक नंबर 12 में चोकसी को रखा जाएगा

जो तस्वीरें भारत ने बेल्जियम की अदालत में पेश की। उनमें से एक आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 से जुड़ी हुई है। जिसमें भारत प्रत्यर्पण के बाद चोकसी को रखा जा सकता है। उधर, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बैरक की इस फोटो से पता चलता है कि इसका आकार 46 स्क्वायर मीटर का है, जिसमें दो सेल के साथ मूलभूत सुविधाएं और निजी शौचालय भी हैं। ये तस्वीरें मामले को लेकर भारत का मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को लेकर बेल्जियम को दिया गया आधिकारिक जवाब है। चोकसी ने पूर्व में ये दावा किया था कि भारत की जेल असुरक्षित होने के साथ ही उनमें कैदियों की भी भरमार है। इसके अलावा उसका अदालत के सामने दिया गया एक तर्क ये भी था कि उसे भारतीय एजेंसियों द्वारा एंटीगुआ और बारबुडा से अपहरण कर बेल्जियम लाकर प्रताड़ित किया गया था। भारत में उसने राजनीतिक प्रताड़ना का भी खतरा जताया था। अदालत ने चोकसी की एक भी नहीं सुनी और उसके द्वारा रखे गए तमाम दावों को न केवल सिरे से खारिज कर दिया। बल्कि ये भी कहा उसके द्वारा प्रस्तुत किया गया दस्तावेजी प्रमाण भी अधूरा है। पूर्व में भी भारत की तरफ से भगोड़े हीरा कारोबारी की सुरक्षा, मामले की सुनवाई, जेल की व्यवस्था, मानवाधिकार और चिकित्सा जरूरतों को लेकर बेल्जियम को आश्वासन दिया जा चुका है।

### शीर्ष अदालत जाने का विकल्प खुला

अधिकारियों का कहना है कि बेल्जियम की अदालत का यह निर्णय एक प्रकार से भारत की चोकसी की प्रत्यर्पण की कवायद को मजबूती प्रदान करता है। वहीं, मेहुल चोकसी के पास इसके खिलाफ बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का विकल्प अभी भी खुला हुआ है। पूर्व में एंटवर्प की जिला अदालत ने अपने फैसले में मुंबई की विशेष अदालत द्वारा मई 2028 और जून 2021 में मेहुल के खिलाफ जारी किए गए गिरफ्तारी के उस वारंट का उल्लेख किया था। जिसके क्रियान्वयन के साथ ही प्रत्यर्पण को अदालती स्वीकृति प्रदान की गई थी।

### भारत से भागे हो गए सात साल

मामले को लेकर भारत में केंद्रीय जांच एवं अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक चार्जशीट भी फाइल की हुई है। 13 हजार करोड़ से अधिक के इस घोटाले में से अकेले 6 हजार 400 करोड़ रुपए चोकसी ने निकाले थे। सात साल पहले यानी वर्ष 2018 में घोटाले के उजागर होने से कुछ दिन पहले ही वो एंटीगुआ और बारबुडा भागने में कामयाब रहा। वर्तमान में चोकसी को बेल्जियम में देखा गया जहां वो किसी इलाज के सिलसिले में पहुंचा था। भारत ने बेल्जियम को 27 अगस्त 2024 को मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। जो मुंबई की विशेष अदालत द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट पर आधारित था।

## एनएचआरसी ने केरल, मणिपुर और त्रिपुरा में तीन पत्रकारों पर हुए कथित हमलों का लिया स्वतः संज्ञान

**एनएचआरसी ने तीनों राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी किया, दो सप्ताह में मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 30 अगस्त, 2025 को केरल और मणिपुर तथा 21 सितंबर, 2025 को त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर तीन पत्रकारों पर हुए हमले के बारे में मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने तीनों मामलों में तीनों राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कथित तौर पर, त्रिपुरा में एक पत्रकार पर कुछ बदमाशों ने लाठियों और धारदार हथियारों से उस समय हमला किया जब वह पश्चिमी त्रिपुरा के हेज़ामारा इलाके में एक राजनीतिक दल के वस्त्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हो रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल भी चोरी कर ली गई। मणिपुर में सेनापथी ज़िले के लाई गांव में एक पुष्प उत्सव की कवरेज के दौरान एक पत्रकार पर हमला किया गया। उन्हें एयर गन से दो बार गोली मारी गई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। केरल में, थौदुपुझा के पास मंगट्टुकवाला पहुंचने पर एक पत्रकार पर लोगों के एक समूह ने हमला किया। वह एक शादी समारोह से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि तीनों ही मामलों में पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस ने मामले दर्ज कर लिए हैं।

## असम राइफल्स के सटीक अभियानों ने पूर्वोत्तर में तोड़ी उग्रवादियों की कमर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से पूर्वोत्तर में सक्रिय उग्रवादी गुटों के सुरक्षा बलों पर लगातार बढ़ते प्राणघातक हमलों का असम राइफल्स ने करारा जवाब दिया है। जिसका नतीज़ा यह हुआ है कि क्षेत्र में उल्फा और एनएससीएन (के, वाईए) जैसे गुटों के हौसले टूटे हैं। सेना के पैदल दस्ते के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि इलाके में व्यापक योजना, सक्रिय तैनाती और प्रभावी खुफिया जानकारी व ड्रोन की मदद से चलाए गए सुरक्षा बलों के अभियानों की वजह से उन्हें यह जरूरी सफलता हाथ लगी है। यह सैन्य अभियान न केवल क्षेत्र में उग्रवादी संगठनों के हमलावर डिजाइन को तोड़ने में सहायक साबित हुए हैं।

वहीं, इनसे घबराकर उग्रवादी अपने संगठनों को छोड़कर भाग रहे हैं, उनके नेटवर्क ध्वस्त हो रहे हैं और नेतृत्व पर भी भारी दबाव है। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने कहा कि असम राइफल्स पूर्वोत्तर में शांति और स्थिरता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**बोले रक्षा मंत्री, नीरज दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण**

## नीरज चोपड़ा को प्रदान किया गया टीए में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भाला फेंकने वाले देश के स्टार ओलंपिक पद विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना (टीए) में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का चमचमाता हुआ औपचारिक प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। इस दौरान सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और टीए के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस अवसर पर नीरज के परिवार के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री ने उन्हें दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया। साथ ही कहा कि वो अनुशासन, समर्पण, राष्ट्रीय गौरव के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक और खेल जगत व सशस्त्र बलों दोनों के लिए भावी पीढ़ियों के प्रेरणास्त्रोत हैं।

### 2016 में सेना में हुए थे भर्ती

मंत्रालय ने कहा कि नीरज वर्ष 2016 में सेना में भर्ती हुए थे और उन्होंने बल की राजपूताना राइफल्स में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और राष्ट्र के लिए अनुकरणीय सेवा को मान्यता देते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा को इसी वर्ष 16 अप्रैल 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रादेशिक सेना में मानद कमीशन प्रदान किया गया था। इससे पहले उन्हें पद्मश्री, मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, परम विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

### हरियाणा की शान हैं नीरज

नीरज चोपड़ा का जन्म हरियाणा के पानीपत जिले के खंडरा गांव में 24 दिसंबर 1997 को हुआ था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से राष्ट्र और सशस्त्र बलों का गौरव बढ़ाया है। भाला फेंकने वाले इस स्टार खिलाड़ी ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रचा। जबकि 2024 में पेरिस ओलंपिक में रजत पदक और उससे पूर्व में 2023 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखा। उन्होंने एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और डायमंड लीग स्पर्धाओं में कई पदक जीते हैं।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर उठाया भारत-रूस तेल आयात का मुद्दा, कांग्रेस ने माँगी सफ़ाई

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत द्वारा रूस से किए जा रहे तेल आयात को लेकर सवाल उठाए हैं। बीते पाँच दिनों में यह तीसरी बार है जब उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस मुद्दे पर बयान दिया है। ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस विषय पर बात की है और भारत ने रूस से तेल आयात बंद करने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस पार्टी ने इस मसले को लपक कर केंद्र से सफ़ाई माँगी है।

ट्रंप ने अपने नवीनतम बयान में कहा कि, "मेरी अपने अच्छे मित्र प्रधानमंत्री मोदी से इस मुद्दे पर बातचीत हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि भारत जल्द ही रूस से तेल खरीदना बंद करेगा।" अमेरिकी राष्ट्रपति इस सप्ताह बुडापेस्ट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने वाले हैं, और माना जा रहा है कि यह बयान उनकी उसी मुलाक़ात से पहले दबाव की रणनीति का हिस्सा है। हालाँकि, विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को लेक. हैरानी जताई है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि उन्हें ऐसी किसी बातचीत की जानकारी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने पहले ही स्पष्ट किया है कि भारत की ऊर्जा नीति पूरी तरह उसके राष्ट्रीय हितों पर आधारित है और किसी बाहरी दबाव में नहीं बदली जाएगी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न देशों से तेल आयात करता है, और रूस से आयात उसके समग्र ऊर्जा स्त्रोतों का एक हिस्सा मात्र है। ट्रंप के बार-बार दिए जा रहे बयानों से यह स्पष्ट है कि अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीद कम करने के लिए निरंतर दबाव बना रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह रुख उनके आगामी पुतिन से मुलाकात से पहले एक राजनीतिक संदेश भी हो सकता है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने बीते पाँच दिनों में तीसरी बार यह मुद्दा उठाया है और लगता है कि आने वाले दिनों में वह इसे और अधिक बार दोहराएँगे। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बार-बार इस विषय को उठाया जाना भारत की विदेश नीति के लिए एक संवेदनशील स्थिति पैदा कर सकता है। ट्रंप के इस बयान ने भारत-अमेरिका संबंधों में नई हलचल पैदा कर दी है। अब यह देखना होगा कि मोदी सरकार इस पर क्या आधिकारिक रुख अपनाती है और क्या वाकई राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच ऐसी कोई बातचीत हुई थी, जैसा कि ट्रंप दावा कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मुद्दे को लपक कर इसे सियासी रंग देने की जुगत में है।

### ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मनाई दिवाली, दी शुभकामनाएं



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दिवाली मनाई। उन्होंने भारत सहित दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन कर दिवाली की बधाई भी दी। कार्यक्रम में ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें महान व्यक्ति और बेहतरीन दोस्त बताया। कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा, कुछ ही देर में हम दीया जलाएंगे, जो अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि हमें हमेशा ज्ञान का मार्ग अपनाना चाहिए, मेहनत से काम करना चाहिए। इस समारोह में ट्रंप प्रशासन के एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गाबार्ड, व्हाइट हाउस के डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी कुश देसाई, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा शामिल थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109